शेयर बाजार
सेंसेक्स 77,369.11 -171.72 (-0.22%)
निफ्टी 24,219.05 -32.95 (-0.14%)
सर्राफा बाजार प्रति 10 ग्राम 24 carat
सोना 1,59,390.00
चांदी 2750.00

सूर्योदय प्रातः 5:28 | सूर्यास्त संध्या 6:14 | पखवाड़ा श्रावण शु. द्वादशी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 27° न्यूनतम 24°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि
रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, मंगलवार, 25 अगस्त 2026, वर्ष : 17, अंक : 191, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


## झारखंड राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण की प्रथम बैठक में कई महत्त्वपूर्ण एजेंडों पर हुआ विचार-विमर्श

# वेटलैंड संरक्षण को मिलेगी नयी दिशा : हेमन्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को झारखंड मंत्रालय में झारखंड राज्य आर्द्रभूमि (वेटलैंड) प्राधिकरण की बैठक हुई। इसमें राज्य के वेटलैंड क्षेत्रों के संरक्षण, सीमांकन और बेहतर प्रबंधन को लेकर कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिये गये। मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप राज्य में अवस्थित आर्द्रभूमि (वेटलैंड) को चिह्नित करने, उनका गहन अध्ययन एवं व्यवस्थित दस्तावेजीकरण कराने तथा डिमार्केशन के बाद नोटिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिये। उन्होंने राज्य की सभी आर्द्रभूमि की सूची तैयार करने एवं उसका नियमित अद्यतन, आर्द्रभूमि का डेटाबेस विकसित तथा संधारित करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सम्भावित वेटलैंड की पहचान से लेकर सत्यापन, डिमार्केशन, नोटिफिकेशन, दस्तावेजीकरण और मैनेजमेंट प्लान तक की प्रक्रिया राज्य के प्राकृतिक जल क्षेत्रों को संरक्षित करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वेटलैंड जल क्षेत्र के साथ-साथ राज्य की जैव विविधता, पर्यावरणीय संतुलन और स्थानीय पारिस्थितिकी के महत्त्वपूर्ण आधार हैं। इनके संरक्षण के लिए गहन अध्ययन और उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर प्रभावी मैनेजमेंट प्लान तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने वेटलैंड की वर्तमान स्थिति, जल स्रोत, आसपास की गतिविधियों तथा समय के साथ हुए बदलावों का व्यवस्थित रिकॉर्ड तैयार करने पर बल दिया।

बैठक में राज्य के पर्यावरण, जल स्रोतों और जैव विविधता के संरक्षण को लेकर कई महत्त्वपूर्ण एवं दूरगामी निर्णय लिये गये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य की सभी प्रमुख आर्द्रभूमियों (wetlands) के संरक्षण, सीमांकन और उनके वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। इस उच्चस्तरीय बैठक में राज्य के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, जल संसाधन विभाग, नगर विकास विभाग तथा भूमि राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। ● शेष पृष्ठ 11 पर



### सीएम ने कहा

- आर्द्रभूमियों का संरक्षण राज्य सरकार की प्राथमिकता
- वेटलैंड राज्य की जैव विविधता एवं पर्यावरणीय संतुलन का महत्त्वपूर्ण आधार
- वेटलैंड क्षेत्रों के संरक्षण, सीमांकन और बेहतर प्रबंधन आवश्यक

### झारखंड में 2119 सम्भावित वेटलैंड की सूची हुई प्राप्त

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि इसरो से प्राप्त एटलस के आधार पर झारखंड में 2119 सम्भावित वेटलैंड की सूची प्राप्त हुई है। अब इन सम्भावित स्थलों का जिला स्तरीय आर्द्रभूमि समितियों द्वारा भौतिक एवं तथ्यात्मक सत्यापन किया जायेगा। साथ ही, आर्द्रभूमि नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने, अतिक्रमण की रोकथाम, गतिविधियों का विनियमन तथा राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा। इसके बाद राज्य स्तरीय कमेटी द्वारा वेटलैंड की पहचान एवं सीमांकन की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जायेगा। बैठक में स्पष्ट किया गया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए चिह्नित वेटलैंड का डिमार्केशन कर नोटिफिकेशन किया जायेगा। साथ ही, प्रत्येक महत्त्वपूर्ण वेटलैंड के संरक्षण एवं प्रबंधन के लिए आवश्यकतानुसार मैनेजमेंट प्लान तैयार करने के निर्देश दिये।

## झारखंड प्रतिकरात्मक वनरोपण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण-राज्य प्राधिकरण की शासी निकाय की पहली बैठक सम्पन्न

# मानव एवं वन्यजीव संघर्ष को समाप्त करने का इफेक्टिव प्लान तैयार करें : मुख्यमंत्री

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को झारखंड प्रतिकरात्मक वनरोपण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (CAMPA)-राज्य प्राधिकरण की शासी निकाय (GOVERNING BODY) की पहली बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री एवं अधिकारियों के बीच राज्य में प्रतिपूरक वनीकरण, वन संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन तथा वन क्षेत्रों के विकास से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की गयी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को कैम्पा मद से संचालित सभी योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन निर्धारित मानकों के अनुरूप और पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं का लाभ केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका प्रत्यक्ष सकारात्मक प्रभाव वन क्षेत्रों, ग्रामीण आबादी और स्थानीय समुदायों के जीवन में दिखाई देनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय लोगों की आजीविका और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। वन क्षेत्रों में पौधरोपण एवं उसके संरक्षण, जल संरक्षण, मृदा संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण तथा पर्यावरणीय पुनर्स्थापन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाये। ● शेष पृष्ठ 11 पर



- बैठक में कई महत्त्वपूर्ण एजेंडों पर हुआ विचार-विमर्श
- मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिये कई अहम दिशा-निर्देश
- मुख्यमंत्री एवं अधिकारियों के बीच राज्य में प्रतिपूरक वनीकरण, वन संरक्षण, एलिफेंट कॉरिडोर की स्थिति, पर्यावरणीय संतुलन तथा वन क्षेत्रों के विकास से सम्बन्धित योजनाओं की अद्यतन कार्य प्रगति की हुई उच्चस्तरीय समीक्षा

### सीएम ने कहा

- राज्य के भीतर सभी हाथी कॉरिडोर की सूक्ष्मता के साथ हो मैपिंग
- एलीफेंट पैसेज की करें विशेष व्यवस्था
- मृदा-सह-जल संरक्षण पर दें विशेष बल
- वनरोपण के तहत औषधीय पौधे लगाये जायें

## एक झलक

### छह देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति मुर्मु को सौंपे अपने परिचय पत्र

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में छह देशों के राजदूतों और उच्चायुक्त के परिचय-पत्र स्वीकार किये। इनमें दक्षिण सूडान, संयुक्त अरब अमीरात, नाइजीरिया, मोल्दोवा, जर्मनी और स्वीडन के राजनयिक शामिल हैं। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में दक्षिण सूडान की राजदूत सिटोना अब्दुल्ला उस्मान, संयुक्त अरब अमीरात के राजदूत अब्दुल्ला सैफ अली स्लेयेम अल नुआइमी, नाइजीरिया के उच्चायुक्त मुहम्मद सैदु दाहिरू और मोल्दोवा की राजदूत इंगा इओनेसिई ने राष्ट्रपति को अपने-अपने परिचय-पत्र प्रस्तुत किये।

### उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे मुख्य चुनाव आयुक्त

**लखनऊ :** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार उत्तर प्रदेश के अपने दो दिवसीय दौरे पर सोमवार सुबह लखनऊ पहुंचे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त सोमवार और मंगलवार यहां राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ही जेन-जी से संवाद करेंगे। उत्तर प्रदेश के विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए आयोजित होनेवाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। उप्र की राजधानी लखनऊ पहुंचने पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'लखनऊ मेरी तपोभूमि रही है, यहां मेरी शिक्षा भी हुई।

## चंडीगढ़ में बब्बर खालसा के तीन आतंकी गिरफ्तार, विस्फोटक सामग्री बरामद

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ के सेक्टर-43 स्थित बस अड्डे के निकट से रविवार को आईईडी युक्त टिफिन बम मिलने के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बब्बर खालसा के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो पंजाब के तरनतारन जिला तथा एक अमृतसर का रहनेवाला है। ये तीनों पाकिस्तान में बैठे खालिस्तानी आतंकी सतनाम सत्ता उर्फ नौ शेरा के सम्पर्क में थे। उसी के इशारे पर चंडीगढ़ में बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे।

चंडीगढ़ पुलिस ने रविवार को आईएसबीटी-43 के पीछे जंगल क्षेत्र में जमीन में दबाकर रखा गया एक आईईडी टिफिन बरामद किया था। इसके बाद पुलिस की अलग-अलग टीमों ने रातभर सर्च ऑपरेशन चला कर करीब 5 किलो जिलेटिन की छड़ें, एक डेटोनेटर, पावर सोर्स, रिमोट कंट्रोल सिस्टम, एक पिस्तौल, मैगजीन और पांच जिंदा कारतूस बरामद किये। पुलिस को आशंका है कि चंडीगढ़ में किसी बड़े ठिकाने को निशाना बनाया जाना था।

## एसीएफ-एफआरओ 2024 नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने के आदेश पर रोक से हाई कोर्ट का इनकार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार की ओर से नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने सम्बन्धी जारी अधिसूचना को चुनौती देनेवाली दो अलग-अलग याचिकाओं पर सोमवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने असिस्टेंट कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट (एसीएफ)-2024 और फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर (एफआरओ)-2024 की नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने के सरकार के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।




सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अदालत को बताया गया कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी)-सीजीएल, 11वीं से 13वीं जेपीएससी और सीडीपीओ नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने के सरकार के आदेश पर उच्च न्यायालय पहले ही रोक लगा चुका है। प्रार्थियों ने इसी आधार पर एसीएफ और एफआरओ नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने के आदेश पर भी रोक लगाने का आग्रह किया। उन्होंने आशंका जतायी कि सरकार इन पदों पर नयी नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी कर सकती है। इस पर अदालत ने कहा कि यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो प्रार्थी अदालत में हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल कर सकते हैं। अदालत ने मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## बालाघाट में 22 आदिवासी बच्चों की मौत पर विक्रांत भूरिया ने सरकार को घेरा

- जांच और हॉस्टलों के सेफ्टी ऑडिट की मांग

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने मध्य प्रदेश के बालाघाट में कुपोषण और बीमारियों से 22 आदिवासी बच्चों की मौत और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में छात्रावास में सांप के काटने से तीन आदिवासी बच्चियों की मौत के लिए सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने दोनों मामलों की जांच के लिए विशेष कमेटी गठित करने, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और सभी आदिवासी छात्रावासों का सुरक्षा ऑडिट कराने की मांग की।

भूरिया ने सोमवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि बालाघाट में जिन 22 बच्चों की मौत हुई है, वे बैगा आदिवासी समुदाय से थे। उन्होंने दावा किया कि सम्बन्धित क्षेत्र में पिछले छह महीने से घर पहुंचने वाला पोषण आहार बंद है और सबसे नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र करीब 20 किलोमीटर दूर है।

## नीति आयोग बेरोजगारी रिपोर्ट पर कांग्रेस हमलावर, प्रियंका बोलीं

# 40 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव और केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने नीति आयोग की रोजगार रिपोर्ट पर केन्द्र सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी दर पिछले 40 वर्षों में सबसे अधिक है। युवाओं में असंतोष और निराशा साफ दिखाई दे रही है, जिसका उदाहरण हाल के छात्र आन्दोलनों में देखा गया। सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए। प्रियंका ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि विनिर्माण क्षेत्र और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर कोई जोर नहीं दिया गया। कुछ निगमित छोटे कारोबारियों और कृषि क्षेत्र को भी नुकसान पहुंचा रही हैं। कांग्रेस लगातार इस मुद्दे को उठाती रही है।



प्रियंका ने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में शिक्षा व्यवस्था विफल रही है और रोजगार सृजन पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। सरकार को इसपर जवाब देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि नीति आयोग की 'रीइमेजिनिंग स्किलिंग फॉर विकसित भारत 2047' शीर्षक वाली रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के अनुमानित 8.7 करोड़ युवा नीट (नॉट इन एजुकेशन, एम्प्लॉयमेंट या ट्रेनिंग) श्रेणी ● शेष पृष्ठ 11 पर

## गोलीबारी में सीआरपीएफ जवान घायल

**इंफाल :** मणिपुर के सेनापति जिले के तापहोऊ इलाके में सोमवार को दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी की घटना में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान घायल हो गया, जबकि कम से कम दो घर जला दिये गये। इस घटना से नागा और कुकी समुदायों के बीच तनाव बढ़ गया है। आग की घटना सुबह करीब 4:30 बजे हुई। हथियारबंद लोगों ने कथित तौर पर घरों को निशाना बना कर आग लगायी, जिससे स्थानीय लोगों में चिन्ता बढ़ गयी है।

## पुतिन के भारत दौरे से हिला भू-राजनीतिक समीकरण

# मोदी के लिए रक्षा का बड़ा तोहफा!

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** नयी दिल्ली पर इस समय पूरी दुनिया की नजरें टिकी हैं, क्योंकि बहुत जल्द रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन फिर भारत आ रहे हैं। इस खबर ने वैश्विक राजनीति में भूचाल ला दिया है, जिसकी गूंज वाशिंगटन और बीजिंग तक सुनाई दे रही है। दरअसल, 12 से 13 सितम्बर को दिल्ली में ब्रिक्स का बड़ा सम्मेलन होने वाला है, जिसमें पुतिन खुद हिस्सा लेने पहुंच रहे हैं। यह महामंच वैश्विक शक्ति संतुलन को बदलने की क्षमता रखता है।



पुतिन के दौरे पर भारत और रूस के बीच दो बहुत बड़े रक्षा सौदों पर मुहर लगने की उम्मीद है, जो दुश्मनों के होश उड़ाने के लिए काफी होगा। रूस भारत के सामने एक महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव रखनेवाला है, जिसके तहत भारतीय वायु सेना के 100 से अधिक सुखोई-30 फाइटर जेट्स को आधुनिक सुपर सुखोई में ● शेष पृष्ठ 11 पर

## कार्टून कोना




# फर्जी आईटीसी मामले में ईडी का छापा, 1.1 करोड़ नकद, डिजिटल साक्ष्य बरामद

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लखनऊ जोनल ऑफिस ने सोमवार सुबह मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद और हरियाणा के फरीदाबाद में नौ ठिकानों पर छापेमारी में न्यू राणा हाउस (मुजफ्फरनगर) और सुधा स्टील (गाजियाबाद) से 1.1 करोड़ रुपये से अधिक नकद बरामद किया। साथ ही, एजेंसी ने इस छापेमारी में कई डिजिटल उपकरण, दस्तावेज और रजिस्टर भी जब्त किये। ईडी ने बताया कि यह कार्रवाई जंबूद्वीप एक्सपोर्ट्स एंड इम्पोर्ट्स लिमिटेड से जुड़े फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) मामले में की गयी। जांच में सामने आया है कि कम्पनी ने फर्जी चालान और ई-वे बिल के जरिये बिना माल की वास्तविक आवाजाही के आईटीसी का निर्माण और पासिंग किया। इसमें व्यापक सर्कुलर लेनदेन, तेजी से फंड्स की लेयरिंग और नकद निकासी शामिल रही। जीएसटी अधिकारियों ने 9.63 करोड़ रुपये का फर्जी आईटीसी लेने और 10.28 करोड़ रुपये का आईटीसी पास करने की पुष्टि की है, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हुआ। ईडी की तलाशी का उद्देश्य अपराध से प्राप्त धन का पता लगाना, अन्य लाभार्थियों की पहचान करना और नेटवर्क से जुड़े सबूत जुटाना था।



## ईडी ने डिजिटल अरेस्ट ठगी मामले में गोवा से दो लोगों को किया गिरफ्तार

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गोवा में डिजिटल अरेस्ट के जरिए हुई साइबर ठगी की रकम को हवाला और विदेशी मुद्रा में बदलने वाले नेटवर्क से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने फहीम मोइन हुसैन सैयद और नईम मुईन सैय्यद को रविवार को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया। दोनों को गोवा की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया।

ईडी ने बताया कि यह कार्रवाई उत्तरी गोवा साइबर अपराध थाने में 09 जून 2025 को दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की गयी जांच का हिस्सा है। मामले में गोवा की एक महिला को डिजिटल अरेस्ट के नाम पर डरा कर 21 मई से 02 जून 2025 के बीच 2.60 करोड़ रुपये से अधिक की रकम कथित तौर पर 'गुप्त निगरानी खाते' में जमा करायी गयी थी। जांच में सामने आया कि ठगी की रकम सीधे ठगों तक सीमित नहीं रही, बल्कि एक संगठित नेटवर्क के जरिये पहले नकदी और फिर विदेशी मुद्रा में बदली गयी। इसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक से लाइसेंस प्राप्त पूर्ण मुद्रा परिवर्तक कम्पनियों का इस्तेमाल किया गया। ईडी ने बताया कि पीड़िता की रकम कुछ ही घंटों में निष्क्रिय और नये खोले गए खातों की पहली परत से होते हुए 400 से अधिक लाभार्थी खातों में बांट दी गयी। जांच का तार वस्तु कारोबार, व्यापार, यात्रा और विदेशी मुद्रा से जुड़ी कई संस्थाओं के नेटवर्क तक पहुंचा। इन संस्थाओं ने मिल कर 27,850 करोड़ रुपये से अधिक के बैंकिंग लेनदेन किये। इनमें करीब 2,904 करोड़ रुपये नकद जमा किये गये। इनमें से लगभग 584.70 करोड़ रुपये 61,448 बल्क नोट स्वीकार करने वाली मशीनों के जरिए अलग-अलग स्थानों पर जमा किये गये।





## एक झलक

### आकाशीय पिंड को देखने के साथ खगोलीय घटनाओं पर हुई चर्चा



**ओरमांझी** : राजकीय उच्च विद्यालय +2 कांके, रांची में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर बच्चों और शिक्षकों ने टेलीस्कोप के माध्यम से आकाशीय पिंड को देखने के साथ खगोलीय घटनाओं पर चर्चा किया। अंतरिक्ष से जुड़ी विभिन्न घटनाओं का समझने और तथ्यों की जानकारी हेतु छात्रों को मूवी व डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई तथा क्विज प्रतियोगिता भी कराई गई। छात्रों द्वारा कई मॉडल भी बनाए गए। क्विज व मॉडलमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में भारती एयरटेल फाउंडेशन के ओर से विकास रंजन तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुर्बान अंसारी, संतोष कुमार, दीप्ति कैंड़ो, सुधाकर कुमार उपस्थित थे।

### जनता जागृति विकास केन्द्र की ओर से एक दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण सम्पन्न



**रांची** : रांची जिला के कांके होवर स्थित जनता जागृति विकास केंद्र द्वारा नव-निर्मित अस्पताल में एकदिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष अजय नारायण प्रसाद की अध्यक्षता में संचालित इस कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल प्रभारी महावीर महतो ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहभागीगणों ने स्लोगन गाकर किया: रसमुहों तक सेवाएं पहुँचाना, रोजगार से लोगों को जोड़ना और संस्था का विस्तार करना। प्रशिक्षण सत्रों में सामुदायिक जागरूकता, स्वास्थ्य सेवाओं का समन्वय तथा रोजगार सृजन पर व्यावहारिक दिशा-निर्देश दिए गए। समापन अवसर पर दीवानी प्रजापति ने संबोधन किया। उपाध्यक्ष गीता देवी, सचीव जितेंद्र सोरेन, जिला अध्यक्ष सुनीता देवी,सेवा केंद्र प्रभारी निर्मला देवी, राज कुमार महतो व कुलेश्वर महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजन को स्थानीय स्तर पर सकारात्मक प्रतिसाद प्राप्त हुआ और आगे भी इसी प्रकार के प्रशिक्षण जारी रखने का संकल्प लिया गया।

### श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का किया गया भोग अर्पित

**रांची** : श्री श्याम मण्डल, रांची द्वारा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में खाटू नरेश श्याम बाबा को द्वादशी के पावन अवसर पर संध्या 6:30 बजे से रात्रि 9 बजे तक श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया। आज के भोग के मुख्य यजमान सुशीला देवी पसारी ने अपने पूरे परिवार के साथ श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किए। सर्व प्रथम मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं पसारी परिवार के आनंद कुमार पसारी, श्रुति पसारी, निकिता बाजोरिया, अजय बाजोरिया, नितिन पसारी, जूलियन नील पसारी, वंशीता पसारी, आदित्य विकार पसारी द्वारा गणेश पूजन कर मन्दिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमे का भोग अर्पित किया। इस अवसर पर पूरा मन्दिर परिसर हारे के सहारे की जय-लखदातार की जय जयकारों के गूंज उठा। द्वाशी के दिन श्री श्याम प्रभु का प्रिय भोग खीर चूरमा को लेने भक्तगण कतारबद्ध होकर प्राप्त कर रहे थे साथ ही श्री श्याम मण्डल के कार्यकर्ता आए हुए भक्तजनों को शुद्ध पिय जल का वितरण कर रहे थे तथा उनके चरण पादुका को रखने की उत्तम व्यवस्था बना हुआ था। आज के खीर चूरमा का भोग श्री श्याम मन्दिर में ही निर्मित किया गया तथा 500 से ज्यादा भक्तजनों प्रसाद प्राप्त किया। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विकाश पोद्दिया, प्रदीप अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, प्रमोद बगड़िया, अरुण धानुका, नितेश लाखोटिया, लल्लू सारस्वत का सहयोग रहा।

### डीसी ने की भू-अर्जन कार्यालय की समीक्षा

# योजनाओं को गति देने के दिये निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : जिला समाहरणालय के सभागार में डीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला भू-अर्जन कार्यालय के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान बैठक में एनएचएआई, भारतमाला परियोजना, चुटूपालू घाटी, बरलांगा-कसमार, ललकीघाटी और एनएच-33 (मांडू) क्षेत्र से संबंधित भूमि अधिग्रहण, वंशावली सत्यापन एवं रैयतों के लंबित मुआवजा भुगतान की अद्यतन स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान डीसी ऋतुराज ने प्रभावित रैयतों के लंबित मुआवजा



भुगतान का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित क्षेत्रों में विशेष कैंप आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कैंप के माध्यम से रैयतों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करते हुए उन्हें उनके अधिकार का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने रैयतों की वंशावली, भू-स्वामित्व प्रमाण-पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों का मौके पर सत्यापन करने तथा प्रक्रिया पूरी होने के बाद मुआवजा राशि सीधे बैंक खातों में भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी ने चुटूपालू घाटी एवं ललकीघाटी में सड़क सुरक्षा और चौड़ीकरण, एनएच-33 (मांडू), बरलांगा-कसमार एवं भारतमाला परियोजनाओं से संबंधित भू-अर्जन की बाधाओं एवं सीमांकन विवादों का अविलंब समाधान करने को कहा। उन्होंने पथ निर्माण विभाग और संबंधित कार्यकारी एजेंसियों को निर्देश दिया कि भू-अर्जन की प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए और सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। डीसी ऋतुराज ने कहा कि विकास परियोजनाओं को गति देना तथा प्रभावित रैयतों को समय पर उचित मुआवजा एवं अन्य लाभ उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। भू-अर्जन प्रक्रिया एवं मुआवजा भुगतान में अनावश्यक विलंब करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों की जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पथ निर्माण विभाग और एनएचएआई के प्रतिनिधि, संबंधित अंचलाधिकारी एवं भू-अर्जन शाखा के कर्मी उपस्थित थे।

### स्वादिष्ट व्यंजनों के शौकीनों के लिए बड़ी सौगात : बेड़ो के पुरना पानी में अमृततुल्य चाय व चिकन बिरयानी का भव्य शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के स्वाद प्रेमियों के लिए आज का दिन बेहद यादगार और खास रहा। रांची-गुमला मुख्य मार्ग स्थित पुरना पानी में अमृततुल्य चाय एवं चिकन बिरयानी आउटलेट का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। इस नए आउटलेट के खुलने से अब स्थानीय निवासियों और इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को एक ही छत के नीचे कड़क चाय की ताजगी और लजीज चिकन बिरयानी का बेमिसाल स्वाद मिलेगा। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। मुख्य अतिथि उप प्रमुख सह मंत्री प्रतिनिधि मोदस्सीर हक, डॉ. संगीता खलखो, कांग्रेस महासचिव रशीद मीर, सांसद प्रतिनिधि जुगेश उरांव, पूर्व उपप्रमुख धनंजय कुमार राय, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा तथा पूर्व मुखिया सुनील कच्छप द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रतिष्ठान का विधिवत शुभारंभ किया गया। समारोह के दौरान अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। आउटलेट के खुलते ही खान-पान के शौकीनों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मोदस्सीर हक ने संचालक जुलफान खान को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा: पुरना पानी जैसे महत्वपूर्ण और व्यस्त मार्ग पर इस तरह के उच्च गुणवत्ता वाले आउटलेट का खुलना स्थानीय निवासियों और दूर-दराज से आने-जाने वाले यात्रियों के लिए बहुत बड़ी राहत और खुशी की बात है।

## एसआईपी 2026 के 12वें दिन कानूनी जागरूकता और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेषज्ञों ने दिये महत्वपूर्ण सुझाव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : आर टी सी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आनंदी ओरमांझी में (SIP) 2026 के 12वें दिन नवप्रवेशित B.Tech एवं Diploma विद्यार्थियों के लिए कानूनी जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े दो महत्वपूर्ण विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक शैक्षणिक वातावरण के साथ-साथ तनाव, शैक्षणिक दबाव और पीयर प्रेशर से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जागरूक करना था। पहले सत्र में Internal Complaints Committee (ICC) की ओर से सम्मानजनक एवं उत्पीड़न-मुक्त शैक्षणिक वातावरण के लिए कानूनी जागरूकता विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। अतिथि विशेषज्ञ पुष्पलता जायसवाल ने विद्यार्थियों को कानूनी जागरूकता, सम्मानजनक व्यवहार, उत्पीड़न की रोकथाम तथा सुरक्षित और गरिमापूर्ण शैक्षणिक वातावरण के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। दूसरे सत्र में डॉ. रजनी बाला, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, मनोचिकित्सा विभाग, RIMS, रांची ने जीवनः तनाव, शैक्षणिक दबाव, पीयर प्रेशर एवं भावनाओं का प्रबंधन विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कॉलेज जीवन में आने वाली सामान्य मनोवैज्ञानिक चुनौतियों, तनाव और पढ़ाई के दबाव से निपटने के व्यावहारिक उपाय बताए। साथ ही भावनाओं को सकारात्मक तरीके से संभालने और पीयर प्रेशर का सामना आत्मविश्वास के साथ करने पर भी मार्गदर्शन दिया। दोनों विशेषज्ञ सत्र विद्यार्थियों के कानूनी ज्ञान, मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और समग्र व्यक्तित्व विकास की दिशा में उपयोगी साबित हुए। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं समन्वय में बिनिता हिंज,जयंत वाला, अंशु माला एवं SIP Team 2026 की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार नाजी जर्मनी के रास्ते पर चल रही है : प्रतुल

**रांची** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार और झामुमो जिस तरीके से कथित रूप से फर्जी मुकदमों, पुलिसिया कार्रवाई और प्रतिबंधों का सहारा ले रहे हैं, वह नाजी शासन की कार्यशैली की याद दिलाता है। शाहदेव ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि धरना-प्रदर्शन से पहले अनुमति लेने और सोशल मीडिया पर कुछ लिखने या लाइक करने से पहले पुलिस सत्यापन जैसी बातें सामने आना गंभीर विषय है।

## तैराकी प्रतियोगिता में जनकल्याण समर्पण संस्थान के खिलाड़ियों का उम्दा प्रदर्शन, जीते स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : लोहरदगा जिला तैराकी संघ के तत्वाधान में आयोजित इनामी राशि तैराकी प्रतियोगिता में गैर सरकारी संगठन जनकल्याण समर्पण संस्थान, सिकिदिरी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया।प्रतियोगिता में संस्थान के तैराकों ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता के 300 मीटर ट्यूब रेस में संस्थान के प्रतिभावान तैराक सूरज जायसवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं ट्यूब रेस में जनकल्याण समर्पण संस्थान की बालिका टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। बालिका टीम ने मिडिले रिले रेस में रजत पदक भी अपने नाम किया। इसी क्रम में 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी की जूनियर स्पर्धा में संस्थान के युवा तैराक सुजल बेदिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने यह साबित किया कि ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो सिर्फ उन्हें उचित प्रशिक्षण, संसाधन और अवसर उपलब्ध कराने की। प्रतियोगिता में बालिका टीम का नेतृत्व पिंकी कुमारी एवं बालक टीम का नेतृत्व राजेश मुंडा ने किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विजेता खिलाड़ियों को आयोजकों की ओर से नगद पुरस्कार, ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जनकल्याण समर्पण संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संस्थान पिछले दो दशकों से तैराकी को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। संस्थान के प्रयासों से सिकिदिरी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बच्चे विभिन्न तैराकी प्रतियोगिताओं में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और आने वाले समय में उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने का प्रयास और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करता है। संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना है। खिलाड़ियों की इस सफलता पर संस्थान के खेल प्रभारी एवं राष्ट्रीय तैराक अमन कुमार जायसवाल, केंद्रीय उपाध्यक्ष बिरसा करमाली, कोषाध्यक्ष रमन कुमार, सचिव राजकुमार, सोशल मीडिया एवं आईटी प्रभारी संदीप कुमार वर्मा, प्रवक्ता बृजकिशोर प्रसाद, एथलेटिक्स कोच बीरेंद्र प्रसाद साहू, फुटबॉल टीम के मेंटर नीतीश कुमार, कोच विवेक बेदिया सहित सक्रिय सदस्य विजय सिंह, अजीत कुमार, कमलेश पाहन, चंद्रशेखर पोद्दार, कृष्ण गोपाल भद्र, मेंहदी मुंडा, दिलीप कुमार आदि ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## आंगनबाड़ी भवन में पेसा एक्ट के निमित्त विशेष ग्राम सभा का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**तमाड़** : सोमवार को राजस्व ग्राम नुरीडीह आंगनबाड़ी भवन में पेसा एक्ट के निमित्त विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह मुण्डा ने किया। ग्राम सभा में बी पी राम जी योजना (विकसित भारत रोजगार गारंटी योजना) 16 वें वित्त आयोग से संबंधित योजना, गौ शेड, बकरी पालन, बुनियादी ढांचा एवं आत्मनिर्भर गांव बनाने पर पहल के निमित्त आर्थिक संग्रह पर जोर, स्वच्छता के निमित्त कचरा संग्रह शेड निर्माण, शौचालय निर्माण के साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, के साथ ही नशा मुक्त गांव बनाने पर जोर। जन्म मृत्यु के साथ ही प्रवासी मजदूरों के लिए पंजी तैयार करना इत्यादि विषयों पर सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। आज ग्राम सभा बैठक में ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह मुण्डा के अलावे सहायक सचिव भूवनेश्वर अहीर, सुभाष अहीर, पुष्कर मुण्डा, शिवचरण गोप, कन्हाई गिरि, जल सहिया सोनामनी देवी, स्वस्थ सहिया सोनामनी देवी, लीला देवी, अमित लोहरा, विशु लोहरा, सुखदेव अहीर, सोमरा अहीर, सत्यनारायण सिंह मुण्डा,सुरेश लोहरा लखीचरण लोहरा, करम लोहरा, लाल मोहन मुण्डा, संजना कुमारी, सहित अनेक ग्रामीणों ने भाग लिया।

## SKDV मिशन झारखंड, श्रावण मास में सेवा, भक्ति व जीव-दया का पावन संदेश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू** : श्रावण मास की पावन बेला में रडआ मिशन झारखंड द्वारा प्रसाद वितरण सेवा का क्रम निरंतर जारी है। सोमवार को इस सेवा अभियान के अंतर्गत चौथी बार बृहद प्रसाद वितरण का पावन आयोजन प्रसिद्ध घघारी धाम, लापुंग, जिला रांची में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। परम पूज्य पंथ हुज़ूर उदितमुनि नामसाहब की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का पालन करते हुए इस अवसर पर जीव दया और आत्म पूजा का सुंदर आध्यात्मिक संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। श्रावण मास के इस पवित्र पर्व में प्रत्येक रविवार एवं सोमवार को रांची एवं लोहरदगा जिले के सहयोग से निरंतर सेवा एवं प्रसाद वितरण किया जा रहा है। इस पावन सेवा कार्यक्रम में राज्य प्रतिनिधि महंत प्रकाश दास साहब, महंत शीत बसंत दास साहब, दिनेश महतो, राहुल कुमार दास, कीर्ति कुमारी, रांची जिला प्रतिनिधि संतोष प्रसाद, नीरज कुमार यादव, राम भगत, आरती देवी, अशोक महतो, सोहन बाबा, सेनापति, रामेश्वर भगत, विनीत भगत एवं झिगा भगत लोहरदगा जिला प्रतिनिधि मंडल से सुलेंद्र लोहरा, पप्पू लोहरा, संचरिया देवी, कमली देवी, तारा देवी, अंजू देवी, जानकी देवी, प्राची कुमारी, आर्यन कुमार, आकृति कुमारी, सुमन शर्मा जी, सुनीता देवी जी, कलावती देवी जी, जगेश्वर जी एवं बुद्धन देवी जी सहित SKDV मिशन के अनेक सेवाभावी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस पावन अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया तथा SKDV मिशन द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण बना रहा तथा साहेब बंदगी साहेब के जयघोष से घघारी धाम भक्तिमय हो उठा।

## सावन के चौथे सोमवार पर गणिनाथ गोविंद मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सावन माह के चौथे सोमवार के पावन अवसर पर बीजूलिया रोड, रातू स्थित गणिनाथ गोविंद मंदिर परिसर में सोमवार, 24 अगस्त 2026 को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गणिनाथ गोविंद ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह 11 बजे श्री दिनेश प्रसाद जी, गुमला एवं श्री निपुण मुणाल जी के समस्त परिवार के सौजन्य से रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। इसके बाद शाम 4 बजे केंद्रीय कीर्तन भजन मंडली के सौजन्य से भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। शाम 6.30 बजे से खीर का भोग,



महाआरती एवं भंडारा प्रसाद वितरण हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। ट्रस्ट ने सभी भक्तों से धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर पुण्य के भागी बनने की अपील की। मौके पर निपुण मृणाल, दिनेश प्रसाद, राजीव प्रसाद, प्रेमचंद प्रसाद, ननकू साहू, अजय प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### 27 अगस्त के जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन की तैयारी को लेकर नगड़ी-रातू कांग्रेस की संयुक्त बैठक

## स्थानीय लोगों व सम्बन्धित क्षेत्रों के हितों पर की चर्चा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पिस्का नगड़ी** : 27 अगस्त को प्रस्तावित जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर नगड़ी एवं रातू प्रखंड कांग्रेस कमिटी की संयुक्त बैठक सोमवार को दालादिली चौक स्थित होटल वृंदावन में आयोजित की गई। बैठक में खनन एवं खनिज से संबंधित राज्य एवं विनियमन विधेयक संशोधन कानून के खिलाफ आयोजित होने वाले धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संशोधित कानून से उत्पन्न होने वाले संभावित प्रभावों तथा आम जनता, स्थानीय लोगों और संबंधित क्षेत्रों के हितों पर चर्चा की। नेताओं ने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगी। बैठक में 27 अगस्त को आयोजित जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन में नगड़ी एवं रातू प्रखंड से अधिक से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही संगठन को बूथ एवं पंचायत स्तर तक मजबूत करते हुए जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर हटिया सह प्रभारी माधो कच्छप एवं राजेंद्र मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इसके अलावा नगड़ी प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष सहाबीर लोहरा, रातू प्रखंड अध्यक्ष कुशल उरांव, मंडल अध्यक्ष अख्तर अंसारी, मंडल अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, मंजूर अंसारी, शक्ति महतो, मकसूद अंसारी, माहिर अंसारी, महावीर नायक, रवि राम, अमित कच्छप, सुष्मिता तिर्की, खुशबू ठाकुर, गीता देवी, याकीब अंसारी, लक्ष्मी तिर्की, तारामनी लिंडा सहित दोनों प्रखंडों के बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संस्कार और संस्कृति से जुड़ना ही बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार : प्रदीप कुमार सिन्हा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पिस्का नगड़ी** : आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं धार्मिक परंपराओं से बच्चों को जोड़ने के उद्देश्य से कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के भैया-बहनों द्वारा उत्साहपूर्वक कांवड़ यात्रा निकाली गई। छोटे-छोटे बच्चे कांवड़ियों की वेशभूषा में हाथों में कांवड़ लेकर बालालोंग स्थित शिव मंदिर पहुंचे। कांवड़ यात्रा के दौरान बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिला। बच्चे श्रद्धा एवं भक्ति के साथ 'बोल बम' के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। बच्चों की मनमोहक वेशभूषा और अनुशासित यात्रा ने राहगीरों एवं आसपास के लोगों का ध्यान आकर्षित किया। मंदिर पहुंचकर



बच्चों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया तथा विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर कक्षा आचार्य कुमारी स्नेहलता, सृष्टि सिंह एवं पूजा दीदी ने बच्चों के साथ रहकर यात्रा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार सिन्हा भी बच्चों के साथ कांवड़ यात्रा में शामिल हुए और उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य श्री सिन्हा ने कहा, बच्चों को अपनी संस्कृति, संस्कार और परंपराओं से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में श्रद्धा, अनुशासन, सामाजिक समरसता एवं भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। संस्कार और संस्कृति से जुड़ना ही बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार है। विद्यालय लौटने के बाद सभी भैया-बहनों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। छोटे-छोटे बच्चों का कांवड़ियों के रूप में सजा यह मनमोहक रूप और उनके उत्साहपूर्ण बोल बम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सड़क किनारे मौजूद लोग भी बच्चों की इस सुंदर एवं अनुशासित कांवड़ यात्रा को देखकर भावविभोर नजर आए। विद्यालय द्वारा आयोजित यह कांवड़ यात्रा बच्चों के लिए जहां आनंद और उत्साह से भरा अनुभव रही, वहीं उन्हें भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल भी साबित हुई।

## हर गांव-मोहल्ले से कार्यकर्ताओं को जोड़ कर संगठन मजबूत करेगी शिवसेना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : प्रखंड मुख्यालय स्थित विवाह मंडप में सोमवार को शिवसेना का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ माँ भवानी, वंदे मातरम् और भारत माता की जय के जयघोष के साथ किया गया। इस दौरान संगठन को मजबूत करने, हिंदुत्व की रक्षा, समाजसेवा तथा गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों की मदद को लेकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने विचार-मंथन किया। शिवसेना के संरक्षक प्रताप सिंह ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पार्टी संगठन को मजबूत करना है। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को संकल्प लेकर काम करना होगा। उन्होंने कहा




कि शिवसैनिकों को हर स्तर पर आमजन की सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। झारखंड राज्य उपप्रमुख सह युवा सेना प्रमुख संदीप मुखर्जी ने कहा कि शिवसेना नेताओं की नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यह एक परिवार है, जहां छोटे-बड़े सभी कार्यकर्ताओं को समान सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रखंड के हर गांव और मोहल्ले से नए कार्यकर्ताओं को जोड़कर संगठन को मजबूत किया जाएगा। आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में शिवसेना एनडीए गठबंधन के तहत चुनाव लड़ेगी। उन्होंने झारखंड में संगठन को मजबूत करने में प्रदेश प्रमुख दीपक सिंह के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि हिंदुओं पर बढ़ते हमले, लव जिहाद, जमीन जिहाद सहित गरीब और कमजोर लोगों की आवाज उठाने के लिए शिवसैनिकों को रणनीति बनाकर संघर्ष करना होगा।

**कई पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति**

सम्मेलन में संगठन विस्तार के तहत विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इनमें प्रदेश महासचिव किशोर कुमार, अनुसूचित जनजाति राज्य प्रमुख भोला उरांव, रांची जिला प्रमुख रवि सिंह, जिला मीडिया प्रभारी कौशिक घोष, ग्रामीण सचिव ईश्वर बड़ाइक, ग्रामीण उपप्रमुख शंकर लाल खन्ना, प्रवक्ता उमेश लाल, जिला प्रमुख रौनित कुमार, महानगर युवा सेना प्रमुख रौनक सिंह, मांडर विधानसभा सचिव नीरज सिंह शामिल हैं। बेड़ो प्रखंड प्रमुख बजरंग गोप, उपप्रमुख राजकृत सिंह, सचिव सुरेंद्र लोहरा, मीडिया प्रभारी रवि सिंह, संगठन सचिव पंकज लाल, युवा सेना प्रमुख अपूर्व लाल खन्ना और उपप्रमुख विजय ताम्रकार समेत रातू, इटकी, लापुंग, भरनो और नगड़ी-गुमला क्षेत्र के पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का फूलमाला और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया।

## सावन की अंतिम सोमवारी पर महादानी मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : ऐतिहासिक महादानी मंदिर, मुड़हर बाबा मंदिर समेत प्रखंड के शिवालयों में सावन माह की अंतिम सोमवारी को प्रातः चार बजे से ही बाबा के जलाभिषेक के लिये श्रद्धालुओं भीड़ लगी रही। जहां शिव भक्तों ने बोल बम के नारों के साथ अंतिम सोमवारी का उपवास रखते हुए भगवान शंकर की पूजा अर्चना किया। जिसे लेकर महादानी शिव मंदिर समेत अन्य मंदिरों में लोगो की लंबी कतार लगी रही। जहां भक्तो ने बाबा का बेलपत्र, पुष्प, धतूरे, भांग व फल प्रसाद चढ़कर दूध व जल के साथ बाबा का जलाभिषेक किया। सुबह से भक्तों का भीड़ के बीच लोग ने श्रद्धा भाव से दानियों के दानी बाबा महादानी भोले बाबा से वर मांगा। वही शाम में शिवसेना बेड़ो के तत्वाधान में अंतिम सोमवार को महादानी मंदिर व शिवलिंग का रजनीगंधा, गुलाब,गेंदा के पुष्पों से किया गया भव्य श्रृंगार-दर्शन कर दर्शनार्थी अभीभूत हो उठे। शिव मंदिर परिसर में फूल-पत्तियों व रंग-बिरंगी रोशनी के माध्यम से आकर्षक तरीके से सजाया गया। शिवसेना के दिवाकर सिंह व पत्नी बेबी सिंह ने श्रद्धाभाव से रुद्राभिषेक कर महादानी बाबा का पूजा अर्चना कर देश व झारखंड में अमन-चैन व खुशहाली की कामना की।

## एक झलक

### ठकुराईन बुटीक में सावन महोत्सव, रंजीता झा बनीं सावन क्वीन



**रांची** : राजधानी रांची के पुंदाग स्थित ठकुराईन बुटीक में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया और सावन के गीत-संगीत व विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आनंद उठाया। ठकुराईन बुटीक की संचालिका उर्मिला सिंह एवं मेनका सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने जमकर मस्ती की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सावन क्वीन प्रतियोगिता रही, जिसमें रंजीता झा ने सावन क्वीन का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर उर्मिला सिंह, मेनका सिंह, अनिता, बरनाली, रंजीता झा, एतेश्री, पिरती, पूजा, अंजू, रीना और नीतू सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम में सावन की हरियाली, पारंपरिक परिधान और उत्साह का खूबसूरत संगम देखने को मिला।

### पीसीसी पथ के निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास



**रांची** : 04 करोड़ 04 लाख की लागत से रातू प्रखंड के फुटकल, शिव नगर, दयालनगर, लालगुटवा, में पीसीसी पथ का निर्माण किया जायेगा। हटिया के विधायक नवीन जायसवाल के साथ इस महत्त्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह पथ स्थानीय ग्रामीणों की आवागमन सुविधा को बेहतर बनाने के साथ क्षेत्र के विकास को नयी गति देगा। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, प्रमुख संगीता देवी, रेणु देवी, मंडल अध्यक्ष अमित गोप, सुबोध साहू रितेश राज देवेंद्र सिंह, दशरथ महतो एवं बलराम गोप सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### दुर्लभ जुड़वां गर्भावस्था में गर्भनाल में आठ गांठें, दोनों बच्चियों का सुरक्षित प्रसव

**रांची** : बेंगलुरु के रेनबो अस्पताल, एचआरबीआर में एक दुर्लभ और जटिल जुड़वां गर्भावस्था का सफल उपचार करते हुए दो स्वस्थ बच्चियों का सुरक्षित प्रसव कराया गया। 37 वर्षीय महिला प्राथमिक बांझपन के उपचार के बाद गर्भवती हुई थीं और उनके गर्भ में एक ही नाल तथा एक ही गर्भजल थैली साझा करने वाली जुड़वां बच्चियों का विकास हो रहा था। डॉ. मंजू बी. नायर के उपचार और डॉ. मंजुला दीपक की देखरेख में गर्भावस्था के 16वें सप्ताह से हर दो सप्ताह में विस्तृत अल्ट्रासाउंड के जरिए दोनों भ्रूणों के विकास, गर्भजल, रक्त प्रवाह और गर्भनाल की स्थिति की निगरानी की गई। 32वें सप्ताह में गर्भजल की थैली समय से पहले फटने के बाद चिकित्सकों ने तत्काल शल्य प्रसव का निर्णय लिया। डॉ. मैरियन केविन मनोज के नेतृत्व वाली निश्चेतना टीम के सहयोग से प्रसव कराया गया, जिसमें गर्भनाल में करीब आठ गांठें मिलीं। इसके बावजूद दोनों बच्चियों का सुरक्षित जन्म हुआ और उनका वजन क्रमशः 1.52 किलोग्राम और 1.437 किलोग्राम था। जन्म के बाद दोनों को नवजात गहन चिकित्सा इकाई में डॉ. सुजीत के. आर., डॉ. प्रशांत शेट्टी और उनकी टीम की देखरेख में रखा गया। आवश्यक उपचार और लगातार निगरानी के बाद दोनों बच्चियों ने अच्छी प्रगति की और स्वस्थ स्थिति में उन्हें घर भेज दिया गया। डॉ. मंजुला दीपक ने कहा कि ऐसी उच्च जोखिम वाली जुड़वां गर्भावस्था में लगातार निगरानी, विशेष भ्रूण जांच और समय पर निर्णय बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस सफल उपचार में डॉ. काव्यश्री समेत शल्य कक्ष, नर्सिंग और नवजात गहन चिकित्सा इकाई की टीम का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# राज्य में अगले माह से एयर होस्टेस और ग्राउंड क्रू का प्रशिक्षण

- झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट में डिप्लोमा इन एविएशन एंड मैनेजमेंट के लिए चयन साक्षात्कार सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड सरकार के नागर विमानन विभाग के अंतर्गत संचालित झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट के एयर होस्टेस एवं ग्राउंड क्रू ट्रेनिंग विभाग द्वारा डिप्लोमा इन एविएशन एंड मैनेजमेंट पाठ्यक्रम के लिए चयन साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। वर्षों के अथक प्रयास के बाद राज्य में अब एयर होस्टेस, फ्लाइट स्टीवर्ड और ग्राउंड क्रू जैसे रोजगारोन्मुखी विमानन प्रशिक्षण की शुरूआत होने जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम अगले माह से शुरू होने की सम्भावना है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की परिकल्पना और मार्गदर्शन के अनुरूप आयोजित चयन साक्षात्कार में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चयन प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता, संचार कौशल, अंग्रेजी भाषा में दक्षता, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और विमानन क्षेत्र के प्रति रुचि का मूल्यांकन किया गया। प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा किया गया। झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट के प्रबंध निदेशक कैप्टन एस.पी. सिन्हा ने कहा कि देश में विमानन क्षेत्र का विस्तार हो रहा है और रोजगार की सम्भावनाएं भी बढ़ रही हैं। ऐसे में झारखंड के युवाओं को राज्य में ही गुणवत्तापूर्ण और व्यावसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध करा कर उन्हें विमानन उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना संस्थान की प्राथमिकता है और एयर होस्टेस, फ्लाइट स्टीवर्ड और ग्राउंड क्रू के रूप में प्रशिक्षित युवाओं के लिए एयरलाइंस, एयरपोर्ट, ग्राउंड हैंडलिंग, यात्री सेवा और एविएशन हॉस्पिटैलिटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में करियर के अवसर उपलब्ध हो सकते हैं। कैप्टन एस.पी. सिन्हा ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य युवाओं को सिर्फ प्रमाण-पत्र देना नहीं, बल्कि उन्हें व्यावसायिक दक्षता, संचार क्षमता, अनुशासन, व्यक्तित्व विकास और उद्योग-उन्मुख कौशल से सुसज्जित करना है। संस्थान द्वारा इससे पूर्व कमर्शियल पायलट लाइसेंस प्रशिक्षण भी शुरू किया जा चुका है।

बता दें कि साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित अभ्यर्थियों की प्रथम वरीयता सूची माह के अंतिम सप्ताह में झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किये जाने की सम्भावना है। चयनित अभ्यर्थियों को नामांकन और प्रशिक्षण से सम्बन्धित जानकारी निर्धारित माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी।

## मुख्यमंत्री से मिले टाटा स्टील के कॉरपोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में वाइस प्रेसिडेंट, कॉरपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील डी. बी. सुंदरारामम ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। मौके पर रेजिडेंस एग्जिक्युटिव, टाटा स्टील अरविन्द कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## सरला बिरला विश्वविद्यालय में 'विजन 2047' पर एक्सपर्ट टॉक आयोजित




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सरला बिरला विश्वविद्यालय में 'विजन 2047: विकसित भारत की संकल्पना एवं रोडमैप' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री (वित्त एवं नागर विमानन) जयंत सिन्हा इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री सिन्हा ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने के लिए आर्थिक विकास के साथ सतत विकास, रोजगार सृजन, मानव पूंजी, तकनीकी उन्नति और समावेशी संस्थानों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने पारंपरिक 'फार्म टू फैक्ट्री' मॉडल से आगे बढ़कर 'ग्रीन फ्रंटियर डेवलपमेंट मॉडल' अपनाने की आवश्यकता बताई तथा पीपल, एनर्जी और टेक्नोलॉजी को विकास का तीन प्रमुख स्तंभ बताया। उन्होंने युवाओं के कौशल एवं रोजगार, स्वच्छ ऊर्जा, एआई, डिजिटल अवसंरचना, अनुसंधान और संस्थागत सुधारों में निवेश को भारत की दीर्घकालिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण करार दिया। श्री सिन्हा ने युवाओं और अकादमिक समुदाय से जनकल्याण, नैतिकता, सेवा भावना और सामूहिक प्रगति को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, कुलपति प्रो. सी. जगनाथन, कुलसचिव प्रो. एस. बी. दंडीन, विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षाकेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। वर्ष 2047 तक एक समृद्ध, समावेशी, सतत और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी भारत के निर्माण की दिशा में आवश्यक प्रयासों और अवसरों की समझ प्रदान करते इस एक्सपर्ट टॉक के आयोजन पर विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं राज्यसभा सांसद सह निदेशक, प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त किया है।

## छात्र हित में रक्षाबंधन के घोषित अवकाश को रद्द करने के आदेश पर पुनर्विचार करे विभाग

- रक्षाबंधन 28 अगस्त के बदले राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त के अवसर पर सभी विद्यालयों में खेल दिवस का आयोजन किया जाना बेहतर विकल्प होगा : संयुक्त शिक्षक मोर्चा झारखंड



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा की एक आपात बैठक धुर्वा स्थित भारतीय मजदूर संघ के कार्यालय में प्रदेश संयोजक अमीन अहमद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मोर्चा के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह एवं अमीन अहमद सहित रांची जिला पदाधिकारी पंकज कुमार, राकेश श्रीवास्तव, राज्य पदाधिकारी अजय कुमार मीडिया प्रभारी अरुण दास तथा कई अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के सचिव महोदय के पत्रांक 3359 दिनांक 21.08.2026 द्वारा रक्षाबंधन पर्व दिनांक 28.08.2026 के पूर्व घोषित अवकाश को निरस्त कर उसी दिन खेल दिवस मनाने का आदेश जारी किया गया है, जो कि छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों के हित में उचित नहीं है। रक्षाबंधन भारत का एक प्रमुख सांस्कृतिक पर्व है। इस दिन झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राएं अपने भाइयों को राखी बांधने जाती हैं। अवकाश निरस्त होने से इस दिन विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति नगण्य रहेगी। इसका सीधा प्रभाव छात्र-छात्राओं पर पड़ेगा। इससे शिक्षकों, छात्रों तथा अभिभावकों में गहरा असंतोष है।

**मोर्चा की मांग**

**हॉकी** के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती 29 अगस्त को है, जो राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनायी जाती है। अतः मोर्चा का सुझाव है कि खेल दिवस का आयोजन 28 अगस्त के स्थान पर 29 अगस्त 2026 से प्रारम्भ किया जाये। इससे सम्बन्धित एक मांग पत्र सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार को सौंपा गया है। मांग पत्र में कहा गया है कि इसे एक दिन विस्तारित करते हुए खेल दिवस समारोह 29, 30 एवं 31 अगस्त 2026 को मनाया जाये, तो अधिक उपयुक्त और सार्थक होगा। विभाग से आग्रह किया गया है कि उक्त आदेश पर पुनर्विचार करते हुए 28 अगस्त 2026 के रक्षाबंधन अवकाश को यथावत रखा जाये। उक्त आशय की जानकारी झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के मीडिया प्रभारी अरुण कुमार दास ने दी।

## भक्तिमय वातावरण में मनाया पुत्रदा एकादशी का व्रत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : नगर के पहाड़ी मंदिर के सन्निकट दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में 24 अगस्त सोमवार को श्रावण शुक्ल पक्ष की पुत्रदा एकादशी को ले श्रीवैष्णव मतानुसार बड़े ही उल्लास और भक्तिमय वातावरण में श्रद्धा के साथ कयी अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। जिसमें परात्पर ब्रह्म परमात्मा अखिलाण्ड कोटि ब्रह्माण्डनायक श्रीपद्मावती वल्लभ भगवान का प्रातः वंदन, सुप्रभातम, मंगलाशासनम एवं करावलंबम के बाद षोडषोपचार विधि से तिरूवाराधनम संपादन कर उद्यास्तमन सेवा सहित महाभिषेक का आयोजन हुआ। श्रीभगवान दंपति को दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, डाभयुक्त जल और गंगाजल से क्रमानुसार महाभिषेक कराया गया। महाभिषेक के बाद भगवान को वस्त्र और आभूषणों से सुसज्जित करके फलाहारी व्यंजनों का बालभोग नैवेद्य हुआ। फिर महाआरती कीं गयी। इसके बाद दिव्य कल्याण स्वरूप परमानंद कारण भगवान दम्पति का वेद,उपनिषद और श्रीवेदान्तदेशिक स्वामी विरचित स्तोत्राणि से स्तवन किया गया।

### पारस एचईसी हॉस्पिटल में प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित 73 वर्षीय मरीज की रीढ़ की सफल सर्जरी

## पैथोलॉजिकल फैक्चर के कारण चलने-फिरने में थी परेशानी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : पारस एचईसी हॉस्पिटल, रांची में चिकित्सकों ने प्रोस्टेट कैंसर के पूर्व इतिहास वाले 73 वर्षीय मरीज की रीढ़ की हड्डी के गंभीर पैथोलॉजिकल फ्रैक्चर की सफल सर्जरी की। मरीज सुरेश कुमार छेत्री को गंभीर पीठ दर्द और चलने-फिरने में असमर्थता की शिकायत के बाद अस्पताल लाया गया था। हॉस्पिटल में मरीज की विस्तृत जांच की गई। जांच में रीढ़ की हड्डी के डी12 वर्टीब्रा में फ्रैक्चर पाया गया। मरीज के पूर्व में प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित होने की जानकारी भी सामने आई। चिकित्सकीय मूल्यांकन में डी12 वर्टीब्रा का फ्रैक्चर पैथोलॉजिकल फ्रैक्चर पाया गया, जिसके कारण मरीज को अत्यधिक दर्द और चलने-फिरने में परेशानी हो रही थी। पारस एचईसी हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम ने मरीज की स्थिति का विस्तृत मूल्यांकन करने के बाद सर्जरी का निर्णय लिया। इसके बाद जनरल एनेस्थीसिया के तहत डी12 वर्टीब्रा की स्पाइनल स्टेबलाइजेशन सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ और उनके दर्द में भी राहत मिली। हॉस्पिटल के डॉ अरुण कुमार एवं उनकी टीम की निगरानी में रखने के बाद करीब पांच दिनों में मरीज को स्वस्थ स्थिति में अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। इस मामले में डॉ अरुण कुमार ने कहा कि हर मरीज का उचित और विस्तृत मूल्यांकन बेहद जरूरी है। खासकर लगातार रहने वाले पीठ दर्द को सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसके पीछे गंभीर कारण भी हो सकते हैं। मरीज की उम्र और पूर्व में प्रोस्टेट कैंसर का इतिहास होने के कारण यह मामला चुनौतीपूर्ण था। उचित जांच और समय पर उपचार के बाद सफलतापूर्वक सर्जरी की गई, जिससे मरीज को दर्द से राहत मिली और उनकी स्थिति में सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि लगातार या गंभीर पीठ दर्द को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

## उद्यम पंजीकरण की तर्ज पर झारखण्ड में कागज-आधारित ट्रेड लाइसेंस व्यवस्था समाप्त करने की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राज्यसभा के पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ उद्यमी महेश पोद्दार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर राज्य में प्रचलित कागज-आधारित ट्रेड लाइसेंस व्यवस्था को समाप्त करने की मांग की। कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा एमएसएमईडी अधिनियम के तहत उद्यम पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल, डिजिटल, निःशुल्क एवं स्वैच्छिक बनाया गया है। इसके बिल्कुल विपरीत हमारे राज्य में व्यवसायों को अभी भी रांची नगर निगम जैसे निकायों द्वारा लागू पुरानी अंग्रजों के जमाने के ट्रेड लाइसेंस प्रणाली से गुजरना पड़ता है। वर्तमान ट्रेड लाइसेंस व्यवस्था मूल रूप से कागज-आधारित और इंस्पेक्टर-आधारित है। यह न केवल लालफीताशाही को बढ़ावा देती है, बल्कि केंद्र सरकार द्वारा समर्थित डिजिटल-फर्स्ट और विश्वास-आधारित शासन मॉडल के भी एकदम विपरीत है। इनमें वांछित जानकारी आज के समय में,जब सब कुछ, प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, अनावश्यक है। अधिकांश लोग सारी शर्तों को पूरा भी नहीं कर पाते। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल दौर में व्यवसायियों से बार-बार ऐसी जानकारी और दस्तावेज मांगना, जो पहले से ही विभिन्न सरकारी पोर्टलों पर उपलब्ध हैं, अनावश्यक अनुपालन बोझ बढ़ाता है।

### दो दिवसीय सत्यानन्द ओपन योग चैम्पियनशिप सम्पन्न

## योग जीनियस की प्रियांशु व जमशेदपुर के दीप्तांशु बने चैम्पियन ऑफ चैम्पियंस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : बिशप स्कूल बहु बाजार सभागार में सत्यानंद योगा एसोसिएशन एवं श्री अरबिंदो आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सत्यानंद ओपन योग चैंपियनशिप रविवार को संपन्न हुई। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न स्थानों से विभिन्न आयु वर्गों में लगभग 400 से ऊपर प्रतिभागियो ने भाग लिया। दो दिवसीय योग प्रतियोगिता के अलावा पेंटिंग, निबंध, रंगोली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित की गई। योग प्रतियोगिता में रांची योग जीनियस की प्रियांशु और बालक वर्ग में जमशेदपुर के दीप्तांशु ने चैंपियन ऑफ चैंपियंस के खिताब पर कब्जा किया। वही ओवरऑल टीम चैंपियनशिप योग जीनियस एवं उपविजेता का खिताब संत माइकल स्कूल जीता। झारखंड के निर्णायको के सहयोग से प्रतियोगिता सफल बनाने में अहम भूमिका निभायें। संस्था के निर्देशक आदित्य कुमार सिंह एवं सचिव रूपम कुमारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत आईएएस जटाशंकर चौधरी, रामस्वरूप रुंगटा, अरविंद सोसाइटी के सचिव रमेश भाई, अशोक पाठक नीरज बुधिया, हिमांशु विश्वास, अंजली वर्मा,डॉ पीके मित्रा, सुशांत भट्ट, आदित्य कुमार सिंह, संजय कुमार झा, डॉ रूपम सिंह ने खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। इस मौके आदित्य कुमार सिंह, डॉ. रूपम सिंह, अमरेंद्र कुमार विकल, सुशीत बनर्जी, अन्नु झा, वंदना कुमारी, सीमा राय, निक्की रानी, सलोनी कुमारी, विवेक कुमार, रोहित सिंह, सुनील कुमार, निक्की कुमारी, अनुपम कुमारी, अभिषेक कुमार, कुमार सुजीत सहित योग प्रेमी, योग प्रशिक्षक उपस्थित थे।

## सावन की अंतिम सोमवारी पर पहाड़ी मंदिर रांची में उमड़ा आस्था का सैलाब



**रांची** : सावन की अंतिम सोमवारी पर राजधानी रांची के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पहाड़ी मंदिर समेत सुरेश्वर धाम, इक्कीसों धाम चुटिया, लिंगेश्वर मंदिर मधुकम और अरगोड़ा बुढ़ा महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। चारों ओर हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारे गूंजते रहे। पहाड़ी मंदिर में करीब 1.50 लाख श्रद्धालुओं ने अरघा सिस्टम के माध्यम से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। सरकारी पूजा-अर्चना के बाद मंदिर के पट सुबह 3:30 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इसके बाद भक्त कतारबद्ध होकर मंदिर पहुंचे और भगवान शिव को दूध, गंगाजल, फूल व माला अर्पित कर पूजा-अर्चना की। अंतिम सोमवारी के कारण पहाड़ी मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार रातू रोड तक पहुंच गई।

## चैम्बर चुनाव की तैयारियों को लेकर चुनाव समिति की बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2026-27 के चुनाव की तैयारियों को लेकर आज चैंबर भवन में चुनाव समिति की बैठक हुई। बैठक में चुनावी तैयारियों की समीक्षा करते हुए चैंबर कार्यालय को विभिन्न कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी करते हुए संबंधित को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। चुनाव समिति के निर्देश के क्रम में चैंबर के सभी ऑफिशियल व्हाट्सएप ग्रुप को आज शाम से एडमिन लॉक कर दिया गया। अब इन ऑफिशियल ग्रुपों के माध्यम से केवल चुनाव से संबंधित आवश्यक सूचनाएं एवं गतिविधियों की जानकारी ही जारी की जाएगी। मुख्य चुनाव पदाधिकारी अंचल किंगर ने कहा कि चुनाव अवधि के दौरान चैम्बर भवन में किसी भी प्रत्याशी द्वारा चुनावी बैठक आयोजित नहीं की जाएगी। साथ ही व्यापार एवं उद्योग जगत से संबंधित किसी भी गतिविधि का आयोजन चुनाव समिति की पूर्व सहमति से ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए समिति द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। को-चेयरमैन पवन शर्मा ने कहा कि 12 अगस्त 2026 को संपन्न कार्यकारिणी समिति की बैठक में जिन सदस्यों को आजीवन सदस्यता प्रदान की गई है, उन्हीं को आगामी चुनाव में मतदान का अधिकार होगा। संवैधानिक प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए अब सदस्यता में प्रतिनिधि के नाम में परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। चुनाव से पूर्व केवल संबद्ध संस्थाओं के पदाधिकारियों के नाम में परिवर्तन किया जा सकता है। अन्य श्रेणी के सदस्यों के प्रतिनिधि के नाम में अब कोई परिवर्तन नहीं होगा।

## वाईबीएन विश्वविद्यालय में श्रावण की सांस्कृतिक विरासत पर मंथन

## राष्ट्रीय कार्यशाला के पहले दिन कला प्रतियोगिता, प्रदर्शनी और लोक-शास्त्रीय संगीत पर हुआ विमर्श




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : वाईबीएन विश्वविद्यालय, रांची के संगीत एवं प्रदर्शन कला विभाग की ओर से क्दअउ के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का पहला दिन सोमवार को संपन्न हुआ। 'श्रावण मास की सांस्कृतिक विरासत : साहित्य, कला एवं संगीत' विषय पर आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, शिव वंदना और कथक नृत्य की प्रस्तुति से हुआ। कार्यक्रम 24 और 25 अगस्त को द अंजुरम ग्रैंड ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में विभागाध्यक्ष सह संयोजक डॉ. रूपा सिन्हा और संगीत की छात्रा मधुश्री ने वाइब्रेशनल हीलिंग पुस्तक का विमोचन किया। इसके बाद डॉ. रूपा सिन्हा ने स्वागत भाषण दिया। तकनीकी सत्र में डॉ. रूपा सिन्हा और डॉ. शीतल उरांव ने मल्हार, कजरी, झूला और सावन गीतों पर शास्त्रीय गायन कार्यशाला आयोजित की। मुख्य अतिथि पद्मश्री मधु मंसूरी ने सावन और लोक संस्कृति से जुड़े विषयों पर व्याख्यान दिया। डॉ. मधुमंती ने सावन की जैव-सांस्कृतिक कथा पर विचार रखे, जबकि वाराणसी से आए वेदविभूषण आचार्य हिसाथ मिश्रा ने सामवेदीय संगीत परंपरा की जानकारी दी। कुलपति डॉ. सत्यदेव पोद्दार, रक्म्ऊरांची के राजीव रंजन, डॉ. योगेश महतो और डॉ. आरती गुप्ता ने वर्षा ऋतु, नागपुरी लोक संगीत तथा साहित्य और संगीत के अंतसंबंधों पर विचार साझा किए।

**कला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखायी प्रतिभा**

**कार्यशाला** के दौरान कला प्रतियोगिता और कला दीर्घा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सावन, वर्षा और भारतीय सांस्कृतिक परंपरा से जुड़े विषयों पर कलाकृतियां प्रस्तुत कीं। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 2,000, 1,100 और 500 रुपये पुरस्कार दिए जाएंगे। डीसी हैंडीक्राफ्ट, लघु कुटीर उद्योग और वाईबीएन प्रदर्शनी में भी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**दूसरे दिन होगा 'सावन महोत्सव'**

**कार्यशाला** के दूसरे दिन प्रख्यात संतूर वादक चिरादिप सरकार द वॉयस ऑफ सावन विषय पर प्रस्तुति देंगे। रांची विश्वविद्यालय की पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ. सरस्वती मिश्रा सावन मास के सौंदर्यशास्त्रीय महत्व पर व्याख्यान देंगी। दोपहर 12:30 बजे से 'सावन महोत्सव–रंग, राग, रौनक' का आयोजन होगा, जिसमें पारंपरिक खेल, नाटक, नृत्य, मेहंदी और कला प्रतियोगिता सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम के संरक्षक चेयरमैन रामजी यादव, कुलपति डॉ. सत्यदेव पोद्दार और सीएमडी डॉ. अंकिता यादव हैं। कार्यशाला की संयोजक डॉ. रूपा सिन्हा हैं।

## पहाड़ी मंदिर सेवा शिविर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, रौनियार वैश्य सभा ने की सेवा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : हर-हर महादेव और पहाड़ी बाबा की जयकारों के बीच सोमवार को रांची जिला रौनियार वैश्य सभा एवं समस्त इकाइयों के सहयोग से पहाड़ी मंदिर परिसर में सेवा शिविर का विधिवत समापन हुआ। श्रावण माह के रविवार और सोमवार को आयोजित सेवा शिविर में श्रद्धालुओं के लिए चाय, बिस्किट एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई। सोमवार को सुबह 5 बजे से सेवा शिविर की शुरूआत हुई, जो दोपहर 12 बजे तक लगातार सुचारू रूप से संचालित रहा। पहाड़ी मंदिर में भगवान शिव के दर्शन के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिविर में पहुंचकर चाय, बिस्किट एवं शुद्ध पेयजल का सेवन किया। सभा की ओर से श्रद्धालुओं की सेवा में सहयोग करने वाले सभी समाजबंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। सभा ने कहा कि समाज के लोगों ने तन-मन-धन से सहयोग करते हुए अपना बहुमूल्य समय निकालकर श्रद्धालुओं की सेवा की। इससे समाज की एकजुटता और सेवा भावना का परिचय मिला। भविष्य में भी इसी तरह की एकजुटता बनाए रखते हुए जनहित एवं समाजहित में कार्य जारी रखने का संकल्प लिया गया।

## एक झलक

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**दारू** : दारू थाना क्षेत्र के सुल्तानी गांव निवासी ग्यास कुमार (पिता स्व. धनेश्वर राम) पर नौ वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। घटना के बाद बच्ची के परिजनों ने दारू थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, घटना रविवार की है। आरोप है कि युवक नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया, जहां उसके साथ कथित रूप से दुष्कर्म किया गया। मामले में दारू थाना में पोक्सो एक्ट समेत दुष्कर्म से संबंधित धाराओं के तहत कांड संख्या 79/26 दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने बच्ची के साथ छेड़छाड़ की बात स्वीकार की है, लेकिन दुष्कर्म के आरोप से इनकार किया है। वहीं, नाबालिग बच्ची का बयान रविवार कि रात्रि को न्यायालय में दर्ज कराया गया। दारू थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### जरगा में मतदान से हुआ सहिया का चयन, स्वाति कुमारी ने दो मतों से मारी बाजी

**दारू** : प्रखंड की पुनाई पंचायत अंतर्गत जरगा गांव में सोमवार को सहिया के चयन को लेकर आमसभा का आयोजन किया गया। सहिया पद के लिए पांच महिला अभ्यर्थियों ने अपनी दावेदारी पेश की। उम्मीदवारों की संख्या अधिक होने के कारण आमसभा में उपस्थित ग्रामीणों ने मतदान के माध्यम से सहिया के चयन का निर्णय लिया। सहिया पद के लिए स्वाति कुमारी पति सोनू राणा, मंजू देवी पति राजेश प्रसाद, प्रीति कुमारी पति पिंटू कुमार, नीतू कुमारी पति अजीत कुमार तथा सायदा परवीन पति वहाब अंसारी ने उम्मीदवारी जताई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से दयाल प्रसाद को चुनाव प्रक्रिया के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था।आमसभा में महिला एवं पुरुषों समेत कुल 149 ग्रामीणों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इसके बाद पर्यवेक्षक दयाल प्रसाद, उपमुखिया एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में मतगणना की गई। मतगणना में स्वाति कुमारी को 58 मत, मंजू देवी को 56, प्रीति कुमारी को 19, नीतू कुमारी को 12 तथा सायदा परवीन को 4 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार स्वाति कुमारी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी मंजू देवी को दो मतों के अंतर से पराजित कर सहिया पद पर चयन हासिल किया। चयन प्रक्रिया के बाद कुछ पराजित अभ्यर्थियों ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर आपत्ति जताई और पर्यवेक्षक के समक्ष अपनी शिकायत रखी। हालांकि, आमसभा में मौजूद ग्रामीणों ने चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी बताते हुए किसी प्रकार की गड़बड़ी से इनकार किया। पर्यवेक्षक दयाल प्रसाद से इस संबंध में उनका पक्ष जानने के लिए मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### सांसद ने शोकाकुल परिवार से मिल कर दी सांत्वना

**हजारीबाग** : बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के कांडतरी पंचायत के पूर्व मुखिया पारसनाथ प्रसाद एवं लखन प्रसाद की माता एवं स्वर्गीय जूठन महतो की धर्मपत्नी विलासो देवी का निधन 19 अगस्त 2026, बुधवार को हो गया। उनके निधन की सूचना पर हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल सोमवार को शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। सांसद ने दिवंगत विलासो देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ हैं। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। विलासो देवी का अंतिम संस्कार बुधवार की शाम पांच बजे सोनपुरा स्थित हहारो नदी श्मशान घाट पर किया गया। अंतिम संस्कार में परिजन, ग्रामीण एवं शुभचिंतक शामिल हुए। सांसद मनीष जायसवाल के साथ लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, वरिष्ठ नेता अनिल मिश्रा, जिला महामंत्री जय नारायण प्रसाद, बड़कागांव विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, मंडल अध्यक्ष शिबू मेहता, समाजसेवी पिंटू कुशवाहा, सत्यजीत विद्या अलंकार, उदय कुशवाहा, राजकिशोर समेत दर्जनों कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद थे। भवानी प्रसाद दांगी, राजनाथ कुमार एवं मोहित कुमार ने भी शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# श्रावण मास के अंतिम सोमवार पर शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**हजारीबाग** : श्रावण मास के अंतिम सोमवारी पर हजारीबाग के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों और मंदिरों में श्रद्धालु उमड़ पड़े इस दौरान भगवान शिव पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु उत्साहित दिखे। हजारीबाग शहरी क्षेत्र के बुढ़वा महादेव, पंचमंदिर, दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ सहित सभी शिवालयों में अहले सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दक्षिणी शिवपुरी स्थित दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ (दक्षिणी शिवपुरी काली मन्दिर) शिवपुरी सहित शहरी क्षेत्र के लोगों के लिए आस्था का मुख्य केंद्र बिंदु है जहां श्रावण मास के दौरान प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं श्रावण मास के दौरान प्रति दिन इस मंदिर में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, एवं विशेष पूजन अनुष्ठान का आयोजन होता है। बताते चलें कि इस मंदिर में दस महाविद्या, शिवपरिवार, पंचमुखी हनुमान, मां दुर्गा, बटुक भैरव, नौ ग्रह, राम दरबार, सूर्य देव, विघ्नहर्ता भगवान गणेश, विश्वकर्मा भगवान, चित्रगुप्त भगवान, सहित दर्जनों देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित की गई जो मंदिर आने वाले भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है जहां आने वाले श्रद्धालु एक ही परिसर में सभी देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर पाते हैं। श्रावण मास के दौरान मंदिर में होने वाले पूजा अनुष्ठान के बारे में पूछे जाने पर काली मंदिर समिति अध्यक्ष डॉ प्रभात कुमार प्रधान ने कहा कि मंदिर निर्माण से लेकर प्राण प्रतिष्ठा और अब निरंतर लोगों के आस्था का केंद्र रहने वाला दक्षिणी शिवपुरी काली मन्दिर अपने आप में भव्य दिव्य है जहां मां काली का वास है यहां हर धार्मिक आयोजन अपने आप में अद्वितीय है श्रावण मास के दौरान इस मंदिर में प्रतिदिन रुद्राभिषेक होता है। क्षेत्र के लोगों का काली मंदिर के साथ अपार श्रद्धा जुड़ा है।

## चुरचू प्रखंड के कई स्थानों पर निकली कलश यात्रा



**चरही** : सावन की अंतिम सोमवारी के पावन अवसर पर चुरचू प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। प्रखंड के ग्राम पंचायत स्थित प्रसिद्ध महादेव मंदिर एवं ग्राम पंचायत स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरा क्षेत्र 'हर-हर महादेव' तथा 'ॐ नमः शिवाय' के जयघोष से गूंज उठा। महादेव मंदिर में आयोजित कलश यात्रा में मांडू विधायक तिवारी महतो शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उनकी आस्था एवं उत्साह को नजदीक से महसूस किया और पावन अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं।वहीं, ग्राम पंचायत स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर से निकाली गई कलश यात्रा में मांडू विधानसभा तिवारी महतो शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कलश यात्रियों से मुलाकात कर अंतिम सोमवारी के धार्मिक महत्व एवं आयोजन को लेकर चर्चा-परिचर्चा की तथा सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। इसी प्रकार से चुरचू प्रखंड के कई गांव में भी इसी तरह के कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य आकर्षण मंदिर में कलश यात्रा का आयोजन रहा। जिसमें कलश में भाग लेने वाले सभी श्रृद्धालुओं को कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। महिला, पुरुष एवं युवाओं ने धार्मिक उल्लास के साथ यात्रा में भाग लिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया।

## श्रद्धालुओं का जत्था हरिहर धाम पहुंचा किया जल अर्पित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़-गोमिया मार्ग पर स्थित भास्कर धाम मंदिर से चौथी सोमवारी पर विष्णुगढ़ कांवरिया सेवा संघ के द्वारा दूसरी बार कावड़ यात्रा निकाला गया। इस कावड़ यात्रा में महिला-पुरुष शिव श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग भाग लिया। कावड़ यात्रा की शुरूआत सुबह आठ बजे भास्कर धाम से हरिहर धाम मंदिर तक सभी श्रद्धालु पैदल यात्रा करके जयकारे लगाते हुए हरिहर धाम मंदिर में बाबा भोलेनाथ को जल अर्पित किया। इस कावड़ यात्रा में राजू श्रीवास्तव, अरविंद कुमार लाहकार, मिथिलेश बर्मन, सुरेश राम, सुजीत कुमार, मुस्कान कुमारी, रीता देवी सहित कई श्रद्धालु शामिल हुए। कावड़ यात्रा में सहयोग करने वाले में प्रयाग साव, राजश्री वास्त्रालय के अनिल बरनवाल, रणधीर बर्मन, ऋतिक मिश्रा का सहयोग रहा। कावड़ यात्रा में हरिहर धाम से सभी श्रद्धालुओं को आदर्श पब्लिक स्कूल के संस्थापक राणा इकबाल खान का सहयोग काफी सराहनीय रहा, उन्होंने अपने विद्यालय के बस के द्वारा सभी श्रद्धालुओं को हरिहर धाम से विष्णुगढ़ तक निशुल्क घर पहुंचने का कार्य किया साथ ही सुरेश भगत के द्वारा भी अपने गाड़ी से सभी श्रद्धालुओं को जो कांवरिया पैदल चल नहीं पा रहे थे उनको गाड़ी में बैठ कर छोड़ने का काम किया। इसके लिए सभी सहयोगियों को विष्णुगढ़ कावरिया सेवा संघ के द्वारा बहुत-बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी साथ ही भोलेनाथ उन लोगों पर मनोकामना बनाए रखें और हमेशा स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन यापन करने की कामना की।

# सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व को मनायें : थाना प्रभारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**विष्णुगढ़** : प्रखंड में आगामी ईद-ए-मिलादुन्नबी पर्व को लेकर रविवार को विष्णुगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सुभाष सिंह ने की, जबकि संचालन गुरु प्रसाद साव ने किया। बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं मोहल्लों से आए जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा दोनों समुदायों के लोग शामिल हुए। थाना प्रभारी सुभाष सिंह ने पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। पुलिस प्रशासन ने बताया कि सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। भ्रामक, आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अशांति की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। बैठक में सभी समुदायों के लोगों ने पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने का भरोसा दिलाया। मौके पर थाना प्रभारी सुभाष सिंह, गुरु प्रसाद साव, मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब, खलील अंसारी, समाजसेवी रफीक आलम, अब्बास अंसारी, शंभूलाल यादव, साबिर शेख, एसआई शिवम गुप्ता, नन्हकू महतो सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संकुल स्तरीय आचार्य बैठक का हुआ आयोजन

**हजारीबाग** : विद्या विकास समिति, झारखंड के प्रदेश सचिव, नकुल कुमार शर्मा ने सोमवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में संकुल स्तरीय आचार्य बैठक में आचार्य बंधु-भगिनी को संबोधित करते हुए कहा दिनांक 25 सितंबर 2026 को वंदे मातरम का 150वां वर्ष मनाया जा रहा है। इसमें पूरे भारतवर्ष के विद्या भारती के विद्यालय के सभी कार्यकर्ता एवं भैया-बहन वंदे मातरम का सस्वर गायन करेंगे। इसमें आप सभी की सक्रिय सहभागिता हो। आप सभी वंदे मातरम को पूर्ण याद करें। पूरे विश्व में भारतमाता की गूंज गूंजे। अपनी संस्कृति को आप अवश्य जाने संस्कृति ज्ञान अभियान में आप बढ़ चढ़कर भाग ले एवं समाज के विद्वत जन को भी इस परीक्षा में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

## राज्यपाल के आगमन से जनजातीय गौरव उत्सव का भव्य समापन

# महिला एवं जनजातीय उद्यमियों का हुआ सम्मान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**हजारीबाग** : शहर के ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में 17 से 24 अगस्त तक आयोजित जनजातीय गौरव उत्सव का सोमवार को भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में राज्यपाल पहुंचे और उन्होंने प्रदर्शनी एवं विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर जनजातीय, महिला एवं स्थानीय उद्यमियों के उत्पादों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने उद्यमियों से संवाद करते हुए उनके कार्यों की सराहना और उत्साहवर्धन किया। समारोह की शुरूआत राज्यपाल के ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर पहुंचने और स्वागत के साथ हुई। इसके बाद उन्होंने उत्सव में लगाए गए प्रमुख स्टॉलों एवं प्रदर्शनी का भ्रमण किया। मंच पर पहुंचने के बाद राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान हुआ। अतिथियों का मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके बाद दीप प्रज्वलन कर समापन समारोह का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में जनजातीय कला, संस्कृति, परंपरा एवं उत्सव के दौरान हुई प्रमुख गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इसके बाद उत्कृष्ट महिला एवं जनजातीय उद्यमियों के आठ समूहों को सम्मानित किया गया। समारोह में पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम ने भी अपने विचार रखे। इसके बाद राज्यपाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में आयोजन से जुड़े वक्ताओं ने कहा कि 17 से 24 अगस्त तक आयोजित जनजातीय गौरव उत्सव महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि झारखंड की जनजातीय संस्कृति, परंपरा, विरासत और महिला उद्यमिता को देश के विभिन्न राज्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास रहा। ओडिशा, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और झारखंड से पहुंचीं महिला उद्यमियों ने अपने उत्पाद, कला और हुनर का प्रदर्शन किया। आयोजकों ने कहा कि उत्सव के दौरान अलग-अलग राज्यों की महिला उद्यमियों को एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने और अपने हुनर को व्यवसाय से जोड़ने का अवसर मिला। झारखंड की जनजातीय संस्कृति और विरासत को दूसरे राज्यों से आए प्रतिभागियों ने जाना, वहीं झारखंड की महिलाओं को भी अन्य राज्यों की कला, संस्कृति और उद्यमिता से सीखने का अवसर मिला। इस आयोजन ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत किया।

# गणेश पूजा को लेकर समिति की बैठक, नयी कमेटी गठित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चरही** : चरही में गणेश पूजा के लिए नई समिति गठित की गई है।14 सितंबर को पूजा होगी और पांच दिनों तक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। चरही हजारीबाग के चरही चौक परिसर में रविवार को श्री गणेश पूजा समिति की बैठक ब्रजेश मिश्रा की अध्यक्षता में हुई. बैठक में आगामी 14 सितंबर को गणेश पूजा मनाने का निर्णय लिया गया इस दौरान पुरानी समिति को भंग कर नई समिति गठित की गयी। सर्वसम्मति से लालचंद महतो को अध्यक्ष, प्रकाश सिंह ब्रजेश मिश्रा को उपाध्यक्ष, विनोद ठाकुर सचिव, सिंटू शर्मा दीपक कुमार सिंह को सह सचिव, तथा सतीश सोनी को कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष रजनीकांत वर्णवाल, संतोष कुमार दास, बनाया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष गणेश पूजा को लेकर विशेष तैयारी की जायेगी। पूजा के अवसर पर पांच दिनों आयोजन किया जायेगा।

## लोयोला विद्यालय के 16 विद्यार्थियों ने कराटे ग्रेडिंग परीक्षा में रचा इतिहास

# सभी ने जीते गोल्ड मेडल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**चरही** : हजारीबाग लोयोला विद्यालय लाल बंगला चरही के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और अनुशासन का शानदार प्रदर्शन करते हुए कराटे के क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन किया है। दादी बलसारा कराटे अशिहारा काइकान फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय कराटे ग्रेडिंग एवं बेल्ट टेस्ट परीक्षा में लोयोला विद्यालय के कुल 16 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और सभी 16 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि से लोयोला विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल है। परीक्षा में सभी प्रतिभागियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। बच्चों ने अपनी शारीरिक क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन, तकनीकी दक्षता और कराटे के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए निर्णायकों को प्रभावित किया। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि लोयोला विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। शिक्षा के साथ-साथ खेल, आत्मरक्षा और व्यक्तित्व विकास को भी बराबर महत्व दिया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, यह सफलता बच्चों की कड़ी मेहनत और कराटे प्रशिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। हमें अपने विद्यार्थियों पर गर्व है। विद्यालय प्रबंधन ने फाउंडेशन के निर्णायकों और प्रशिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया।

## 63 केबीए का नया विद्युत ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को कराया उपलब्ध

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**विष्णुगढ़** : प्रखंड अंतर्गत गैडा पंचायत ग्राम चूकचूको में सोमवार को जिप सदस्य शेख तैयब ने 63 केबीए नये विद्युत ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन कर पूरे गांव को अंधेरे से उजाला में बदल दिया। बता दे कि बीते एक पखवारे से विद्युत ट्रांसफार्मर जल जाने से वहां के ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बिजली नहीं रहने से बिजली से संबंधित जरूरी सभी इंटरनेट सुविधा बाधित हो रही थी। इसकी जानकारी विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब को दी गई उन्होंने तत्काल इस पर पहल करते हुए बिजली विभाग से संपर्क कर 63 केबीए नये विद्युत ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को उपलब्ध कराया। जिसका विधिवत फीता काट कर उद्घाटन किया। उद्घाटन होते ही ग्रामीणों को बिजली की इस समस्या से निजात मिली। खुशी व्यक्त करते हुए इस नेक कार्य को लेकर उत्साहित ग्रामीणों द्वारा फूल मालाओं से भव्य स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब सभी जनप्रतिनिधियों से कही ज्यादा जन सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## नीरज कुमार लाल व ब्रजेश कुमार सिंह ने आचार्यों को दिये दिशा-निर्देश



**हजारीबाग** : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में आगामी 05 एवं 06 सितंबर 2026 तक प्रांतीय विज्ञान मेला 2026 का आयोजन होगा। इस निमित्त बैठक व्यवस्था में विभाग निरीक्षक, धनबाद विभाग व प्रांत के व्यवस्था प्रमुख, प्रांतीय विज्ञान मेला, नीरज कुमार लाल ने आगामी प्रांतीय विज्ञान मेला की व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विभागों की जानकारी प्राप्त की। कार्य योजना पर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा यह मेला विद्यालय का यज्ञ है। आप सभी अपने-अपने विभागों का चिंतन करें। स्वागत, वंदना व्यवस्था, जल, आवास, भोजन, स्वच्छता, अनुशासन, शौचालय, विद्युत, चिकित्सा, सुरक्षा आदि की सर्वोत्तम व्यवस्था हो। आप प्रसन्नता के साथ स्नेह एवं आत्मीयता का भाव रखकर कार्यक्रम में अपने-अपने दायित्व का निर्माण करें। आप सभी के संयुक्त प्रयास से यह कार्यक्रम सर्वोत्तम होगा। आप सभी कार्यक्रम में सक्रिय रहे। सभी विभागों का चिंतन करें। व्यवस्था एवं प्रतियोगिता की दृष्टि से परिणाम बेहतर निकले ऐसा हमारा लक्ष्य हो' मौके पर हजारीबाग विभाग के विभाग निरीक्षक, ब्रजेश कुमार सिंह ने व्यवस्था से संबंधित मार्गदर्शन किया। बैठक में विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू, उपस्थित थे। मौके पर विद्यालय के आचार्य बंधु-भगिनी उपस्थित थे। गौरतलब है कि आगामी प्रांतीय विज्ञान मेला में पूरे झारखंड प्रांत के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के विद्यालयों में पढ़ने वाले चयनित बाल वैज्ञानिकों के भैया-बहनों के आने की सूचना हैं।

# जेएसएलपीएस कैडरों की मानदेय बढ़ोतरी को लेकर बीडीओ व बीपीएम को सौंपा मांग पत्र

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**चरही/हजारीबाग** : जेएसएलपीएस कैडरों के मानदेय बढ़ोतरी को लेकर सोमवार को चुरचू बीडीओ वा बीपीएम को मांग पत्र सौपा जेएसएलपीएस ने नेतृत्व में चुरचू बीडीओ ललित राम को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा गया है कि जेएसएलपीएस कैडर वर्षों से गांवों में महिला समूहों, आजीविका गतिविधियों और सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उसके बावजूद उन्हें अपेक्षाकृत कम मानदेय मिल रहा है। कैडरों ने मानदेय में सम्मानजनक बढ़ोतरी करने तथा कार्य के अनुरूप अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराने की मांग की। कैडरों ने कहा कि बढ़ती महंगाई के दौर में वर्तमान मानदेय में परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। वह नियमित रूप से क्षेत्र में कार्य करते हुए ग्रामीण महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों को योजनाओं से जोड़ने का काम कर रही हैं। उसके बावजूद उनके कार्य और जिम्मेदारी के अनुरूप पारिश्रमिक नहीं मिल रहा है। कैडरों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो आगे चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने को लेकर कैडर एकजुट हैं। मौक पर रमनी देवी, सावित्री देवी शांति देवी संगीता देवी, सुचिता देवी, मालती देवी, रूबी देवी, फूल कुमारी, सरिता देवी, बबीता देवी, अफसाना खातून बीना देवी, उमावती देवी, संजू देवी, तिलसो देवी अनीता देवी नूरजहां खातून कंचन कुमारी समेत बड़ी संख्या में कैडर मौजूद रहीं।

# औचक निरीक्षण में खुली स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल, करमा केन्द्र में आठ में सिर्फ तीन कर्मी मिले

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**चौपारण** : प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बीच सोमवार को विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करमा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कठम्बा-बसरिया का औचक निरीक्षण किया। अचानक हुए निरीक्षण से स्वास्थ्य केंद्रों में कुछ समय के लिए हलचल मच गई। निरीक्षण के दौरान करमा स्वास्थ्य केंद्र में कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर गंभीर स्थिति सामने आई। जानकारी के अनुसार, करमा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कुल आठ स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति है, लेकिन निरीक्षण के दौरान महज तीन कर्मी ही उपस्थित मिले। वहीं, अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों को लेकर स्थानीय स्तर पर लगातार शिकायतें मिलने की बात भी सामने आयी। लोगों की शिकायत थी कि कुछ स्वास्थ्यकर्मी निर्धारित समय पर केंद्र में उपस्थित नहीं होते हैं, जिसके कारण मरीजों एवं उनके परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि ने स्वास्थ्य केंद्र की उपस्थिति पंजी, कर्मचारियों की मौजूदगी और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों से व्यवस्था को लेकर भी पूछताछ की और स्पष्ट कहा कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

करमा के बाद विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कठम्बा-बसरिया पहुंचे। यहां निरीक्षण के दौरान लगभग सभी कर्मचारी उपस्थित पाये गये। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था का जायजा लिया और मरीजों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के बाद विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चौपारण पहुंचे और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से मुलाकात कर करमा एवं बसरिया स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्था सुचारु रखना बेहद जरूरी है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए यही स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक उपचार का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

**अनुपस्थित कर्मियों से मांगा जायेगा स्पष्टीकरण : डॉ. रजनीकांत**

**विधायक** प्रतिनिधि द्वारा रखी गई बातों को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रजनीकांत ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा इस तरह का निरीक्षण किया जाना व्यवस्था में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सजग जनप्रतिनिधियों के सहयोग से स्वास्थ्य व्यवस्था में सामने आने वाली कमियों को दूर किया जा सकता है।

# खान एवं खनिज संशोधन विधेयक 2026 से कई जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रभाव पड़ेगा : जय प्रकाश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**हजारीबाग** : जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पुराने बस स्टैंड स्थित भगवान बिरसा मुण्डा प्रतिमा के निकट खान एवं खनिज संशोधन विधेयक 2026 को लेकर एकदिवसीय उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुण्डा के के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर के किया गया। आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की। इस अवसर उन्होंने संबंधित झारखंड के हितों में खनिज संपदा एवं राज्यों के अधिकारी से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि एमएमडीआर संशोधन विधेयक खनिजों पर सेस हटाने से झारखंड में कई कल्याणकारी योजनाओं पर इसका प्रभाव पड़ेगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, पेंशन तथा मईयां सम्मान योजना जैसी योजनाएं पूर्ण रूप से प्रभावित होगी। वर्ष 2024-25 में खनिज से झारखंड को 1380 करोड़ तथा 2025-26 में 7487.91 करोड़ मिले थे। इससे कई योजनाओं की प्रगति में राज्य वित्तीय सहायता मिले थे। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष निसार खान जबकी धन्यवाद ज्ञापन चुरचू प्रखंड अध्यक्ष नौशाद आलम ने किया। उपवास कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह कॉर्डीनेटर शैलेन्द्र कुमार यादव, बिनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव नवीन कुमार, रेणु कुशवाहा प्रदेश प्रवक्ता साजिद अली खान वरिष्ठ कांग्रेसी लाल बिहारी सिंह, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, नगर अध्यक्ष परवेज अहमद उपाध्यक्ष आलम, सलीम रजा, सुखदेव यादव, बाबर अंसारी महासचिव संजय कुमार सिंह, दिलीप कुमार रवि, जय प्रकाश यादव, जावेद इकबाल, दीपक गुप्ता, विजय कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता मनोज नरायण भगत, जय कुमार महतो, अनिल कुमार राय, सरयु यादव, रघु जायसवाल, सोनी मेहता, संगीता कुमारी, कलावती कुमारी, देवकी महतो, धीरज सिंह, मोहम्मद वारिस, राम कुमार पटेल, गिरजा शंकर, बालेश्वर महतो, मुस्ताक अंसारी, जुबैर खान, गुरू प्रसाद, रोहन ठाकुर, आरिफ अंसारी, अरूण कुमार सिन्हा, मोहम्मद कमरूउद्दीन, विष्णुधारी महतो, महेश प्रसाद, गुलाम मुस्तफा, दानिश अहमद, शाहनवाज अख्तर, माशूक रजा, तथागत विजीत, अरविंद झा, खागपति महतो, के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## झारखंड के खनिज पर पहला अधिकार झारखंड की जनता का : मुन्ना सिंह



**दारू (हजारीबाग)** : केंद्र सरकार द्वारा लाये गये खान एवं खनिज (विधेयक) 2026 के विरोध में हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित एक दिवसीय अनशन एवं विरोध-प्रदर्शन में पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के प्रस्तावित कानून का विरोध करते हुए झारखंड के खनिज संसाधनों पर राज्य की जनता के अधिकार की बात कही। मुन्ना सिंह ने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है। यहां की धरती से निकलने वाले कोयला, लौह अयस्क सहित अन्य खनिज संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार झारखंड की जनता का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी भी कानून का कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करेगी, जिससे राज्य के अधिकार और हित प्रभावित होते हों। उन्होंने कहा कि खनिज संपदा का उपयोग राज्य के विकास, रोजगार सृजन और आम जनता के हित में होना चाहिए। झारखंड के प्राकृतिक संसाधनों से होने वाले लाभ में राज्य की जनता की प्राथमिक हिस्सेदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। मुन्ना सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झारखंड के अधिकारों और जनता के हितों की लड़ाई लगातार लड़ती रही है और आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी।

## अंजुमन बज्म-ए-अहले सुन्नत कमेटी पिपरा की प्रेस वार्ता

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ग्रामीणों का जताया आभार



**चरही** : अंजुमन बज्म-ए-अहले सुन्नत कमेटी पिपरा के चुनाव संपन्न होने के बाद आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में नवनिर्वाचित सदर (अध्यक्ष) हाजी अशरफ अली और नवनिर्वाचित कोषाध्यक्ष जिब्राइल अंसारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इसके साथ ही चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने वाले चुनाव आयोग के मुख्य अध्यक्ष सलमान अंसारी भी शामिल हुए। पत्रकारों को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सदर हाजी अशरफ अली ने कहा कि आने वाले दिनों में अंजुमन कमेटी को और अधिक मजबूती प्रदान की जायेगी। समाज और समुदाय के विकास के साथ-साथ अधूरे पड़े धार्मिक व सामाजिक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जायेगा। कोषाध्यक्ष जिब्राइल अंसारी ने ग्रामीणों और कमेटी के सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे और ग्रामीणों ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। चुनाव आयोग के मुख्य अध्यक्ष सलमान अंसारी ने चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पूरे गांव वासियों के सहयोग और समर्थन की सराहना की और सभी का आभार व्यक्त किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्थानीय ग्रामीणों और समर्थकों ने नई कमेटी को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## एक झलक

### हादसे में घायल व्यक्ति को झरिया विधायक ने अस्पताल पहुंचा कर कराया बेहतर इलाज

**धनबाद** : पुलिस लाइन स्थित फल दुकान के समीप रविवार देर शाम सड़क हादसे में घायल एक व्यक्ति को झरिया विधायक रागिनी सिंह ने अस्पताल पहुंचाकर मानवीय संवेदना की मिसाल पेश की। बताया गया कि विधायक अपने कार्यक्रम से लौट रही थीं। इसी दौरान सड़क के डिवाइडर पर एक व्यक्ति गंभीर अवस्था में घायल पड़ा दिखाई दिया। आशंका जताई गई कि अज्ञात वाहन की टक्कर से वह घायल हुआ था। घायल को सड़क पर पड़ा देख विधायक ने तत्काल अपना वाहन रुकवाया और सहयोगियों की मदद से उसे इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच अस्पताल धनबाद पहुंचाया। विधायक ने अस्पताल के अधीक्षक को फोन कर घटना की जानकारी दी तथा घायल के बेहतर एवं समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। विधायक की तत्परता से घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सका, जहां उसका उपचार शुरू किया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने भी विधायक के इस मानवीय पहल की सराहना की। रागिनी सिंह ने कहा कि सड़क पर किसी घायल व्यक्ति को देखकर उसकी मदद करना हम सभी का मानवीय दायित्व है। समय पर उपचार मिलने से किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने लोगों से भी सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद करने और जरूरत पड़ने पर तत्काल अस्पताल पहुंचाने की अपील की।

### न्यू स्टेशन रेलवे कॉलोनी में विधिवत हुई खूंटी पूजा, भव्य दुर्गोत्सव की तैयारियां शुरू

**धनबाद** : न्यू स्टेशन रेलवे कॉलोनी स्थित श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति की ओर से सोमवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ खूंटी पूजा का आयोजन किया गया। समिति के मुख्य संरक्षक एवं समाजसेवी कुम्भनाथ सिंह, मुख्य समन्वयक वीरेंद्र भगत (कालकाजी सेवादार) तथा श्रीराम सेना के उपाध्यक्ष सह समिति अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना कर खूंटी पूजा संपन्न कराई। खूंटी पूजा के अवसर पर ढोल-नगाड़ों की टीम ने पूजा स्थल और आसपास के क्षेत्र में भ्रमण करते हुए माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके साथ ही समिति ने आगामी दुर्गोत्सव की तैयारियों का विधिवत शुभारंभ किया। मौके पर कुम्भनाथ सिंह, वीरेंद्र भगत और उदय प्रताप सिंह ने दुर्गा पूजा के सफल एवं भव्य आयोजन की कामना की। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए हरसंभव सहयोग और समय देने की बात कही। उदय प्रताप सिंह ने कहा कि समिति की ओर से प्रत्येक वर्ष हिंदू-मुस्लिम भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है। यह आयोजन सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करता है। कार्यक्रम में समिति के महासचिव मुन्ना सिंह, सुदिष्ट कुमार यादव, संगीत सिंह, चेंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के अध्यक्ष सोहराब खान, इमरान अली उर्फ जीवा, दिनेश कुशवाहा, हुमायूं राजा, परवेज खान, सलाउद्दीन समेत समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### शिक्षकों की कमी से प्रभावित हो रहा पठन-पाठन, शिक्षक पद सृजित करने की मांग

**धनबाद/बलियापुर** : राजकीय बुनियादी उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में शिक्षकों की कमी के कारण पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सपन कुमार महतो ने सोमवार को मुख्यमंत्री सचिवालय में आवेदन देकर विद्यालय में शिक्षक एवं अन्य पद सृजित करने तथा अविलंब शिक्षकों की बहाली की मांग की है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि विद्यालय को वर्ष 2016 में उच्च विद्यालय तथा वर्ष 2022 में प्लस टू उच्च विद्यालय में उत्क्रमित किया गया था। इसके बावजूद अब तक विभाग की ओर से शिक्षकों एवं अन्य पदों का सृजन नहीं किया गया है। इस कारण विद्यालय में नियमित शिक्षकों की बहाली नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कक्षा एक से आठवीं तक मात्र पांच शिक्षक पदस्थापित हैं, जबकि कक्षा नौवीं से दसवीं तक पांच प्रतिनियोजित शिक्षक कार्यरत हैं। वहीं, 11वीं और 12वीं कक्षा के लिए एक भी शिक्षक नहीं है। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। विद्यालय में वर्तमान में करीब 985 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। अध्यक्ष ने कहा कि पर्याप्त शिक्षकों के अभाव में बच्चों का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सरकार से शीघ्र शिक्षक पद सृजित कर बहाली की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। इस दौरान सपन कुमार महतो के साथ संतोष बाउरी, मानिक कुंभकार, शिवनाथ रवानी और नाटू बाउरी भी मुख्यमंत्री सचिवालय पहुंचे थे।

# सावन की अंतिम सोमवारी पर मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**सिन्दरी (धनबाद)** : श्रावण मास की अंतिम सोमवारी पर शहरपुरा स्थित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। श्रद्धालु हाथों में जल, बेलपत्र, पुष्प, दूध एवं अन्य पूजन सामग्री लेकर मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। सिंदरी का प्रसिद्ध एवं प्राचीन नागधारी धाम शिव मंदिर हर्ल कारखाना परिसर में स्थित है। मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं में गहरी आस्था है। मान्यता है कि यहां विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने से वे प्रसन्न होते हैं और कारखाने का उत्पादन निर्बाध गति से चलता रहता है। सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के आयोजक सतेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में सुबह से ही श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखा गया। सुबह 11 बजे से महाभंडारे के रूप में खीर प्रसाद का वितरण शुरू किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद खीर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा और हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे।

## कतरास क्लब में धूमधाम से मना सावन महोत्सव, महिलाओं ने बढ़ाया उत्साह



**बाघमारा (धनबाद)** : कतरास क्लब, सिजुआ दो नंबर में सोमवार को सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। सावन की हरियाली, उमंग और उत्साह के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की नेत्रियों एवं महिला कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन पप्पू कुमार सिंह, राम सिंह, डब्लू आलम एवं जिला अध्यक्ष जलाल अंसारी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में तेतुलमारी मंडल के महामंत्री कृष्ण लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। सावन महोत्सव के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक अंदाज में सावन की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। महिला कार्यकर्ताओं ने एकता, अनुशासन और संगठनात्मक मजबूती का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सावन के गीत-संगीत और उत्सवी माहौल के बीच महिलाओं ने एक-दूसरे को सावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बंदना सिन्हा, सपना सिंह, अनीता देवी, स्वीटी शर्मा, रेखा देवी, सीमा देवी, सुमन देवी, कौशल्या देवी, शांति देवी, पूनम देवी, गुड़िया देवी, आशा पांडेय, किरण सिंह, जूली सिंह, सत्य देवी, पुनीता देवी एवं रीता देवी सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं। सभी ने पूरे उत्साह के साथ महोत्सव में भाग लिया। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओंमें टिंकू दास, राजीव पासवान, रॉबिन पासवान, महेश कुमार, श्याम दास एवं गंगा दास सहित कतरास क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

## अंतिम सोमवारी पर पाथरडीह क्षेत्र के शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**पाथरडीह (धनबाद)** : पवित्र श्रावण मास की अंतिम सोमवारी के अवसर पर सोमवार को सुदामडीह-पाथरडीह क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने कतारबद्ध होकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। हर-हर महादेव और बोलबम के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। चासनाला स्थित बाबा प्रेमनाथ शिव मंदिर, पाथरडीह ऑटो स्टैंड स्थित शिव मंदिर, अजमेरा, साउथ कॉलोनी, लोको बाजार स्थित बोलबम शिव मंदिर, मोहन बाजार, एनबीसीसी कॉलोनी स्थित पंचदेव शिव मंदिर तथा डांगालधौड़ा स्थित आदि शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। महिलाओं, बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में पूजा को लेकर विशेष उत्साह रहा। कई श्रद्धालुओं ने सोमवारी का उपवास रखकर परिवार और समाज के कल्याण की कामना की तथा मनोकामना पूरी होने की प्रार्थना की। वहीं, अंतिम सोमवारी को लेकर विभिन्न मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। शाम को भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन किया गया। आरती के समापन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूरे क्षेत्र में दिनभर धार्मिक उत्साह और भक्तिमय वातावरण बना रहा।

## शालीमार गायत्री मंदिर में श्रद्धा और उल्लास से मना सावन महोत्सव



**झरिया (धनबाद)** : शालीमार गायत्री मंदिर परिसर में प्रज्ञा मंडल महिला मंडल के तत्वावधान में सोमवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने सावन माह की खुशियां साझा करते हुए विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। महोत्सव के दौरान सुहागिन महिलाओं के बीच श्रृंगार सामग्री का वितरण किया गया। महिलाओं ने एक-दूसरे को श्रृंगार सामग्री भेंट कर सुखी वैवाहिक जीवन, परिवार की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में गायत्री परिवार से जुड़ी बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। इस अवसर पर खुशबू यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को एक-दूसरे से जोड़ने के साथ आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकजुटता को मजबूत करते हैं। सावन महोत्सव के आयोजन से मंदिर परिसर में पूरे दिन उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहा। महिलाओं ने कार्यक्रम का आनंद लेते हुए सावन की परंपराओं और संस्कृति को जीवंत किया।

## हर हर महादेव के जयघोष से गूंजा क्षेत्र

**अलकडीहा (धनबाद)** : पवित्र श्रावण मास की अंतिम चौथी सोमवारी के अवसर पर अलकडीहा स्थित बूढ़ा बाबा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बाबा भोलेनाथ के दर्शन, पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी रही। हर-हर महादेव और बोलबम के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। कई भक्तों ने उपवास रखकर परिवार एवं समाज के कल्याण की प्रार्थना की। चौथी सोमवारी को लेकर महिलाओं, बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में विशेष उत्साह देखने को मिला। शाम को मंदिर परिसर में बाबा भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार एवं पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## सिन्दरी में दिखा उज्जैन के महाकाल और बनारस की गंगा आरती का अद्भुत संगम

**सिन्दरी (धनबाद)** : सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के सौजन्य से शहरपुरा शिव मंदिर में उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर भस्म आरती और बनारस की गंगा आरती का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान पूरा सिंदरी जय महाकाल और हर-हर गंगे के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरूआत बनारस से आए पंडित दीपक तिवारी के नेतृत्व में विद्वान पंडितों के दल ने नटराज स्वरूप डमरू वादन से की। इसके बाद अलंकृत एवं श्रृंगारित नर्मदेश्वर शिवलिंग की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूजा के यजमान सोनू गिरी एवं उनकी धर्मपत्नी नेहा गिरी रहे। भस्म आरती के दौरान नर्मदेश्वर शिवलिंग के चारों ओर उड़ती भस्म और धुएं के बीच बना आध्यात्मिक वातावरण श्रद्धालुओं को रोमांचित कर रहा था। जय महाकाल के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। इसके बाद शिव मंदिर पोखरा के तट पर बनारस की गंगा आरती की तर्ज पर भव्य आरती हुई। पंडित दीपक तिवारी एवं उनकी टीम ने अग्नि दीप के साथ नृत्य करते हुए ऐसा मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया कि श्रद्धालु हर-हर गंगे का जयघोष करते रहे। लोगों को ऐसा प्रतीत हुआ मानो बनारस की गंगा आरती का साक्षात दर्शन सिंदरी में हो रहा हो। धार्मिक आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचे। आयोजन को सफल बनाने में विजय सिंह, रंजीत कुमार निषाद, रोहित सिंह, नीरज गिरी, सिंटू सिंह, विनोद यादव एवं रवि कुमार ने सहयोग किया। वहीं, विंदास लेडीज ग्रुप की ओर से श्रद्धालुओं के बीच चाय का वितरण किया गया।

## छाताबाद के पीड़ित परिवारों को न्याय दिलायेगा झामुमो : हफीजुल हसन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**बाघमारा (धनबाद)** : कैलूडीह छाताबाद स्थित जीटीएस डेको आउटसोर्सिंग गेट के समक्ष सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा कतरास नगर कमेटी की ओर से आमसभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने कहा कि छाताबाद के एक-एक पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए झामुमो पूरी मजबूती के साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि छाताबाद जैसी घटना जहां भी होगी, पार्टी पीड़ितों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी और प्रभावित परिवारों को सम्मानजनक सहयोग दिया जायेगा। मंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा खनिज संपदा की रॉयल्टी को अपने अधीन करने के प्रस्ताव का विरोध करते हुए सात सितंबर को सभी प्रखंड कार्यालयों में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने दावा किया कि केंद्र के फैसले से झारखंड को करीब 20 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि फैसला वापस नहीं लिया गया तो झारखंड से एक छटाक कोयला बाहर नहीं जाने दिया जाएगा। हफीजुल हसन ने बीसीसीएल प्रबंधन की कार्यशैली की आलोचना करते हुए कहा कि कंपनी की मनमानी अब नहीं चलने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि वह पांच वर्षों तक बीसीसीएल में सर्वेयर के रूप में काम कर चुके हैं और डीजीएमएस की कार्यप्रणाली से भी परिचित हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और बीसीसीएल अधिकारियों को कार्यक्रम की सूचना दी गई है तथा उनके साथ बैठक प्रस्तावित है। पार्षद मो. शहाबुद्दीन ने बताया कि बीसीसीएल प्रबंधन, मंत्री और ग्रामीणों के बीच हुई वार्ता में 20 लाख रुपये मुआवजे को लेकर सहमति नहीं बन सकी। पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने बीसीसीएल पर एनवायरमेंट क्लीयरेंस के विपरीत माइनिंग करने का आरोप लगाते हुए सीएमडी के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। सभा की अध्यक्षता रति लाल टुडू ने की, जबकि संचालन धीरेन रवानी ने किया। मौके पर मन्नू आलम, अताउर रहमान, आमिर खान, दयाल महतो, मंसूर आलम, मुन्ना सिद्दीकी, मो. आजाद, वकील अली, राजा अंसारी, तोहिद अंसारी, मिनाज अंसारी और जाहिद कुरैशी समेत अन्य मौजूद थे।

## झारखंड में भी मिलावट के खिलाफ महाराष्ट्र की तर्ज पर अभियान चलाने की जरूरत : ब्रजेंद्र सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद** : धनबाद जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष एवं एआईसीसी सदस्य ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने झारखंड में खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने की मांग राज्य सरकार से की है। उन्होंने कहा कि पनीर, दूध, मिठाई समेत विभिन्न खाद्य पदार्थों में धड़ल्ले से मिलावट की जा रही है। इससे आम लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में कई प्रमुख त्योहार हैं। ऐसे में मिठाई और दूध से बने खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ेगी। इसलिए सरकार को अभी से विशेष जांच अभियान चलाकर मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड में महाराष्ट्र की तर्ज पर खाद्य पदार्थों की जांच के लिए व्यापक अभियान चलाने की जरूरत है। महाराष्ट्र में फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के आयुक्त तुकाराम मुंडे के नेतृत्व में मिलावट के खिलाफ कार्रवाई से मिलावटखोरों में डर का माहौल बना है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि झारखंड में भी खाद्य सुरक्षा विभाग को सक्रिय कर मिठाई, दूध, पनीर और अन्य खाद्य पदार्थों की नियमित जांच कराई जाये। दोषी पाये जाने वाले कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई हो, ताकि लोगों को मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचाया जा सके और उनके स्वास्थ्य की रक्षा हो।

## कोयले की मांग को लेकर मजदूरों ने ब्लॉक-2 में किया चक्का जाम

**बाघमारा (धनबाद)** : बेनीडीह, नादखरकी एवं जमुनिया कोल डंप के रोड सेल में पर्याप्त मात्रा में कोयला उपलब्ध कराने की मांग को लेकर मजदूरों ने सोमवार को ब्लॉक-2 क्षेत्र में चक्का जाम कर दिया। सुबह करीब आठ बजे शुरू हुए आंदोलन के कारण क्षेत्र में वाहनों का परिचालन प्रभावित रहा। मजदूरों ने सड़क पर उतरकर प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताई और रोड सेल में नियमित कोयला उपलब्ध कराने की मांग की। मजदूरों का आरोप था कि तीनों कोल डंप में रोड सेल के लिए पर्याप्त कोयला नहीं गिराया जा रहा है। इसके कारण डीओ होल्डर कोयला उठाव के लिए ट्रक नहीं लगा रहे हैं और लोडिंग का काम प्रभावित हो रहा है। मजदूरों ने कहा कि रोड सेल में काम नहीं मिलने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। सूचना मिलने पर बीसीसीएल अधिकारी मौके पर पहुंचे और मजदूरों से वार्ता कर आंदोलन समाप्त कराने का प्रयास किया।

## स्थायी रोजगार की मांग को लेकर 11 श्रमिकों ने खदान का काम रोका



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**निरसा (धनबाद)** : गोपीनाथपुर स्थित एमओबीपीएल में जीसीपीएल कंपनी के अधीन कार्यरत 11 श्रमिकों ने स्थायी रोजगार की मांग को लेकर सोमवार को खदान के इनक्लाइन का काम बंद कर दिया। श्रमिकों का कहना है कि वे पिछले करीब दो वर्षों से कंपनी के अधीन काम कर रहे थे। उनके साथ काम करने वाले कई श्रमिकों को कंपनी में अस्थायी रूप से नियुक्त कर लिया गया, लेकिन उन्हें अब तक रोजगार से वंचित रखा गया है।

श्रमिकों के अनुसार, जब वे पंप में काम कर रहे थे, तब कंपनी प्रबंधन की ओर से आश्वासन दिया गया था कि धीरे-धीरे उन्हें कंपनी में समायोजित कर लिया जायेगा। दिसंबर में पंप सूख जाने के बाद उन्हें यह कहकर काम से बैठा दिया गया कि वे ठेकेदार के अधीन कार्यरत थे। श्रमिकों ने सवाल उठाया कि यदि सभी श्रमिक ठेकेदार के अधीन काम कर रहे थे, तो केवल 11 लोगों को ही काम से क्यों बैठाया गया। श्रमिकों ने बताया कि इस मामले को लेकर कंपनी प्रबंधन से कई बार वार्ता हुई। प्रबंधन ने कुछ समय मांगा और कहीं न कहीं काम पर लगाने का आश्वासन दिया, लेकिन करीब आठ महीने बीतने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसके बाद जलाधार बाउरी, व्यास नोनिया, विकास बाउरी, सियाराम कुमार, राहुल राम, गणेश बाउरी, बीरू भुइयां, बाबलू धीबर, शिवू बाउरी, तुषार बाउरी और रोहित कुमार ने काम बंद कर दिया। श्रमिकों ने कहा कि प्रबंधन से वार्ता कर स्थायी रोजगार की समस्या का समाधान होने तक काम शुरू नहीं किया जायेगा।

## रैयती जमीन पर खनन के विरोध में ग्रामीणों ने कराया काम बंद



**जोरापोखर (धनबाद)** : झरिया अंचलाधिकारी मनोज कुमार के रोक के आदेश के बावजूद सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना प्रबंधन द्वारा बागड़ीगी बस्ती की रैयती जमीन पर सोमवार को दोबारा खनन कार्य शुरू किए जाने का ग्रामीणों ने विरोध किया। दर्जनों ग्रामीण परियोजना के समीप पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए खनन कार्य बंद करा दिया। ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे नयन चक्रवर्ती ने बताया कि बागड़ीगी मौजा के खाता संख्या 121 में करीब 2 एकड़ 32 डिसमिल जमीन रैयती है। आरोप है कि परियोजना विस्तार के नाम पर प्रबंधन द्वारा उक्त जमीन पर जबरन खनन कराया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर झरिया सीओ ने जांच के बाद प्रबंधन को रैयती जमीन पर खनन कार्य रोकने का निर्देश दिया था। ग्रामीणों का आरोप है कि सीओ के आदेश की अनदेखी करते हुए सोमवार को फिर से उक्त जमीन पर खनन शुरू कर दिया गया। इसकी सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण परियोजना स्थल पर पहुंच गए और जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रबंधन ने खनन कार्य बंद कर मशीनें वहां से हटा लीं। मौके पर राजकुमार, पूर्ण कुमार गुप्ता, सुनील रजक, घनश्याम साव, उज्ज्वल चक्रवर्ती, सीता देवी, गीता देवी, संजू देवी, चमेली, मीना देवी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## भू-धंसान प्रभावित रैयतों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए सीएमडी से मिलेंगे संतोष सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**झरिया (धनबाद)** : परसाटांड़ स्थित श्रमिक कल्याण केंद्र, राजा शिव प्रसाद कॉलेज के पीछे भू-धसान के कारण कई घरों में दरारें आने से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। सोमवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया और प्रभावित रैयतों व स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। संतोष कुमार सिंह ने कहा कि भू-धसान प्रभावित परिवारों की सुरक्षा के साथ उनके अधिकारों की रक्षा भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही सीएमडी से मुलाकात कर प्रभावित रैयतों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग करेंगे। साथ ही, जिन घरों में दरारें आई हैं, उनका निष्पक्ष आकलन कराकर प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने की पहल की जायेगी। उन्होंने कहा कि भू-धसान की गंभीर समस्या को देखते हुए प्रशासन और संबंधित प्रबंधन को तत्काल आवश्यक कदम उठाने चाहिए। प्रभावित लोगों को उनके हाल पर छोड़ना उचित नहीं है। कांग्रेस प्रभावित रैयतों की आवाज मजबूती से उठाएगी और मुआवजा व स्थायी समाधान के लिए हर स्तर पर पहल करेगी। मौके पर झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष कुमार गौरव, प्रदेश कांग्रेस महासचिव शमशेर आलम, मुख्तार खान, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह योगी, झरिया नगर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार साव, खालिद हुसैन, भोला सिंह, वीरेंद्र यादव, अजित कुमार सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।

## असंगठित मजदूरों की समस्याओं को लेकर जदयू प्रतिनिधिमंडल ने बीसीसीएल सीएमडी से की मुलाकात



**धनबाद** : असंगठित मजदूरों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) धनबाद जिलाध्यक्ष पिंटु कुमार सिंह के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को बीसीसीएल मुख्यालय पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने बीसीसीएल सीएमडी मनोज अग्रवाल से मुलाकात कर मजदूरों से जुड़ी समस्याओं को उनके समक्ष रखा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मांगों से संबंधित एक ज्ञापन भी सीएमडी को सौंपा। जदयू नेताओं ने कहा कि बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत असंगठित मजदूरों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मजदूरों के हितों से जुड़े मुद्दों पर प्रबंधन को गंभीरता से पहल करने की आवश्यकता है। प्रतिनिधिमंडल ने मजदूरों की समस्याओं का जल्द समाधान कराने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल में जदयू धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, मजदूर जदयू के प्रभारी राजेंद्र राही, मजदूर जदयू के जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह समेत अन्य सदस्य शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि बीसीसीएल प्रबंधन मजदूरों की समस्याओं पर सकारात्मक पहल करते हुए आवश्यक कार्रवाई करेगा।

## धनबाद एसएसपी कार्यालय को मिला नया स्वरूप, हरित वाटिका से संवरा थाना परिसर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद** : समाहरणालय परिसर स्थित वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय के जीर्णोद्धार के बाद सोमवार को इसे आधुनिक और आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया। बोकारो प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने वैदिक रीति-रिवाज से नवनिर्मित एसएसपी कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर एसएसपी प्रभात कुमार, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब समेत जिले के सभी डीएसपी एवं एसडीपीओ मौजूद रहे। जीर्णोद्धार के बाद एसएसपी कार्यालय में फ्रंट ऑफिस, टेलीफोन सेक्शन और कंप्यूटर सेक्शन जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। अब कार्यालय आने वाले मुलाकातियों को टोकन दिया जाएगा। इससे अधिकारियों से मिलने की प्रक्रिया व्यवस्थित और पारदर्शी होगी। शिकायतों और मुलाकातियों से संबंधित जानकारी का ऑनलाइन रिकॉर्ड भी रखा जायेगा। शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग के साथ निष्पादन के बाद संबंधित व्यक्ति को इसकी सूचना दी जाएगी। कार्यालय के गलियारों में स्वतंत्रता सेनानियों की तस्वीरें लगाने की भी तैयारी है। इससे यहां आने वाले लोगों को देश के स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानियों के योगदान की जानकारी मिलेगी। उद्घाटन के दौरान आईजी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने एसएसपी कार्यालय के नए स्वरूप की सराहना की। उन्होंने कहा कि धनबाद एसएसपी कार्यालय आधुनिक और जनोन्मुख पुलिसिंग का बेहतर उदाहरण बनकर उभरा है। उन्होंने एसएसपी प्रभात कुमार की कार्यप्रणाली की भी प्रशंसा की। एसएसपी कार्यालय के उद्घाटन के बाद आईजी समेत वरीय पुलिस पदाधिकारी धनबाद थाना पहुंचे। यहां नवनिर्मित हरित वाटिका का उद्घाटन किया गया। आईजी ने थाना परिसर में स्वच्छता और हरियाली की पहल की सराहना की। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि हरित वाटिका केवल सौंदर्यीकरण नहीं, बल्कि पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करने की पहल है।

# धनबाद में अनोखा सड़क सुरक्षा अभियान, बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद** : रक्षाबंधन से पहले सड़क सुरक्षा को लेकर धनबाद में अनोखा और भावनात्मक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन, यातायात पुलिस और शिक्षा विभाग की पहल पर 40 से अधिक स्कूली छात्राओं ने सड़क पर उतरकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। छात्राओं ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की और उनसे सुरक्षित वाहन चलाने का वचन लिया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस सहित विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं यातायात पुलिसकर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अभियान में शामिल हुईं। उन्होंने बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों और बिना सीट बेल्ट कार चलाने वालों को रोककर राखी, तिलक और फूल-माला के साथ यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प दिलाया। छात्राओं के पोस्टरों पर लिखा था–भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना, जब भी वाहन चलाना, यातायात नियमों का पालन करना और राखी बांधी है प्यार से, हेलमेट पहनना अगली बार से। छात्राओं ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ओवरस्पीडिंग से बचने और नियमों का पालन करने की अपील की। उपायुक्त आदित्य रंजन और एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर चल रहे इस अभियान में ट्रैफिक थाना प्रभारी जयप्रकाश ने कहा कि उद्देश्य सिर्फ चालान करना नहीं, बल्कि लोगों की जिंदगी बचाना और सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम करना है। अभियान तीन दिनों तक चलेगा। इसके बाद नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। राखी का धागा इस बार भाई-बहन के रिश्ते के साथ सड़क सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक भी बन गया है।

## कस्तूरबा विद्यालय में छात्राओं ने विधायक को बांधी राखी



**धनबाद/बलियापुर** : रक्षाबंधन के पावन अवसर पर सोमवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, बड़ादहा में भावनात्मक माहौल देखने को मिला। सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो विद्यालय पहुंचे, जहां छात्राओं ने उनका स्वागत करते हुए उनकी कलाई पर राखी बांधी और रक्षाबंधन का पर्व मनाया। छात्राओं ने विधायक के उज्जवल भविष्य, सुख-समृद्धि और दीघार्यु की कामना की। इस दौरान छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिला। विधायक चंद्रदेव महतो ने छात्राओं के स्नेह और शुभकामनाओं के लिए उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के संकल्प का पर्व है। छात्राओं के साथ इस तरह पर्व मनाना उनके लिए विशेष अनुभव है। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की शिक्षिकाओं ने भी छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। मौके पर विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं काफी संख्या में छात्राएं मौजूद थीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा।

## रक्षा बंधन पर आज लगेगा रक्तदान शिविर, विश्व बंधुत्व का दिया जायेगा संदेश

**धनबाद** : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से विश्व बंधुत्व रक्तदान महाअभियान के तहत आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। भारत और नेपाल के सभी सेवा केंद्रों पर 21 से 25 अगस्त तक चल रहे अभियान के तहत यह शिविर संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि जी की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर लगाया जा रहा है। डॉक्टर्स कॉलोनी, जगजीवन नगर स्थित ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय में सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक रक्तदान शिविर चलेगा। रक्त का संग्रह डॉ. ब्रज किशोर पांडेय के नेतृत्व में शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के रक्त केंद्र की टीम द्वारा किया जाएगा। शिविर के साथ निःशुल्क नेत्र जांच एवं दंत जांच की भी व्यवस्था की गई है। नेत्र जांच डॉ. भद्रा प्रिया तथा दंत जांच डॉ. नवीन गोयल के नेतृत्व में होगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अनु दीदी ने बताया कि रक्षा बंधन के अवसर पर विश्व बंधुत्व की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान का संदेश है– इस रक्षाबंधन रक्त के बंधन में बंधें, सिर्फ जन्म के नहीं। उन्होंने बताया कि आयोजन का उद्देश्य लोगों में नियमित स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति विकसित करना है।

सम्पादकीय.....

## लैंगिक असमानता पर राहुल का प्रहार

**कांग्रेस** सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 22 अगस्त को पुणे पहुंचे। कोटा, देहरादून और प्रयागराज के बाद राहुल गांधी पुणे में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम करने पहुंचे थे। उन्होंने पहले ही घोषणा कर दी थी कि इसमें लड़कियां बोलेंगी ; शेष सभी सुनेंगे। पुणे पहुंचने से पहले ही राहुल गांधी ने एक सवाल पर लड़कियों से उनके विचार मांगे थे कि हिन्दुस्तान में महिला होने के क्या मायने हैं? लड़कियों ने इस पर अपने जवाब राहुल गांधी को भेजे। इसके बाद पुणे में राहुल गांधी ने मंच से जो बातें कहीं, जिस तरह लड़कियों को बुला कर उनकी रोजमर्रा की दिक्कतों पर बात की, वह अत्यन्त सराहनीय रही। आजाद भारत में आज से पहले कभी किसी नेता ने इस तरह लड़कियों को सशक्त करने के संदर्भ में बात नहीं की, जिस तरह राहुल गांधी ने पुणे में की। देश में समय-समय पर महिला सशक्तीकरण की बात होती रहती है। लेकिन, राहुल गांधी जैसी बात कोई नेता महिलाओं से कभी नहीं कर पाया कि आप केवल मां, बहन, बेटी या पत्नी ही क्यों रहें, आपका महत्व केवल इन रिश्तों से नहीं है, बल्कि इनसे बढ़ कर आपकी अपनी अलग पहचान और स्वतंत्र अस्तित्व है। राहुल गांधी ने पितृसत्तात्मक समाज की मानसिकता के कुछ उदाहरण भी प्रस्तुत किये। वीडियो के माध्यम से राहुल ने अपनी प्रस्तुति दी। पुणे में राहुल गांधी ने महिला सशक्तीकरण पर विमर्श को एक नयी दिशा दे दी। दरअसल, राहुल गांधी उन मुद्दों को राजनैतिक बहस के केन्द्र में ला रहे हैं, जो सीधे आम लोगों से जुड़े हैं। पेपर लीक...बेरोजगारी, इन सबके साथ अब राहुल गांधी ने लड़कियों के हक की बात बिलकुल नये अंदाज में उठायी है। राहुल मनुस्मृति का उल्लेख कर सीधे उस जड़ पर प्रहार कर रहे हैं, जहां से लड़कियों को लड़कों के नीचे रखने और समाज में दबाने की शुरुआत हुई। स्पष्टतः आज का सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि एक साथ दो पीढ़ियों ; अर्थात जेन जी और जेन अल्फा को शिक्षा जैसे बुनियादी अधिकार के लिए सड़कों पर क्यों उतरना पड़ा है? क्या केन्द्र की राजग सरकार के 12 वर्षों के शासन के अच्छे दिन यही हैं कि देश के बच्चों को सड़क पर उतर कर संघर्ष करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। इस तरह के अनेक सवाल आज देश में गूंज रहे हैं। राहुल गांधी ने 'छात्रों की गूंज' में महिलाओं की बराबरी का एक ऐसा विषय उठा दिया है, जिस पर पूरी संजीदगी के साथ मंथन करने की आवश्यकता है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की बात करते रहे हैं। लेकिन, केन्द्र सरकार का शिक्षा मंत्रालय पीएम की इस योजना को गति देता हुआ नहीं दिख रहा। दुर्भाग्य से देश में आज भी लैंगिक असमानता की सोच अपनी जगह कायम है। लड़का हो या लड़की ; दोनों के प्रति समान दृष्टि अपनाने की अत्यन्त आवश्यकता है। नाना प्रकार की बंदिशों के बावजूद लगभग हर क्षेत्र में लड़कियां जिस तरह सफलता के परचम लहरा रही हैं, वह इस बात का संदेश है कि यदि लड़कियों को अनावश्यक बंदिशों का सामना नहीं करना पड़े, तो वे न केवल देश, बल्कि दुनियाभर में अपनी सक्षमता का लोहा मनवा सकती हैं। पुणे से राहुल गांधी ने अपने राष्ट्र को यही संदेश देने की कोशिश की है। उन्होंने पूरी पारदर्शिता के साथ एक नयी तरह की आजादी की बात नयी पीढ़ी के साथ साझा की है। केन्द्र सरकार को चाहिए कि नेता प्रतिपक्ष की बात को वह पूरी संजीदगी से ले और दोनों पक्ष मिल कर इस दिशा में कारगर तरीके से आगे बढ़ें। छात्र-छात्राएं हमारे देश का भविष्य हैं। राजनीति करने के लिए दोनों पक्षों को नित्य नये अवसर मिलते रहे हैं और आगे भी मिलते रहेंगे। लेकिन, यह संदर्भ इतना ज्वलंत है कि इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष ; दोनों को मिल कर इस दिशा में एक मिसाल कायम करनी चाहिए।


## ● किसने क्या कहा



'वन्दे मातरम्' में शक्ति के रूप का वर्णन, उसका पूरा गायन सुनिश्चित करें राहुल गांधी

**स्मृति ईरानी**
**पूर्व केन्द्रीय मंत्री**

अंतरिक्ष कार्यक्रम के निजीकरण की ओर बढ़ रही मोदी सरकार



**जयराम रमेश**
**कांग्रेस महासचिव**

# एआई की रफ्तार के बीच मानवीय विवेक जरूरी

विशेष | तमन्ना रिज़वी



आज एआई शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य, मीडिया, कारोबार और शोध तक ; लगभग हर क्षेत्र में पहुंच चुका है। विद्यार्थी इसका इस्तेमाल पढ़ाई और रिसर्च में कर रहे हैं, डॉक्टर और स्वास्थ्य विशेषज्ञ डेटा को समझने में इसकी मदद ले रहे हैं, पत्रकार शोध और जानकारी को व्यवस्थित करने में एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं और कारोबारी संस्थान इससे कई प्रक्रियाओं को तेज बना रहे हैं। लेकिन, एआई की यही ताकत कुछ नयी चिंताएं भी लेकर आयी है। गलत जानकारी, डीपफेक, फर्जी तस्वीरें और वीडियो, निजी डेटा की सुरक्षा, एल्गोरिदम में मौजूद पक्षपात और एआई-जनरेटेड सामग्री की विश्वसनीयता जैसे सवाल लगातार महत्वपूर्ण हो रहे हैं।

**जब** मशीनें सोचने लगी हैं, तब इंसान के लिए सबसे जरूरी सवाल यह नहीं है कि एआई कितना आगे जाएगा, बल्कि यह है कि इंसान अपने विवेक को कितना आगे रख पाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने काम करने, सीखने और जानकारी हासिल करने की रफ्तार बदल दी है। कुछ ही सेकंड में वह ऐसी जानकारी सामने ला सकता है, जिसे जुटाने में इंसान को घंटों लग सकते हैं। लेकिन मशीनों की इस तेज होती दुनिया में संवेदना, नैतिकता और सही-गलत के बीच फर्क करने की क्षमता आज भी इंसान की सबसे बड़ी ताकत है। इसी बदलती दुनिया और उसकी चुनौतियों पर विचार का एक महत्वपूर्ण अवसर बना मुंबई में हुआ टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) का 86वां दीक्षांत समारोह। यहां डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ एआई और तकनीक के बढ़ते प्रभाव को लेकर भी एक बड़ा संदेश सामने आया-तकनीक को अपनाना जरूरी है, लेकिन उसे अपनी सोच और विवेक का विकल्प बनने देना खतरनाक हो सकता है। टीआईएसएस के चांसलर प्रो. डी. पी. सिंह, जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी के पूर्व चेयरमैन रह चुके हैं, ने एआई की संभावनाओं और चुनौतियों को समझाने के लिए भारतीय पौराणिक कथा 'समुद्र मंथन' का उदाहरण दिया। समुद्र मंथन से अमृत भी निकला था और हलाहल विष भी। ठीक इसी तरह एआई भी अपने भीतर अवसर और जोखिम दोनों समेटे हुए है। तकनीक कितनी उपयोगी साबित होगी, यह केवल उसकी क्षमता पर निर्भर नहीं करता, बल्कि इस बात पर भी निर्भर करता है कि इंसान उसका इस्तेमाल किस उद्देश्य और किस जिम्मेदारी के साथ करता है। आज एआई शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य, मीडिया, कारोबार और शोध तक लगभग हर क्षेत्र में पहुंच चुका है। विद्यार्थी इसका इस्तेमाल पढ़ाई और रिसर्च में कर रहे हैं, डॉक्टर और स्वास्थ्य विशेषज्ञ डेटा को समझने में इसकी मदद ले रहे हैं, पत्रकार शोध और जानकारी को व्यवस्थित करने में एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं और कारोबारी संस्थान इससे कई प्रक्रियाओं को तेज बना रहे हैं। लेकिन एआई की यही ताकत कुछ नई चिंताएं भी लेकर आई है। गलत जानकारी, डीपफेक, फर्जी तस्वीरें और वीडियो, निजी डेटा की सुरक्षा, एल्गोरिदम में मौजूद पक्षपात और एआई-जनरेटेड सामग्री की विश्वसनीयता जैसे सवाल लगातार महत्वपूर्ण हो रहे हैं। किसी मशीन ने कोई जानकारी दे दी, इसका मतलब यह नहीं कि वह जानकारी हमेशा सही भी होगी। इसलिए आने वाले समय में जानकारी हासिल करने से ज्यादा जरूरी जानकारी की जांच करना होगा। यहीं से इंसान की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। एआई लिख सकता है, गणना कर सकता है, तस्वीर बना सकता है और डेटा का विश्लेषण कर सकता है, लेकिन वह किसी फैसले के मानवीय असर को उसी तरह महसूस नहीं कर सकता। किसी व्यक्ति की पीड़ा, किसी परिवार की परिस्थिति या किसी समाज की संवेदनशीलता को समझने के लिए सिर्फ आंकड़े पर्याप्त नहीं होते। टीआईएसएस के वाइस चांसलर प्रो. बद्री नारायण तिवारी ने भी संस्थान की बदलती शैक्षणिक दिशा और भविष्य की योजनाओं पर जोर दिया। टीआईएसएस भारत और टीआईएसएस ग्लोबल जैसी पहलों के जरिए संस्थान शिक्षा, शोध और सामाजिक प्रभाव को व्यापक बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सामाजिक विज्ञान के साथ डेटा, एनालिटिक्स, तकनीक और सस्टेनेबिलिटी जैसे क्षेत्रों का जुड़ना इस बात का संकेत है कि भविष्य की शिक्षा भी बदल रही है। टीआईएसएस का 86वां दीक्षांत समारोह इसी बदलाव की तस्वीर पेश करता है। समारोह में 1,300 से अधिक विद्यार्थियों और शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। इनमें स्नातक, स्नातकोत्तर, एकीकृत और दोहरी डिग्री कार्यक्रमों के विद्यार्थी तथा डॉक्टरेट शोधार्थी शामिल रहे। Analytics and Sustainability Studies के पहले स्नातक बैच का अपनी डिग्री हासिल करना भी इस बदलते शैक्षणिक दौर की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। टीआईएसएस का मुख्य परिसर मुंबई में है, जबकि इसके अन्य कैंपस तुलजापुर, हैदराबाद और गुवाहाटी में हैं। इन परिसरों के जरिए संस्थान सामाजिक विज्ञान, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, सार्वजनिक नीति और सामाजिक बदलाव से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में अध्ययन और शोध को आगे बढ़ाता है। 1936 में स्थापित टीआईएसएस अपनी 90 वर्षों की शैक्षणिक और सामाजिक यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव पर भी है। संस्थान इस 90वें वर्ष को 'नवाती' के रूप में मना रहा है। 'नवाती' का अर्थ 90 है। यह किसी व्यक्ति की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम नहीं, बल्कि संस्थान की नौ दशक लंबी यात्रा, उपलब्धियों और भविष्य की दिशा को रेखांकित करने वाला अवसर है। लेकिन इस पूरे आयोजन की असली अहमियत डिग्रियों की संख्या से कहीं आगे है। आज की युवा पीढ़ी ऐसे समय में आगे बढ़ रही है, जब एआई उसके करियर और काम करने के तरीके को बदलने वाला है। आने वाले समय में कई ऐसे काम मशीनें कर सकती हैं, जिन्हें आज इंसान कर रहा है। ऐसे में युवाओं के लिए सिर्फ तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं होगा।

# एक ही लक्ष्य...05 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था

गौरतलब | सीए अखिलेश जैन



भारत ने अनुभवों से सिद्ध कर दिया है कि राष्ट्र की सुरक्षा में पूर्णतः आत्मनिर्भर होना अत्यावश्यक है। इसी दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए भारत सरकार ने सेना के लिए एमक्यू-9बी सी गार्डियन हाई-एल्टीट्यूड लॉन्ग-एंड्योरेंस (एचएएलई) रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम (आरपीएएस) को लेने हेतु जनरल एटॉमिक्स एरोनॉटिकल सिस्टम्स, इंक. (जीए-एएसआई) के साथ अनुबंध किया है।

**मोदी** सरकार द्वारा तय लक्ष्य 5 -ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को हॉसिल करने के लिए सरकार लगातार विभिन्न दिशाऔं में लगातार ठोस प्रयास कर रही है। विकसित भारत के लक्ष्य में सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण पहलु है। नभ से लेकर समुद्र की गहराईयों तक सुरक्षा का अभेद किला अर्थव्यवस्था की गति को बनाये रखने के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है जितना सावन भादो में बरसात का होना। भारत ने अनुभवों से सिद्ध कर दिया है कि राष्ट्र की सुरक्षा में पूर्णतः आत्मनिर्भर होना अत्यावश्यक है। इसी दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए भारत सरकार ने सेना के लिए एमक्यू-9बी सी गार्डियन हाई-एल्टीट्यूड लॉन्ग-एंड्योरेंस (एचएएलई) रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम (आरपीएएस) को लेने हेतु जनरल एटॉमिक्स एरोनॉटिकल सिस्टम्स, इंक. (जीए-एएसआई) के साथ अनुबंध किया है। उन्नत प्रणालियों, अत्याधुनिक सेंसरों और परिष्कृत पेलोड से सुसज्जि ?त एमक्यू-9बी सी गार्डियन एचएएलई आरपीएएस भारतीय नौसेना की समुद्री क्षेत्र जागरूकता क्षमताओं को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाएगा। अब विशाल समुद्री क्षेत्रों से 24,365 दिन निरंतर खुफिया जानकारी, निगरानी और टोही कवरेज सम्भव हो जावेगा, जिससे समुद्री क्षेत्रों की प्रत्येक दुस्साहस पर दृष्टि और प्रतिक्रिया देने की भारत की क्षमता सुदृढ़.होगी। प्रतिरोधक क्षमता में विस्तार से नौसेना की मारक क्षमता में विस्तार होगा. भारत का मारक क्षमता बहुत ज्यादा मजबूत हो चुकी है. इन ड्रोनों की सहायता से बहुत ऊंचाई से सीमाओं पर होने वाली प्रत्येक गतिविधि की निगरानी सम्भव हो जावेगी। इन शक्तिशाली ड्रोनों से तीनों सेनाओं ताकत में बहुत इजाफा होगा। इस उपलब्धि के साथ-साथ समुद्री इलाकों की सुरक्षा बेहद मजबूत हो जावेगी। गहरे पानी के नीचे छिपी पनडुब्बियों हमेशा खतरा बनी रहती हैं। समंदर में गहरे पानी में इन पनडुब्बियों को पहचानना बेहद ही कठिन काम होता है। अब इस खतरे व डर से अपना भारत सदैव के लिए बाहर आ जावेगा ' सेना इन ड्रोनों के उपयोग से अचूक वार करने में सक्षम होगी। सीमापार भी सटीक वार सम्भव हो गया है। कुल मिलाकर भारत की सीमाओं की सुरक्षा के लिए बेहद मजबूत, सक्षम पहरेदार भारत को मिल गया है। भारतीय सेना की मजबूती क्षेत्रीय एकता व अखण्डता के लिए सदैव उपयोगी रहती है। भारत अपनी ताकत का उपयोग विस्तारवादी नीतियों के लिए कभी नही करता है।

## अंकजाल - 8369

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 16 | 20 | 25 | | 19 | 21 | 16 | 17 | |
| 13 | 2 | | 6 | | 4 | | 8 | | 27 |
| 18 | | 4 | | | | 7 | | 8 | 22 |
| 15 | 7 | | 3 | | 2 | | 3 | | 16 |
| 27 | | 6 | | 9 | | | | | |
| | | | | | 8 | | 2 | | 29 |
| 26 | | 5 | | 7 | | 6 | | 5 | 15 |
| 23 | 5 | | 6 | | | | 8 | | 21 |
| 21 | | 5 | | 7 | | 3 | | 7 | 12 |
| | 16 | 18 | 18 | 34 | | 24 | 16 | 22 | |

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

**अंकजाल 8368 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 14 | 21 | 21 | | 32 | 21 | 12 | 19 | |
| 12 | 2 | 7 | 3 | | 4 | 5 | 4 | 9 | 22 |
| 14 | 2 | 7 | 5 | | 8 | 7 | 5 | 3 | 23 |
| 16 | 8 | 2 | 6 | | 7 | 9 | 3 | 7 | 26 |
| 21 | 2 | 5 | 7 | 2 | 5 | | | | |
| | | | | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 29 |
| 26 | 8 | 5 | 6 | 7 | | 3 | 6 | 4 | 13 |
| 18 | 5 | 2 | 5 | 6 | | 3 | 4 | 7 | 14 |
| 29 | 8 | 8 | 5 | 8 | | 4 | 6 | 8 | 18 |
| | 21 | 15 | 16 | 30 | | 19 | 18 | 22 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुख के स्वभाव में डूबो

**लगता** है, आदमी दुख का खोजी है। दुख को छोड़ता नहीं, दुख को पकड़ता है। दुख को बचाता है। दुख को संवारता है; तिजोरी में संभालकर रखता है। दुख का बीज हाथ पड़ जाए, हीरे की तरह संभालता है। लाख दुख पाए, पर फेंकने की तैयारी नहीं दिखाता। जो लोग कहते हैं आदमी आनंद का खोजी है, लगता है आदमी की तरफ देखते ही नहीं। आदमी दुखवादी है, अन्यथा संसार इतना दुख में क्यों हो! अगर सभी लोग आनंद खोज रहे हैं, तो संसार में आनंद की थोड़ी झलक होती। कुछ को तो मिलता! और कुछ को मिल जाता तो वे बांटते औरों को भी; तो कुछ झलक उनकी आंखों और उनके प्राणों में भी आती। अगर सभी आनंद की तलाश कर रहे हैं, तो लोग एक-दूसरे को इतना दुख क्यों दे रहे हैं। और ऐसा नहीं कि पराए ही दुख देते हों, अपने भी दुख देते हैं। अपने ही दुख देते हैं! शत्रु तो दुख देते ही है; हिसाब रखा है, मित्र कितना दुख देते हैं? जिन्हें तुमसे घृणा है, वे तो दुख देंगे, स्वाभाविक; लेकिन जो कहते हैं तुमसे प्रेम है, उन्होंने कितना दुख दिया, उसका हिसाब रखा है? और अगर हर आदमी दुख दे रहा है, तो एक ही बात का सबूत है कि हर आदमी दुख से भरा है। हम वही देते हैं, जिससे हम भरे हैं। वही तो हमसे बहता है जो हमारे भीतर लगा है। हमारे व्यवहार से दूसरों को दुख मिलता है, क्योंकि हमारे भीतर कड़वाहट है।

## आज का इतिहास

- सुल्तान फिरोजशाह तुगलक तृतीय की ताजपोशी 1351 में की।
- टोटनबर्ग के युद्ध में रूस ने 1916 में जर्मनी को पराजित किया।
- ब्रिटिश इंडिया आर्मी में सेवाएं दे रहे 7 भारतीयों को 1917 में पहली बार किंग्स कमीशन मिला।
- लिथुआनिया, लातविया और एस्तोनिया सोवियत संघ में 1940 को शामिल हुए।
- भारतीय पोलो टीम ने 1957 में विश्व कप जीता।
- सोवियत संघ के नेता जोसेफ स्टालिन के सोलह विरोधियों को 1963 में फांसी पर चढ़ा दिया गया।
- भारत पोलो विश्व विजेता 1975 में बना।
- सर एडमंड हिलेरी का सागर से हिमालय अभियान हल्दिया बंदरगाह से 1977 को शुरू हुआ।
- जिम्बाब्वे संयुक्त राष्ट्र में 1980 को शामिल हुआ।
- ईरान और इराक के बीच 1988 में युद्ध के बाद सीधी बातचीत का दौर शुरू।
- सोवियत संघ से अलग होकर 1991 में स्वतंत्र देश बना।
- ब्रिटिश अखबार ने 1992 में राजकुमारी डायना की बातचीत का ब्योरा जारी किया, इसमें उन्?होंने प्रिंस से शादी पर नाखुशी जाहिर की थी।
- मासूमा, इब्तेकार ईरान की पहली महिला उपराष्ट्रपति 1997 में नियुक्त।
- लंदन में आस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर शेनवार्न टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 2001 को 400 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले स्पिन गेंदबाज बने।
- मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया और मुंबी देवी मंदिर के पास 2003 को हुए कार बम विस्फोट में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गयी तथा 150 से अधिक घायल हो गये।
- मध्य प्रदेश सरकार ने 2008 में वर्ष 2008-09 के लिए सरकारी स्कूलों के सभी छात्रों को बीमा करने का अनुरोधन किया।
- श्रीलंका की सरकार ने 2011 को देश में घोषित आपातकाल को 30 वर्ष बाद वापस लिया।

## सुविचार

यह व्यक्ति की स्वयं की सोच ही होती है, जो उसे बुराइयों की ओर ले जाती है, ना कि उसके दुश्मन की।
**गौतम बुद्ध**

सफलता हमेशा के लिए नहीं होती, विफलता कभी घातक नहीं होती, यह तो लगे रहने की प्रवृत्ति है, जो मायने रखती है।
**विंस्टन चर्चिल**

## राशिफल

**मेष** मित्तव्ययता रखें, क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**तुला** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी।

**वृष** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जायेगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**वृश्चिक** कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**मिथुन** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**धनु** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानी इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**कर्क** ज्ञानीजनों का सान्निध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जायेगा।

**मकर** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**सिंह** विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कुंभ** अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या** भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मीन** नौकरी में पदोन्नति की सम्भावना है। मित्रों से सावधान रहें, तो ज्यादा उत्तम है। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिन्ता रहेगी।

# स्कूल में पढ़ाई या बाहरी दखल?



**डॉ. प्रियंका सौरभ**

**विद्यालय** महज कक्षाओं, इमारतों और चारदीवारी का समूह नहीं है। यह एक संवेदनशील संस्था है जहाँ समाज के भविष्य का निर्माण होता है। यह वह स्थान है जहाँ बच्चे बौद्धिक, भावनात्मक, सामाजिक और नैतिक रूप से विकसित होते हैं। इसलिए, सुरक्षा, अनुशासन और शांतिपूर्ण शैक्षणिक वातावरण बनाए रखना मात्र प्रशासनिक कर्तव्य नहीं है, बल्कि सार्थक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का एक अनिवार्य तत्व है। इस संदर्भ में, हांसी जिले के सरकारी स्कूलों में उपायुक्त राहुल नरवाल द्वारा बिना अनुमति के प्रवेश करने वाले या परिसर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले किसी भी व्यक्ति पर रोक लगाने के निर्देश उल्लेखनीय हैं। ये निर्देश एक ऐसे बिंदु पर बल देते हैं जिसे अक्सर भुला दिया जाता है: स्कूल एक सीखने का स्थान होना चाहिए, न कि अनावश्यक अशांति, व्यवधान और सुरक्षा समस्याओं से ग्रस्त स्थान।

विद्यालय समुदाय आधारित संस्थान होते हैं। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, सरकारी विद्यालय एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक संस्थान हो सकता है, विशेष रूप से सामुदायिक केंद्र के रूप में। सार्वजनिक महत्व का अर्थ सार्वजनिक पहुंच नहीं है। व्यापक अर्थ में, समुदाय में विद्यालय भी शामिल होता है, लेकिन विद्यालय को प्रतिदिन अपने छात्रों की शिक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। इसलिए, किसी को भी इस आधार पर कक्षाओं में जाने, शिक्षकों को बाधित करने या शैक्षणिक गतिविधियों में हस्तक्षेप करने की छूट नहीं होनी चाहिए कि विद्यालय एक सार्वजनिक भवन है। अनाधिकृत प्रवेश से सीखने की प्रक्रिया पर कई तरह से असर पड़ सकता है। अगर कोई कक्षा में घुसकर शिक्षकों से अनावश्यक बातचीत करता है, छात्रों से बिना अनुमति के संपर्क करता है, या कोई निजी मुद्दा या समस्या स्कूल के माहौल में लाता है, तो इससे पढ़ाई में बाधा आ सकती है। छात्र ध्यान भटकने लगते हैं, शिक्षकों का ध्यान भंग होता है और अनुशासन भंग होता है। अगर ऐसा परीक्षाओं, स्कूल के कार्यक्रमों और अन्य महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधियों के दौरान होता है, तो इसके और भी गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

यह सिर्फ अनुशासन से जुड़ी समस्या नहीं है। आज के समय में, विद्यालय सुरक्षा का मुद्दा बहुआयामी है। बेहतर प्रवेश नियंत्रण बच्चों की सुरक्षा, कर्मचारियों की सुरक्षा, महत्वपूर्ण फाइलों और डिजिटल हार्डवेयर की सुरक्षा के साथ-साथ अप्रिय घटनाओं से बचाव से भी जुड़ा है। स्कूल परिसर में अनाधिकृत प्रवेश, चाहे वह वयस्कों द्वारा हो या बच्चों द्वारा, गंभीर समस्याएं पैदा कर सकता है। इसलिए, आगंतुकों का रिकॉर्ड रखना, आगंतुकों के इरादे को समझना और उचित अनुमति प्राप्त करना संस्थागत सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

हांसी प्रशासन के निदेशों की दिलचस्प बात यह है कि इनका उद्देश्य स्कूलों को समाज से अलग करना नहीं है। इसके बजाय, वे प्रवेश के लिए उचित अनुमति और वैध उद्देश्य की आवश्यकता पर जोर देते हैं। माता-पिता, शिक्षा अधिकारी, निरीक्षण दल और अन्य अधिकृत व्यक्तियों के स्कूलों में जाने के पीछे निश्चित रूप से अच्छे कारण होंगे। बच्चों की प्रगति में सहयोग के लिए माता-पिता और स्कूलों को एक-दूसरे के साथ रचनात्मक रूप से संवाद करना चाहिए।

# चीनी की मिठास पर महंगाई की कड़वाहट, आखिर क्यों बढ़ रहे हैं इसके दाम?

गौरतलब | सुनील कुमार महला



जानकारी के अनुसार वर्ष 2025-26 में औसत इथेनॉल मिश्रण लगभग 20% तक पहुंच गया है। अप्रैल 2026 से बीएस-श्क वाहनों के लिए ई-20 उत्सर्जन मानकों को पूरा करना अनिवार्य किया गया है। वास्तव में, इथेनॉल मिश्रण का उद्देश्य कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करना, विदेशी मुद्रा बचाना, किसानों के लिए अतिरिक्त बाजार उपलब्ध कराना और कार्बन उत्सर्जन घटाना है। सरकार के अनुसार ईबीपी कार्यक्रम से अब तक लगभग 1.97 लाख करोड़ की विदेशी मुद्रा बचत हुई है।

**देश** में चीनी की कीमतों में इन दिनों काफी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है और चीनी के प्रति किलो के दाम 60 रुपए प्रति किलो या इससे ज्यादा तक पहुंच गये हैं। इस क्रम में यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि चीनी की कीमतों में अचानक हुई बढ़ोतरी चिंता का विषय जरूर है, लेकिन फिलहाल स्थिति बहुत गंभीर नहीं है। इस संबंध में यहां पर पाठकों को बताता चलूं कि त्योहारी सीजन को देखते हुए सरकार ने 31 अक्तूबर तक 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी है। इससे बाजार में चीनी की उपलब्धता बढ़ेगी और कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। अच्छी बात यह भी है कि सरकार ने जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए भंडारण सीमा भी सख्त की है।

### आखिर क्यों बढ़ रहीं चीनी की कीमतें

**यहां** पर यह सवाल जरूर उठता है कि जब देश में चीनी की कमी नहीं है, तो कीमतें इतनी तेजी से क्यों बढ़ रही हैं। इसके पीछे गन्ने के उत्पादन में कमी, गन्ने का अधिक हिस्सा इथेनॉल बनाने में इस्तेमाल होना या गन्ने की खेती का पर्याप्त विस्तार न होना जैसे कारण हो सकते हैं। वास्तव में देश में चीनी उत्पादन में कमी, खराब मौसम और कम बारिश, त्योहारी सीजन में मांग बढ़ना, भंडार में कमी और जमाखोरी की आशंका, वैश्विक बाजार में आपूर्ति का दबाव तथा गन्ने से इथेनॉल बनाने की नीति को भी चीनी कीमतों की चर्चा में प्रमुखता मिली है, जिसके कारण चीनी की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। हालांकि केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि मौजूदा कीमत वृद्धि का मुख्य कारण इथेनॉल के लिए चीनी का डायवर्जन नहीं है।

### गाड़ियों में इथेनॉल का इस्तेमाल भी एक कारण ?

**पाठक** जानते होंगे कि हमारे देश में गाड़ियों में इथेनॉल का इस्तेमाल मुख्यतः पेट्रोल में मिलाकर किया जा रहा है। इसे इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल (ईबीपी) कहा जाता है। हमारे देश में स्थिति की बात करें तो ई-20 पेट्रोल यानी 20% इथेनॉल तथा 80% पेट्रोल अब भारत में पेट्रोल का प्रमुख मानक मिश्रण है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2025-26 में औसत इथेनॉल मिश्रण लगभग 20% तक पहुंच गया है।अप्रैल 2026 से बीएस-श्क वाहनों के लिए ई-20 उत्सर्जन मानकों को पूरा करना अनिवार्य किया गया है। वास्तव में, इथेनॉल मिश्रण का उद्देश्य कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करना, विदेशी मुद्रा बचाना, किसानों के लिए अतिरिक्त बाजार उपलब्ध कराना और कार्बन उत्सर्जन घटाना है। सरकार के अनुसार ईबीपी कार्यक्रम से अब तक लगभग 1.97 लाख करोड़ की विदेशी मुद्रा बचत हुई है। संक्षेप में कहें तो हमारे देश भारत पेट्रोल वाहनों को धीरे-धीरे इथेनॉल आधारित ईंधन की ओर ले जा रहा है। आज की स्थिति में ई-20 सामान्य पेट्रोल व्यवस्था का हिस्सा है। ऐसे में कृषि और पेट्रोलियम मंत्रालय को मिलकर इन पहलुओं की समीक्षा जरूर करनी चाहिए। इथेनॉल की बढ़ती मांग को देखते हुए गन्ने का उत्पादन भी बढ़ाना जरूरी है, ताकि चीनी और इथेनॉल दोनों की जरूरत पूरी हो सके और किसानों को भी बेहतर लाभ मिले।


स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** श्रावण माह की अंतिम सोमवारी पर जिलेभर के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही शिवालयों में भक्तों की कतार लगी रही। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। शहर के बाजारटांड़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर में तड़के चार बजे से पूजा-अर्चना शुरू हो गयी थी। यहां सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार देखने को मिली। पुजारी मनोज दास शर्मा और दिलीप शर्मा के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराया गया। मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया। समिति के सदस्य निर्मल कुमार महलका, विनोद कुमार अग्रवाल, विजय प्रसाद गुप्ता, सुभाष प्रसाद और अनिल प्रसाद समेत अन्य लोग व्यवस्था में जुटे रहे। इसके अलावा लघु सिंचाई विभाग परिसर स्थित सोमेश्वर शिव मंदिर, धर्मपुर स्थित शिव मंदिर, जुबली चौक, पंचमुखी हनुमान मंदिर, राजहार, बिजली कार्यालय और मंडल कारा परिसर के शिव मंदिरों में भी भक्तों ने जल चढ़ाया। रेलवे स्टेशन क्षेत्र के बाजारटांड़ स्थित श्री सोमेश्वर शिव मंदिर में भी दिनभर पूजा-अर्चना होती रही। अंतिम सोमवारी पर बड़ी संख्या में कांवरियों ने औरंगा नदी तथा दुमुहान से जल उठाकर दुमुहान और मानिकडीह के शिव मंदिरों में भगवान शिव का अभिषेक किया। इनमें महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। रास्तेभर बोल बम के जयघोष से माहौल भक्तिमय बना रहा।

## अंतिम सोमवारी पर मंगरदह महादेव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब



**डंडई/गढ़वा :** सावन माह की अंतिम सोमवारी के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध मंगरदह महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतार लगनी शुरू हो गई, जो दिन चढ़ने के साथ श्रद्धालुओं के सैलाब में बदल गई। हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर एवं आसपास का क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। वहीं मंदिर परिसर से 40 किलोमीटर दूर बालचौरा के कनहर नदी से जल लेकर बाबा के शरण में पहुंचे डाक और कांवर बम के सुरीली जय घोषों से भी मंदिर परिसर का वातावरण पूरी तरह भक्ति में बना रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं के द्वारा कतारबद्ध होकर मंगरदह महादेव के शिवलिंग पर जल, दूध एवं बेलपत्र अर्पित कर पूजा-अर्चना किया गया। अंतिम सोमवारी को लेकर दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। कई भक्तों ने उपवास रखकर भगवान शिव की आराधना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना किया श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन की ओर से सुरक्षा और निगरानी की विशेष व्यवस्था की गई थी। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिसके माध्यम से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं एवं परिसर की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। वहीं श्रद्धालुओं को सुरक्षित तरीके से मंदिर तक पहुंचाने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में वॉलिंटियर्स की तैनाती भी की गई थी। इस बार वॉलिंटियर्स की संख्या में भी काफी इजाफा किया गया था। वॉलिंटियर्स श्रद्धालुओं को कतार में लगाने, भीड़ को नियंत्रित करने तथा बुजुर्गों और महिलाओं को आवश्यक सहयोग देने में जुटे रहे। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर भी विभिन्न स्तरों पर व्यवस्था की गई थी। अंतिम सोमवारी होने के कारण सुबह से लेकर देर शाम तक मंगरदह महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालुओं में भगवान शिव के प्रति गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला।

## शिवालयों में गूंजा हर हर महादेव का जयघोष, बच्चों ने किया पूजन



**लातेहार :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, लातेहार स्टेशन के बच्चों के लिए सोमवार का दिन आस्था और उमंग से भरा रहा। विद्यालय की ओर से कक्षा अरुण से द्वितीय तक के विद्यार्थियों को शिव दर्शन एवं पूजन के लिए लातेहार बाजार टोड़ स्थित शिव मंदिर ले जाया गया। मंदिर पहुंचते ही बच्चों में भगवान शिव के दर्शन को लेकर उत्साह नजर आया। प्रधानाचार्य राजवल्लभ शर्मा के नेतृत्व में आचार्यों और दीदी की देखरेख में बच्चों ने भगवान शिव का दर्शन किया। इसके बाद सभी ने श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। बच्चों द्वारा लगाए गए भोले बाबा के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। शिव मंदिर में पूजा के बाद बच्चों का दल शोमेश्वर नाथ मंदिर पहुंचा। यहां भी विद्यार्थियों ने पूरे श्रद्धाभाव से भगवान शिव की आराधना की। पूजा-अर्चना के बाद बच्चों के बीच महाप्रसाद के रूप में लड्डू का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को पूजा-पाठ के साथ भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के महत्व से भी अवगत कराया। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि इस तरह के आयोजन बच्चों में संस्कार और अपनी परंपराओं के प्रति जुड़ाव बढ़ाने में सहायक होते हैं। दोनों शिवालयों में दर्शन-पूजन के बाद विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ सुरक्षित विद्यालय लौट आए। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों में उत्साह, अनुशासन और भक्तिभाव देखने को मिला।

## एक झलक

### दो अलग-अलग सड़क हादसे में 06 घायल, 02 की हालत गम्भीर

**लातेहार :** बरवाडीह-छिपादोहर इलाके में सोमवार को अलग-अलग जगहों पर हुए सड़क हादसों ने यातायात व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। दो दुर्घटनाओं में छह लोग घायल हुए। इनमें दो की हालत गंभीर है। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर पीएमसीएच भेजा गया। पुलिस ने हादसों में शामिल वाहनों को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना छिपादोहर थाना क्षेत्र के रेलवे क्रॉसिंग के पास हुई। यहां कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। बाइक पर सवार मेदिनीनगर के बैरिया निवासी सचिन कुमार विश्वकर्मा समेत दो युवक घायल हो गए। बताया गया कि दोनों युवक घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी।हादसे की सूचना पर छिपादोहर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को बरवाडीह सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने सचिन की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया। पुलिस ने कार और बाइक को जब्त कर लिया है। दूसरी दुर्घटना बरवाडीह मुख्य मार्ग पर धड़धड़ी नदी पुल के पास हुई।

### कारोबारी की गोली मार कर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम :** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र में अपराधियों ने सोमवार को जमशेदपुर के कारोबारी निखार सबलोक (33) की गोली मारकर हत्या कर दी। कदमा के विजया हेरिटेज निवासी निखार को अपराधियों ने कांदरबेड़ा के पास स्थित होटल थेमाइट स्टोन के समीप निशाना बनाया और ताबड़तोड़ फायरिंग कर फरार हो गए। हमले में उनके शरीर में चार गोलियां लगीं। बताया जाता है कि निखार किसी कारोबारी काम से सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल थाना क्षेत्र कांदरबेड़ा पहुंचे थे। इसी दौरान हथियार से लैस अपराधियों ने अचानक उन पर गोलियां चला दीं। गोली लगने के बाद वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। घटना के बाद उनके साथियों ने उन्हें तत्काल इलाज के लिए टीएमएच पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### गांजा के साथ किराना दुकानदार गिरफ्तार

**पलामू :** पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के तिरौंधा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक किराना दुकान से 490 ग्राम गांजा बरामद किया है। मामले में दुकान संचालक 19 वर्षीय युवक अंकित कुमार सिंह, पिता दिलीप सिंह को गिरफ्तार किया है। जिले के एसपी कपिल चौधरी ने सोमवार दोपहर 1 बजे मामले की पुष्टि की। इधर, लेस्लीगंज के एसडीपीओ प्रशांत कुमार ने पूरे मामले में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23 अगस्त की शाम करीब 4:30 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तिरौंधा गांव में अंकित कुमार सिंह अपनी किराना दुकान में गांजा रखकर खरीद बिक्री करता है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उनके नेतृत्व में तरहसी थाना प्रभारी राजेश रंजन ने दल बल के साथ तिरौंधा स्थित अंकित कुमार सिंह की दुकान पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान दुकान में एक काले रंग के पॉलीथिन में 490 ग्राम गांजा जैसा दिखने वाला मादक पदार्थ बरामद हुआ।

## मरकच्चो प्रखंड में दीदियों के हस्तनिर्मित राखी स्टॉल का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मरकच्चो :** पलाश, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (JSLPS) से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा हस्तनिर्मित राखियों का स्टॉल प्रखंड कार्यालय परिसर, मरकच्चो में लगाया गया है। स्टॉल का उद्घाटन अंचल अधिकारी परमेश्वर कुशवाहा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक (DPM-JSLPS) प्रकाश रंजन के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यालय में महिला कर्मियों ने उत्साहपूर्वक राखियों की खरीदारी की और उत्पादों की उत्कृष्ट गुणवत्ता, आकर्षक डिजाइन एवं किफायती दाम की सराहना की। इस पहल से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। रक्षाबंधन के अवसर पर लोगों से अपील है कि वे दीदियों द्वारा बनायी गयी स्वदेशी राखियां खरीद कर उन्हें प्रोत्साहित करें।

## छात्रावास का निरीक्षण कर डीसी ने सुविधाओं का लिया जायजा

# गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त संदीप कुमार ने सोमवार को अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को मिल रही आवासीय सुविधाओं की स्थिति देखी और छात्रावास प्रबंधन से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, सुरक्षा, भोजन, पेयजल, बिजली, शौचालय समेत अन्य जरूरी सुविधाओं का जायजा लिया गया। उपायुक्त ने कहा कि छात्राओं को सुरक्षित और बेहतर माहौल उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने छात्रावास में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के साथ छात्राओं को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही पढ़ाई के लिए शांत और अनुकूल वातावरण बनाए रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान छात्रावास भवन की स्थिति भी देखी गई। भवन में आवश्यक मरम्मत और जीर्णोद्धार की जरूरत सामने आने पर उपायुक्त ने भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को विस्तृत प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्राक्कलन तैयार कर आगे की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए, ताकि भवन की आवश्यक मरम्मत का काम कराया जा सके। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को छात्रावास की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने और समय-समय पर निरीक्षण करने को भी कहा। उन्होंने छात्राओं की सुविधाओं से जुड़े मामलों में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित संबंधित अधिकारी और छात्रावास प्रबंधन के पदाधिकारी मौजूद थे।

## भारी बारिश से लोध फॉल में बढ़ा जलप्रवाह, लकड़ी के पुल पर प्रवेश बंद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** लगातार हो रही बारिश के कारण झारखंड का सबसे ऊंचा जलप्रपात लोध फॉल इन दिनों पूरे वेग से बह रहा है। जलप्रपात में पानी का प्रवाह बढ़ने के साथ इसकी खूबसूरती भी देखते बन रही है। यही वजह है कि बड़ी संख्या में पर्यटक इन दिनों लोध फॉल का नजारा देखने पहुंच रहे हैं। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए वन विभाग ने पर्यटकों की सुरक्षा के लिए अहम फैसला लिया है। उप निदेशक, पलामू व्याघ्र परियोजना दक्षिणी प्रमंडल के निर्देश पर लोध फॉल परिसर में बने लकड़ी के ब्रिज पर पर्यटकों के आवागमन को अगले आदेश तक रोक दिया गया है। विभाग ने मौके पर सुरक्षा संबंधी सूचना बोर्ड भी लगाया है, ताकि पर्यटकों को प्रतिबंध की जानकारी मिल सके। वन विभाग ने कहा कि आदेश की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नियम तोड़ने पर एक हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाने के साथ कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान किया गया है। विभाग का कहना है कि बारिश के दौरान जलप्रवाह अचानक तेज हो सकता है। ऐसे में ब्रिज या जलप्रपात के आसपास जाना हादसे का कारण बन सकता है। प्रतिबंध के बावजूद लोध फॉल की प्राकृतिक सुंदरता पर्यटकों को आकर्षित कर रही है और लोगों का पहुंचना जारी है।

## अवैध खनन, नशे के कारोबार और सड़क हादसों पर प्रशासन सख्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में अवैध खनन, मादक पदार्थों के कारोबार और सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर प्रशासन ने कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया है। सोमवार को उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स, मादक पदार्थ नियंत्रण समिति और जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई।खनन टास्क फोर्स की बैठक में बताया गया कि 23 जुलाई से अब तक 402 वाहनों की जांच कर 40 टन खनिज जब्त किया गया है, जबकि आठ वाहन जब्त किए गए। उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ नियमित छापेमारी करने तथा दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगाने को कहा। मादक पदार्थ नियंत्रण समिति की बैठक में स्कूल-कॉलेजों के 100 मीटर के दायरे में नशीले पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए नियमित जांच का निर्देश दिया गया। मेडिकल दुकानों में नशीली दवाओं की बिक्री पर निगरानी, अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी और नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। नशीले पदार्थों की खेती वाले सम्भावित क्षेत्रों में किसानों को वैकल्पिक फसलों के लिए प्रेरित करने का भी निर्देश दिया गया। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जुलाई में हुई 12 दुर्घटनाओं में आठ लोगों की मौत की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने दुर्घटना संभावित स्थानों पर संकेतक, रंबल स्ट्रिप और गोलाकार दर्पण लगाने, झाड़ियों की सफाई तथा सड़क के गड्ढे भरने का निर्देश दिया। महुआडांड़ में नियमित हेलमेट और प्रदूषण जांच के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। बैठकों में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो, जिला खनन पदाधिकारी नदिम सफी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, संबंधित पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचल अधिकारी वन, स्वास्थ्य, खनन, उत्पाद, पथ निर्माण समेत संबंधित विभागों के अधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण, युवक गिरफ्तार

**कुंडहित (जामताड़ा) :** कुंडहित थाना पुलिस ने शादी का प्रलोभन देकर युवती का कथित रूप से यौन शोषण करने और आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जामताड़ा जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, इस संबंध में कुंडहित थाना कांड संख्या 30/2026, दिनांक 23 अगस्त 2026 को भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 69 तथा आईटी एक्ट की धारा 66(E)/67(A) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामले में कुंडहित थाना क्षेत्र के हल्दीडीह निवासी अभिजीत भंडारी, पिता विमल भंडारी, को आरोपी बनाया है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता बाबूपुर गांव की करीब 19 वर्षीय युवती है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने शादी का प्रलोभन देकर युवती का कथित रूप से यौन शोषण किया और बाद में संबंधित आपत्तिजनक वीडियो वायरल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राज्य गतका चैम्पियनशिप में पलामू का शानदार प्रदर्शन, 40 खिलाड़ियों ने जीते पदक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** धनबाद के सेंट जेवियर स्कूल में 22 से 23 अगस्त तक आयोजित झारखंड राज्य गतका चैंपियनशिप-2026 में पलामू के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में पलामू से कुल 50 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 40 खिलाड़ियों ने पदक जीतने में सफलता हासिल की। पलामू के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में कुल 17 स्वर्ण, 10 रजत और 13 कांस्य पदक अपने नाम किए। अंडर-11 वर्ग में टीम सिंगल सोटी में आर्यन कुमार, राजवीर कुमार पासवान, रोहित कुमार पासवान और कुशाग्र कुमार शुक्ला ने स्वर्ण पदक जीता। व्यक्तिगत सिंगल सोटी में रणवीर कुमार तथा व्यक्तिगत फारी सोटी में सूरज कुमार ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी वर्ग में व्यक्तिगत फारी सोटी में तमन्ना शर्मा और व्यक्तिगत सिंगल सोटी में अभिनव सिंह ने कांस्य पदक जीता। अंडर-14 वर्ग में टीम फारी सोटी में वेद प्रकाश, आदित्य पाठक, आयुष कुमार और पुनीत कुमार ने स्वर्ण पदक जीता। रजत पदक जीतने वालों में टीम फारी सोटी के पिहू, अदिति कुमारी, अनामिका कुमारी और नैन्सी, टीम सिंगल सोटी के प्रियांशु कुमार, अर्पित राज, आर्यन कुमार और अनिश कुमार तथा व्यक्तिगत सिंगल सोटी में अरन्याक सिंह शामिल हैं। व्यक्तिगत सिंगल सोटी में वर्षा चौबे और रिया कुमारी तथा व्यक्तिगत फारी सोटी में अंशिका शर्मा ने कांस्य पदक हासिल किया। अंडर-17 वर्ग में व्यक्तिगत फारी सोटी में काजल कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि सुमन कुमारी ने रजत पदक हासिल किया। टीम सिंगल सोटी में अंश कश्यप, सत्यम सिंह, गौतम कुमार और जीत तिवारी, व्यक्तिगत सिंगल सोटी में खुशबू कुमारी तथा व्यक्तिगत फारी सोटी में अनिकेत राज और साक्षी कुमारी ने कांस्य पदक जीता। अंडर-19 वर्ग में टीम फारी सोटी में सौरभ कुमार, सौभाग्य सिद्धार्थ, समीर कुमार और अनुभव कुमार ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

## पुलिस अधीक्षक ने किया 'टाउन महिला थाना' के नये भवन का उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देशानुसार सोमवार को टाउन थाना परिसर में नवनिर्मित टाउन महिला थाना के नए भवन का विधिवत उद्घाटन पुलिस अधीक्षक पलामू कपिल चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सदर एसडीपीओ राजेश यादव, प्रभारी सार्जेंट मेजर सुरेश राम, टाउन थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार, महिला थाना प्रभारी सुश्री पार्वती कुमारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। नवनिर्मित महिला थाना भवन का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित मामलों के त्वरित एवं संवेदनशील निष्पादन के साथ-साथ पीड़ित महिलाओं को सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है। नए भवन में आम नागरिकों एवं पीड़ित महिलाओं के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे थाना आने वाली महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। महिला संबंधी शिकायतों एवं मामलों के निष्पादन के लिए बेहतर आधारभूत संरचना उपलब्ध होने से पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं संवेदनशील बनाने में सहायता मिलेगी। साथ ही, महिला थाना में आने वाली पीड़ित महिलाओं को अपनी समस्याएं सहज एवं सुरक्षित वातावरण में रखने की सुविधा प्राप्त होगी।

## लातेहार में क्रिकेट स्टेडियम के लिए जमीन की मांग

# उपायुक्त से मिले जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में क्रिकेट को नई पहचान दिलाने की कवायद शुरू हो गई है। जिला क्रिकेट संघ ने खिलाड़ियों के लिए स्थायी क्रिकेट मैदान और स्टेडियम की मांग उठाई है। इसी सिलसिले में संघ का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को उपायुक्त संदीप कुमार से मिला और 10 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ पदाधिकारियों ने उपायुक्त को बताया कि जिले में क्रिकेट के प्रति युवाओं में काफी रुचि है। बड़ी संख्या में खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं, लेकिन स्थायी मैदान और जरूरी संसाधनों के अभाव में उन्हें कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यदि अपना मैदान उपलब्ध हो जाए तो खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास के साथ जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी का बेहतर मौका मिल सकेगा।संघ ने क्रिकेट मैदान के साथ पवेलियन, खिलाड़ियों के अभ्यास सहित अन्य जरूरी सुविधाएं विकसित करने की बात कही। इसके लिए 10 एकड़ जमीन 30 वर्षों के लिए लीज पर देने का अनुरोध किया गया है। पदाधिकारियों ने कहा कि झारखंड राज्य क्रिकेट संघ भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहा है। लातेहार में स्थायी मैदान बनने से स्थानीय खिलाड़ियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। मामले को सुनने के बाद उपायुक्त संदीप कुमार ने इसे गंभीरता से लिया और जिला खेल पदाधिकारी अनिमेष त्रिपाठी को आगे की कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

## 04 लाख के गांजे के साथ अंतर्राज्यीय गिरोह के दो तस्कर गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के सटीक सूचना तंत्र के बदौलत हंटरगंज थाना पुलिस को झारखंड-बिहार सीमा क्षेत्र में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अंतर्राज्यीय तस्करी गिरोह से जुड़े दो कथित तस्करों को गिरफ्तार करते हुए 9 किलो 150 ग्राम गांजा, ओल्ड हैबिट कंपनी की 750 एमएल की 11 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब तथा तस्करी में प्रयुक्त एक कार जब्त किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब चार लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हंटरगंज थाना क्षेत्र के भोंदल गांव निवासी रोहित कुमार व बाजार निवासी पवन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने रोहित कुमार को भोंदल-प्रतापपुर मोड़ के समीप उसकी सफेद रंग की हुंडई कार के साथ गिरफ्तार किया, जबकि उसके निशानदेही पर पवन कुमार को हंटरगंज बाजार से पकड़ा गया। सदर एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का संबंध अंतर्राज्यीय तस्करी गिरोह से है और गिरोह में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## सखी मंडल की दीदियों की निर्मित राखी प्रदर्शनी सह बिक्री केन्द्र का उपायुक्त ने किया शुभारम्भ

# स्थानीय हुनर को बाजार उपलब्ध कराने पर जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को समाहरणालय परिसर में जेएसएलपीएस के सखी मंडल की दीदियों द्वारा निर्मित राखी प्रदर्शनी सह बिक्री केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सखी मंडल की दीदी ने उपायुक्त को राखी बांधकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद उपायुक्त ने फीता काटकर एवं राखी का प्रदर्शन कर बिक्री केंद्र का औपचारिक शुभारम्भ किया। उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि सखी मंडल की दीदियों द्वारा तैयार की जा रही राखियां स्थानीय स्तर पर महिलाओं के हुनर को आजीविका से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे इस राखी बिक्री केंद्र के साथ-साथ अपने नजदीकी संकुल से भी सखी मंडल की दीदियों द्वारा निर्मित राखियां खरीदें और स्थानीय महिला समूहों के प्रयासों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सखी मंडल की दीदियों द्वारा कुल 40 हजार राखियां तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में जिले के तीन प्रखंडों—लेस्लीगंज, पड़वा एवं नावाबाजार—में सखी मंडल की दीदियों द्वारा राखी का निर्माण किया जा रहा है। निर्मित राखियों की बिक्री जिले के सभी प्रखंडों में संकुल के माध्यम से की जा रही है, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक सखी मंडल की दीदियों के उत्पाद पहुंच सकें। डीसी श्री शेखावत ने कहा कि सखी मंडल की दीदियां विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार कर अपनी आजीविका को सशक्त कर रही हैं। उनके द्वारा निर्मित राखियों को बाजार उपलब्ध कराना महिला सशक्तीकरण एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने जिलेवासियों से स्थानीय स्तर पर तैयार इन राखियों को प्राथमिकता देने की अपील की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता सी. केरकेट्टा, जिला प्रबंधक नवल किशोर राजू, इमरान अहमद, मिथिलेश कुमार, अख्तर अंसारी, अवकेश खलखो, शेखर लाल एवं बीपीओ सुनील कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## सांता पब्लिक स्कूल में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



**गुमला :** सांता पब्लिक स्कूल, शास्त्री नगर, गुमला में सोमवार को गुमला प्रधान डाकघर के तत्वावधान में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए खूबसूरत एवं आकर्षक राखियां तैयार कीं। प्रतियोगिता के बाद बच्चों द्वारा बनायी गयी राखियों को डाक विभाग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यपाल तथा भारतीय सेना के वीर जवानों के लिए भेजा गया। बच्चों ने राखियों के माध्यम से भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के साथ-साथ देश की रक्षा में तैनात जवानों के प्रति सम्मान और स्नेह का संदेश भी दिया। मौके पर गुमला प्रधान डाकघर के राजेश कुमार महतो ने कहा कि भारतीय डाक विभाग द्वारा बच्चों के बीच राखी के महत्व और इसके भावनात्मक संदेश को पहुंचाने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राखी केवल एक धागा नहीं, बल्कि भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है।

## 101 बच्चों ने निकाली बाल कांवड़ यात्रा

# हर हर महादेव के जयघोष से गूंजा नगर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**झुमरीतिलैया** : नगर में रविवार को संस्कृति, संस्कार और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। मारवाड़ी युवा मंच, झुमरीतिलैया शाखा एवं झुमरीतिलैया प्रेरणा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में बाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में 101 नन्हे कांवड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे बच्चे अपने कंधों पर पवित्र कांवड़ लेकर श्री राम जानकी मंदिर (चांडक कैंपस) से यात्रा पर निकले। 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ यात्रा झंडा चौक होते हुए शीतला माता मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर पहुंची। यहां सभी बाल कांवड़ियों ने श्रद्धा के साथ भगवान शिव का सामूहिक जलाभिषेक किया। इसके बाद भगवान भोलेनाथ की आरती की गई और विधि-विधान से यात्रा का समापन हुआ।

**देवी-देवताओं के रूप में सजे बच्चे बने आकर्षण**

यात्रा के दौरान निकाली गई झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। इसमें बच्चों ने देवी-देवताओं का रूप धारण किया। वैदिक चौधरी भगवान शिव, आरवी संघई माता पार्वती और कियानी चौधरी भगवान गणेश के रूप में सजे। बच्चों के दिव्य स्वरूप ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। झांकी में आकर्षक ढंग से सजाया गया भव्य शिवलिंग भी विशेष आकर्षण रहा।

**बच्चों को संस्कारों से जोड़ना उद्देश्य**

मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष मोहित संघई ने कहा कि आधुनिक दौर में बच्चों को अपनी संस्कृति, धार्मिक संस्कारों और समर्पण की भावना से जोड़ना जरूरी है। बाल कांवड़ यात्रा का उद्देश्य बच्चों में सनातन मूल्यों के प्रति रुचि और आस्था पैदा करना था। नगरवासियों के सहयोग और बच्चों के उत्साह से आयोजन सफल रहा। यात्रा के सफल संचालन में परियोजना निर्देशक कृतिका मोदी, काजल गुप्ता, विपुल चौधरी और अनुराग हिसारिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन को सफल बनाने में मंच एवं प्रेरणा शाखा के पदाधिकारियों, सदस्यों और नगरवासियों का सहयोग रहा। अंत में श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।

## सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के नन्हे बच्चों ने किया शिव मंदिर का दर्शन, जाना पूजा-पद्धति का महत्व



**लातेहार** : सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में सोमवार को नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा के तहत संस्कृति दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिशु वाटिका की प्रभात कक्षा में अध्ययनरत नन्हे बच्चों को शहर के धर्मपुर स्थित शिव मंदिर का भ्रमण कराया गया। मंदिर पहुंचने पर बच्चों ने भगवान शिव के दर्शन किए। शिक्षकों ने उन्हें भगवान शिव के स्वरूप, उनसे जुड़े प्रतीकों और शस्त्रों के धार्मिक महत्व के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी। मंदिर के पुरोहित ने बच्चों को सामान्य पूजा-विधि, भगवान के समक्ष अभिवादन करने तथा मंदिर में आचरण से जुड़ी आवश्यक बातें भी बतायीं। बच्चों ने उत्सुकता के साथ धार्मिक गतिविधियों को देखा और विभिन्न जानकारियां प्राप्त कीं। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि, ऐसे कार्यक्रम बच्चों में अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति समझ विकसित करने के साथ उनमें नैतिक मूल्यों को मजबूत करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## सावन की अंतिम सोमवारी पर शिवमय हुआ नेतरहाट, जलाभिषेक के लिए निकली कलश यात्रा



**महुआडांड़ (लातेहार)** : सावन की अंतिम सोमवारी पर सोमवार को नेतरहाट में आस्था का अलग रंग देखने को मिला। मनोकामना शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई। आयोजन मंडल की ओर से इस मौके पर कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और स्थानीय श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।सुबह से शुरू हुई यात्रा बाजार टाड़, थाना चौक और दुर्गा मंदिर होते हुए बड़ा तालाब पहुंची। सिर पर कलश लिए महिलाएं भजन-कीर्तन और शिव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रही थीं। इससे यात्रा मार्ग का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। बड़ा तालाब पहुंचने पर मंत्रोच्चार के साथ पूजा हुई और श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा।जल लेकर श्रद्धालु फॉरेस्ट अतिथिगृह मार्ग से वापस मंदिर पहुंचे। यहां भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक किया गया। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के साथ शांति व खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के समापन के बाद मंदिर परिसर में भंडारा लगाया गया। इसमें आसपास के गांवों से पहुंचे लोगों समेत यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## कांवर पदयात्रा में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, भक्ति गीतों पर झूमे शिवभक्त



**कोडरमा** : कांवर पदयात्रा को लेकर सामाजिक लोकतांत्रिक कमिटी, दूधिमाटी-लक्खीबागी, कोडरमा की ओर से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में मगही-भोजपुरी के सुपरस्टार ओमप्रकाश अकेला 'बिल्डरवा के पापा' समेत कई कलाकारों ने प्रस्तुति दी। कांवर पदयात्रा में शामिल हजारों शिवभक्तों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया और भक्ति गीतों के बीच अपनी थकान मिटाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुभाष प्रसाद यादव ने कहा कि भक्ति और भजन का आनंद ही कुछ और है। गायकों ने भजन और गीतों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भक्तिमय माहौल में शिवभक्तों के जयकारे से पूरा कोडरमा शिवमय नजर आया। उन्होंने कहा कि आस्था के इस जनसैलाब में हजारों लोगों की भागीदारी गौरव की बात है। धार्मिक दृष्टिकोण से सुविधाओं और संसाधनों को बढ़ाने के लिए और कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोडरमा के सामाजिक, आर्थिक और धार्मिक विकास के लिए वे हर संभव मदद करने के लिए कृतसंकल्पित हैं। कार्यक्रम में राजद जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव, सामाजिक लोकतांत्रिक कमिटी के अध्यक्ष बिरजू यादव, वार्ड पार्षद नारायण यादव, विजय यादव, संतोष चंद्रवंशी, संदीप यादव समेत आयोजन समिति के सदस्य, पदाधिकारी और राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हरियाली की ओर ग्रिजली विद्यालय की पहल, 685 फलदार पौधों का वितरण



**कोडरमा** : पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार तथा ग्रामीण समुदाय को पौधारोपण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ग्रिजली विद्यालय द्वारा कोडरमा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सहयोग से पांच पंचायतों के सात क्षेत्रों में फलदार पौधा वितरण अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत आम, नींबू, अमरूद एवं चीकू के कुल 685 पौधे ग्रामीणों के बीच वितरित किए गए। पौधों का वितरण विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किया गया, जिससे अभियान में बच्चों की सक्रिय सहभागिता के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी जन-जन तक पहुंचा। अभियान के अंतर्गत बरकी धमराई पंचायत में मुखिया सरजू वर्मा के सहयोग से 110 आम के पौधे, छोटकी धमराई में 50 आम के पौधे तथा मझगांव में 50 आम के पौधे वितरित किए गए। बेला कोलुआ-कला पंचायत में मुखिया मंगल देव यादव के सहयोग से 125 पौधों का वितरण हुआ, जिसमें 50 आम, 25 नींबू, 25 चीकू एवं 25 अमरूद के पौधे शामिल रहे। इसी क्रम में उरवां पंचायत में मुखिया मनोज पासवान के सहयोग से 100 पौधे वितरित किए गए, जिनमें 50 आम, 20 नींबू, 20 अमरूद एवं 10 चीकू के पौधे शामिल थे। तितिरचांच-पथलगड्डा पंचायत में मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र पासवान के सहयोग से 75 पौधों का वितरण किया गया, जिसमें 50 आम, 10 अमरूद, 10 नींबू एवं 5 चीकू के पौधे शामिल रहे। वहीं कांति पंचायत में मुखिया प्रतिनिधि लखन यादव के सहयोग से स्थानीय ग्रामीणों के बीच 175 आम के पौधे वितरित किए गए। अभियान के दौरान स्थानीय मुखियाओं एवं जनप्रतिनिधियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## श्रावण मास की अंतिम सोमवारी पर ध्वजाधारी धाम में प्रशासन मुस्तैद



कंट्रोल रूम से उपायुक्त, एसपी व डीडीसी ने की मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं की निगरानी, सीसीटीवी से श्रद्धालुओं की भीड़ एवं विधि-व्यवस्था पर रखी गयी पैनी नजर

**कोडरमा** : श्रावण मास की चौथी एवं अंतिम सोमवारी के अवसर पर ध्वजाधारी धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगम जलार्पण एवं सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। ध्वजाधारी धाम स्थित कंट्रोल रूम से उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशिष एवं उप विकास आयुक्त रवि जैन ने मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए पूरे आयोजन की लगातार निगरानी की। कंट्रोल रूम में स्थापित सीसीटीवी के माध्यम से मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भीड़, कतार व्यवस्था, जलार्पण, आवागमन एवं विधि-व्यवस्था की स्थिति पर लगातार नजर रखी गई। भीड़ की स्थिति के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाओं एवं प्रबंधन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से जलार्पण संपन्न हो, इसके लिए सभी स्तरों पर सतर्कता बरती गई। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी निर्मल सोरेन, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय सोनी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद केशरी, नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी शम्भू कुशवाहा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामरतन वर्णवाल, कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सहित सभी संबंधित पदाधिकारी, दंडाधिकारी एवं पुलिस बल सक्रिय रूप से तैनात रहे।

## एक झलक

### ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**गुमला** : थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने अमित नगर चेटर में छापेमारी कर ब्राउन शुगर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। सूचना मिली थी कि दो युवक नशीले पदार्थ का सेवन कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम गठित कर कार्रवाई की गई। मौके से दोनों युवकों को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई, जिसमें करीब 2 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लोहरदगा रोड आरा मिल के समीप निवासी 22 वर्षीय अमित कुमार साहू और अमृत नगर निवासी 25 वर्षीय राहुल कुमार के रूप में हुई है। दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी दिनेश कुमार, अंचल अधिकारी गुमला, पुलिस अवर निरीक्षक विनय कुमार महतो, धीरज कुमार सिंह, सरताज खान, सुदीप टोप्पो और समीर अंसारी शामिल थे। एसडीपीओ ने गुमला को नशामुक्त बनाने के लिए नगरवासियों और स्थानीय लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

### गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम** : टाटानगर रेलवे स्टेशन पर नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। रविवार रात स्टेशन परिसर में चलाए गए विशेष जांच अभियान के दौरान करीब 30 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। साथ ही मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

## खेल से निखरती है प्रतिभा, युवाओं को आगे बढ़ने का मिलता है मंच : सुखदेव भगत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**सिसई** : मुहर्रम कमिटी लोहांजारा सिसई द्वारा आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन समारोह खेल भावना और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा के लोकप्रिय सांसद सुखदेव भगत जी शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि गुमला जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी, प्रखंड प्रमुख मीना टोप्पो एवं सिसई प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष निलेश उरांव उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला चांपी बनाम पोढ़ा टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में चांपी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताएं युवाओं की प्रतिभा को सामने लाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि इससे युवाओं में अनुशासन, मेहनत, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है।उन्होंने कहा कि गांवों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें बेहतर अवसर और उचित मंच उपलब्ध कराने की। फुटबॉल जैसे खेलों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के युवा अपनी प्रतिभा को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ आगे बढ़ने और नियमित मेहनत करने की अपील की।

## ग्रिजली विद्यालय में नन्हे-मुन्नों ने मनाया 'रेनी डे'



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कोडरमा** : तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के प्री-प्राइमरी विभाग में नर्सरी कक्षा के नन्हे-मुन्नों के लिए 'रेनी डे' का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को वर्षा ऋतु, जल के महत्व, जल संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता से परिचित कराते हुए खेल-खेल में सीखने का अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न मनोरंजक, रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से बारिश के मौसम की खुशियों को अभिव्यक्त किया। इसके बाद विभिन्न किरदारों पर आधारित रैम्प वॉक आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा के साथ आत्मविश्वास एवं उत्साह का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण स्ट्रेनर एक्टिविटी रही, जिसके माध्यम से बच्चों को पानी के प्रवाह एवं छानने की प्रक्रिया से परिचित कराया गया। वहीं, पानी पर तैरती नाव की गतिविधि के माध्यम से बच्चों ने प्रयोगात्मक तरीके से समझा कि कुछ वस्तुएँ पानी पर तैरती हैं, जबकि कुछ वस्तुएँ पानी में डूब जाती हैं। इन गतिविधियों ने बच्चों में जिज्ञासा, रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा दिया तथा उन्हें 'करके सीखने' का आनंद मिला।कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को जल को व्यर्थ न बहाने, वर्षा जल के महत्व को समझने तथा बारिश के मौसम में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए भी प्रेरित किया गया। नन्हे-मुन्नों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने पूरे वातावरण को उल्लास से भर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं प्राचार्या अंजना कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा, 'बच्चों के लिए सीखना तब अधिक प्रभावी और आनंददायक बन जाता है, जब उन्हें गतिविधियों के माध्यम से स्वयं अनुभव करने का अवसर मिलता है। 'रेनी डे' जैसे आयोजन बच्चों को वर्षा, जल और प्रकृति के महत्व से सहज रूप से परिचित कराने के साथ उनमें जिज्ञासा, रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करते हैं। हमारा प्रयास है कि प्रारंभिक शिक्षा के दौरान ही बच्चों में जल संरक्षण, स्वच्छता और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो।कार्यक्रम का सफल समन्वयन प्री-प्राइमरी कोऑर्डिनेटर बनानी निओगी के मार्गदर्शन में किया गया।

## उपायुक्त ने की ई-गवर्नेंस सेवाओं की समीक्षा

# लम्बित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**मेदिनीनगर** : उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में सोमवार को जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी की मासिक समीक्षा बैठक हुई। इसमें CSC, झारनेट, आधार सेवा, AEBAS, ई-ग्रंथालय एवं झारसेवा की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में बताया गया कि जिले में 2,261 उरउ पंजीकृत हैं, जिनमें 1,918 सक्रिय हैं। सभी 21 प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय आधार नामांकन केंद्र सक्रिय हैं। झारनेट की समीक्षा में मनातू में विद्युत समस्या तथा उंटारी रोड में सेवा बाधित होने की जानकारी दी गई। उपायुक्त श्री शेखावत ने दोनों स्थानों पर शीघ्र समस्या दूर कर सेवा बहाल करने का निर्देश दिया। झारसेवा की समीक्षा के दौरान प्रमाण पत्र एवं विवाह निबंधन के लंबित आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। 22 अगस्त तक विवाह प्रमाण पत्र के 651 आवेदनों में 268 लंबित पाए गए। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने को कहा। ई-ग्रंथालय की समीक्षा में पुस्तकालय के सक्रिय सदस्यों की संख्या 1,140 तथा ई-ग्रंथालय में कैटलॉग की गई पुस्तकों की संख्या 9,810 बताई गई। उपायुक्त ने सभी डिजिटल सेवाओं को प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के नेतृत्व में राजद का सेवा शिविर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**झुमरीतिलैया** : राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा झुमरीतिलैया के महाराणा प्रताप चौक के समीप सेवा शिविर का आयोजन किया गया। झरनाकुंड धाम से ध्वजाधारी धाम तक कांवर पद यात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओ के बीच सेवा भाव से राजद नेता सह कोडरमा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के नेतृत्व में शिवभक्तों के बीच शरबत, पानी और जूस का वितरण किया गया। राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव ने कहा कि कोडरमा में अंतिम सोमवारी को निकलने वाली कांवर पद यात्रा ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन है। इस आयोजन में हजारों लोग शामिल होते है। उन्होंने कहा कि राजद सेवाभाव में यकीन रखती है। राजद परिवार हर समुदाय और हर वर्ग में सामाजिक सौहार्द बनाने के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक और राजनीतिक कर्तव्य के तहत राजद परिवार ने धार्मिक आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई है। मौके पर जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव, मनोज रजक, संजय दास, मनोज मोदी, घनश्याम तुरी, सुनीला खटीक, अमरजीत कौर, गीता देवी, पवन भगत, सत्येंद्र कुमार समेत पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गम्भीर आरोपों के बावजूद नक्की अहमद की फिर चतरा में पोस्टिंग

# स्वास्थ्य विभाग की जांच रिपोर्ट ने उठाये बड़े सवाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चतरा** : स्वास्थ्य विभाग में विवादों और गंभीर शिकायतों से घिरे लिपिक सैयद नक्की अहमद की दोबारा चतरा सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापना को लेकर विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। उपलब्ध विभागीय जांच रिपोर्ट में उनके खिलाफ कई शिकायतों का उल्लेख करते हुए जनहित में उन्हें दूसरे प्रमंडल में स्थानांतरित करने की अनुशंसा की गई थी। इसके बावजूद उनकी पुनः चतरा में पोस्टिंग चर्चा का विषय बनी हुई है। जांच रिपोर्ट के अनुसार, नक्की अहमद उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल में कई वर्षों से पदस्थापित रहे हैं। उनके खिलाफ उच्च अधिकारियों से कथित दुर्व्यवहार, धमकी देने और सहकर्मियों से विवाद की शिकायतें प्राप्त होने का उल्लेख रिपोर्ट में किया गया है। जांच अधिकारी ने जनहित में उन्हें दूसरे प्रमंडल में स्थानांतरित करना उचित बताया था। रिपोर्ट में 31 जनवरी 2021 की एक घटना का भी जिक्र है। तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ. अरुण कुमार पासवान की सेवानिवृत्ति के दिन नए सिविल सर्जन के रूप में डॉ. रंजन सिन्हा के पदभार ग्रहण के दौरान कथित व्यवधान और हंगामे की बात सामने आई थी। कार्यालय के कर्मियों द्वारा इस संबंध में लिखित सूचना दिए जाने का भी उल्लेख दस्तावेज में है। वहीं, तत्कालीन जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रंजन सिन्हा और सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. हरिहर सिंह के पत्रों में भी नक्की अहमद के व्यवहार को लेकर शिकायतों का उल्लेख किया गया था। दस्तावेज बताते हैं कि वर्ष 2019 में भी उन्हें अन्यत्र स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। 5 जुलाई 2019 के आदेश में उन्हें पाकुड़ सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापित किया गया था, लेकिन बाद में स्थानांतरण पर पुनर्विचार और उसे स्थगित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई। अब दोबारा चतरा में पदस्थापना के बाद सवाल उठ रहा है कि पूर्व की जांच रिपोर्ट और स्थानांतरण की अनुशंसा की समीक्षा किए बिना यह निर्णय क्यों लिया गया। विभाग से यह भी स्पष्ट करने की मांग उठ रही है कि पुरानी शिकायतों का निपटारा हुआ है या नहीं। मामले में स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों का पक्ष सामने आना बाकी है।

## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग
email - municipality_08@rediffmail.com

**Short Notice Inviting Tender**
**Tender Reference No. - UDD/HMC/HZB/20/2026-27**
**Date : 24.08.2026**

| | |
|---|---|
| Name of the Work | **Supply of Medicine at Urban Ayushman Arogya Mandir (UAAM) under Municipal Corporation, Hazaribag** |
| Bid Document Fee (Rs.) | Rs 10,000.00 (Ten Thousand) Pay Online (Non-Refundable ) at website http://jharkhandtenders.gov.in |
| Earnest Money | Rs. 1,00,000.00 (one Lakh) Pay Online at website http://jharkhandtenders.gov.in |
| Date of Publication of Tender on website | **26.08.2026** |
| Last Date/Time of receipt of bids online | **11.09.2026 up to 5:00 P.M.** |
| Bid Opening date | **15.09.2026 at 11:00 A.M.** |
| Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Municipal Corporation, Hazaribag. |
| Contact No. of Procurement officer | 7004394602 |

**NOTE :**
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

**Municipal Commissioner**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

PR 388326 Urban Development and Housing(26-27).D

## INVITING REQUEST FOR PROPOSAL(R.F.P.) WATER RESOURCES DEPARTMENT GOVERNMENT OFJHARKHAND

**NIT NO. : WRD/JH/CE/DMPH/RFP/29/2026**
**National Competitive Bidding**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Request for Proposal for Conducting Studies and Preparation of Detailed Investigation Reports on Comprehensive Dam Safety Evaluation/ Structural Health Assessment for Dam Rehabilitation/ Preparation of Emergency Action Plan, Operation and Maintenance Manual etc. of Kairabani Dam under Chief Engineer, WRD, Deoghar Water Resources Department, Govt. of Jharkhand |
| 2. | Mode of Submission of Bids | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 3. | Tender fee (In INR) | Rs.10,000.00 (Ten thousand only) - ----(Non-refundable) |
| 4. | Bid Security (In INR) | Rs.1,00,000/ - (One Lakh only) |
| 5. | Time of completion | 150 days from the date of agreement |
| 6. | Date of availability of Bidding Document on Website | 27/08/2026;16:00 HRS |
| 7. | Last Date and time of submission of pre- bid queries | 07/09/2026;11:00 HRS |
| 8. | Date of Pre Bid Meeting | 08/09/2026; 11:30HRS Chief Engineer, Design Master Planning And Hydrology, Room No. 203, Second Floor, Jal Bhawan, Doranda, Ranchi, Jharkhand-834002 |
| 9. | Last Date of Submission of online Bids | 24/09/2026;15:30HRS |
| 10. | Date & time of opening of Technical Bid | 25/09/2026;16:30HRS Chief Engineer, Design Master Planning And Hydrology, Room No. 203, Second Floor, Jal Bhawan, Doranda, Ranchi, Jharkhand-834002 |
| 11. | Name of address of E - procurement officer | Chief Engineer, Design Master Planning And Hydrology, Room No. 203, Second Floor, Jal Bhawan, Doranda, Ranchi, Jharkhand-834002 Email:cedesign-wrd-jhr@nic.in |
| 12. | Helpline no. | 9162471847, 09787107524, 09599321224, 09304037930, 09110975717 |

Note:-Please see details on www.jharkhandtenders.gov.in

**Chief Engineer Design, Master Planning &Hydrology,**
**Water Resources Department,**
**Government of Jharkhand**

PR 388289 (Water Resource)26-27*D

स्वच्छ रामगढ़।
सुन्दर रामगढ़।।

आपकी भागीदारी
हमारी जिम्मेदारी।।

## कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़। रामगढ़, झारखण्ड–825101

दूरभाष नं० :– 6553-295014 ई.मेलः–nagarparishadramgarh@gmail.com
वेबसाईट :– http://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Ramgarh/Ramgarh.aspx

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत जाँच टिम द्वारा औचक निरिक्षण के क्रम में निम्नलिखित निर्मित/निर्माणाधिन भवन प्रथम दृष्टया अवैध पाया गया कार्रवाई से पहले निर्माणकर्ता को संबंधित दस्तावेज, सक्षम प्राधिकार से पारित भवन प्लान और अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया, निर्धारीत अवधि में अनुपालन नही करने पर विधिसम्मत निर्मित/निर्माणाधिन भवनों का अपसारण/सिलिंग का कार्रवाई कि जा रही है।

| क्र० सं० | निर्माणकर्ता का नाम | अर्थदण्ड की राशि |
|---|---|---|
| 1. | चमन महतो, वार्ड सं0–30 | ₹2,00,000/– |
| 2. | रघुनाथ वर्मा, वार्ड सं0–30 | ₹2,00,000/– |
| 3. | प्रदिप कुशवाहा, वार्ड सं0–29 | ₹2,00,000/– |
| 4. | गणेश सिंह, वार्ड सं0–29 | ₹2,00,000/– |
| 5. | विश्वनाथ प्रसाद, वार्ड सं0– 26 | ₹2,00,000/– |

उपरोक्त सभी संबंधित निर्माणकर्ता को निर्धारित समय सीमा के अन्दर भवन को अपसारित करते हुए कार्यालय को सूचित करें अन्यथा नगर परिषद के स्तर से भवन का अपसारण करते हुए इस पर होने वाले व्यय की वसूली त था सरकारी आदेश की अवमानना से संबंधित कानुनी कार्रवाई की जाएगी। अपसारण की कार्रवाई पूर्ण होने तक प्रश्गत भवन के निर्माण पर पूर्णतः रोक लगाई जाती है। भवन के अपसारण होने तक भवन को सिल करने का आदेश दिया गया।

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर परिषद् रामगढ़।**

PR 388251 (District) 26-27 (D)

## एक झलक

### शहरी गैर तकनीकी धनबाद व चिरकुंडा के होमगार्ड अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन सम्पन्न

**धनबाद :** होमगार्ड बहाली के तहत सोमवार को शहरी गैर तकनीकी धनबाद एवं चिरकुंडा से चयनित अभ्यर्थियों का मेडिकल जांच और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। उन्होंने बताया कि 25 अगस्त को शहरी गैर तकनीकी धनबाद की मेधा सूची क्रमांक 1 से 100 तक के पुरुष अभ्यर्थियों, 27 अगस्त को क्रमांक 101 से 200 तक के पुरुष अभ्यर्थियों का मेडिकल व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होगा। वहीं 29 अगस्त को शहरी तकनीकी धनबाद की मेधा सूची क्रमांक 1 से 115 तक के पुरुष अभ्यर्थियों का सत्यापन किया जाएगा।31 अगस्त को शहरी तकनीकी धनबाद की मेधा सूची क्रमांक 1 से 24 तक की महिला तथा क्रमांक 116 से 201 तक के पुरुष अभ्यर्थियों का मेडिकल व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होगा। छूटे हुए अभ्यर्थियों को 1 सितंबर 2026 को अंतिम अवसर दिया जाएगा।उपायुक्त ने अभ्यर्थियों से किसी भी बिचौलिए के झांसे में नहीं आने की अपील की। उन्होंने कहा कि राशि लेकर काम कराने का प्रलोभन देने वाले किसी भी व्यक्ति की सूचना तत्काल होमगार्ड डीएसपी के मोबाइल नंबर 6299226344 पर दें। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की भी अपील की।

### क्लेफ्ट लिप से पीड़ित सात बच्चों का नि:शुल्क ऑपरेशन, रांची रवाना

**धनबाद :** जन्मजात कटे होंठ (क्लेफ्ट लिप) की समस्या से जूझ रहे सात बच्चों के चेहरे पर अब मुस्कान लौटने की उम्मीद जगी है। जिला प्रशासन की पहल पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत इन बच्चों को नि:शुल्क सर्जरी के लिए सोमवार को रांची स्थित देव कमल अस्पताल भेजा गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर सदर अस्पताल में आयोजित विशेष शिविर के बाद बच्चों को विशेष वाहन से रांची रवाना किया गया। रवाना होने से पहले बच्चों और उनके अभिभावकों को अल्पाहार भी दिया गया। सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि चयनित बच्चों की उम्र पांच माह से 10 वर्ष तक है। इनमें जामडीह टुंडी का पांच माह, मुकुंदा का आठ माह, बरमसिया का 13 माह, नेतवारी आंगनबाड़ी का दो वर्ष, पुलिस लाइन व हरमाडीह के नौ वर्ष तथा बांसजोडा का 10 वर्षीय बच्चा शामिल है। बच्चों के साथ उनके अभिभावक, आरबीएसके चिकित्सक और शिविर के नोडल पदाधिकारी भी रांची गए हैं। उन्होंने बताया कि निजी अस्पतालों में क्लेफ्ट लिप सर्जरी में लाखों रुपये खर्च हो सकते हैं, जबकि जिला प्रशासन के सहयोग से इन बच्चों का इलाज पूरी तरह नि:शुल्क कराया जा रहा है। सभी बच्चों का हेल्थ कार्ड तैयार किया गया है और सर्जरी के बाद भी उनके स्वास्थ्य की लगातार निगरानी की जाएगी।तकनीकी कारणों से इस बार सदर अस्पताल में ऑपरेशन संभव नहीं हो सका।

### लोदना क्षेत्रीय कार्यालय में एक दिवसीय राजभाषा कार्यशाला सम्पन्न

**अलकडीहा(धनबाद) :** लोदना क्षेत्रीय कार्यालय में सोमवार को वित्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्यालय से अनुवादक (राजभाषा) अनिरुद्ध नोनिया एवं अनुवादक वंदना देवी वक्ता के रूप में उपस्थित हुए।कार्यशाला का उद्घाटन क्षेत्रीय प्रबंधक (प्रशासन) अमित कुमार गुप्ता, प्रबंधक (वित्त) संजय कुमार ठाकुर, सहायक प्रबंधक विकास कुमार तथा मुख्यालय से आए अनिरुद्ध नोनिया एवं वंदना देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। अतिथियों का पुस्तक एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद राष्ट्रगान एवं कोल इंडिया गीत प्रस्तुत किया गया।

---

**अंतिम सोमवारी पर बुढ़वा महादेव में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब**

# हर हर महादेव से गूंजा बड़कागांव क्षेत्र

■ सुबह पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल की पूजा-अर्चना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** सावन की अंतिम सोमवारी पर सोमवार को बड़कागांव के प्रसिद्ध महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर और आसपास का पूरा क्षेत्र बोल बम, हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयकारों से गूंजता रहा। बड़कागांव के साथ ही आसपास के विभिन्न प्रखंडों और दूसरे जिलों से बड़ी संख्या में शिवभक्त पूजा-अर्चना करने पहुंचे। महुदी पहाड़ पर स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर के साथ हनुमान मंदिर, श्रीराम मंदिर, द्वारपाल गुफा, छगरी गोदरी गुफा, डुमारो गुफा, डुमारो जलप्रपात और शिवमठ परिसर में भी दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। अंतिम सोमवारी को लेकर मंदिर परिसर में खासा धार्मिक उत्साह देखने को मिला। हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल सुबह-सुबह बुढ़वा महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में अत्यधिक भीड़ के कारण सांसद मोटरसाइकिल से क्षेत्र का भ्रमण करते हुए विभिन्न स्थानों पर पहुंचे और श्रद्धालुओं से मुलाकात की। साथ ही साथ जुलूस में शामिल भगवान शिव की झांकी को श्रद्धालुओं के साथ मिलकर खींचकर आगे बढ़ाने में सहयोग किया। इस दौरान सांसद के साथ विशेषरूप से हसारीबाग लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल मिश्रा, जिला महामंत्री जय नारायण प्रसाद, बड़कागांव विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, मंडल अध्यक्ष शिबू मेहता, समाजसेवी पिंटू कुशवाहा, सत्यजीत विद्या अलंकार, उदय कुशवाहा, राजकिशोर समेत दर्जनों कार्यकर्ता व श्रद्धालु मौजूद थे। ज्ञात हो कि रजरप्पा के भैरवी नदी से जल उठाकर लगभग 20 गांवों के कांवरिया संगठन के शिवभक्त पैदल यात्रा करते हुए बुढ़वा महादेव मंदिर पहुंचे। विभिन्न कांवरिया संगठनों की ओर से डीजे साउंड के साथ आकर्षक झांकियां निकाली गईं। जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बड़कागांव के प्रत्येक गांव से भी भव्य जुलूस और झांकी निकाली गई। जुलूस के मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। झांकियों को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। बुढ़वा महादेव विकास सह शांति समिति के तत्वावधान में कुशवाहा समाज गुरुचट्टी की ओर से झांकी का मूल्यांकन किया गया। बेहतर झांकी प्रदर्शन करने वाले आयोजकों को पुरस्कृत करने की तैयारी की गई थी। कांवरियों और शिवभक्तों के सम्मान के लिए कांड़तरी में भी व्यवस्था की गई। अंतिम सोमवारी पर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों की ओर से जगह-जगह सेवा शिविर लगाए गए। इन शिविरों में चना, शरबत, चाय, बिस्कुट और प्रसाद का वितरण किया गया। कई स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन हुआ। बुढ़वा महादेव मंदिर के समीप हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से श्रद्धालुओं के बीच खीर का वितरण किया गया। सांसद मनीष जायसवाल ने स्वयं विभिन्न जुलूस, झांकियों और प्रसाद वितरण शिविरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं से मुलाकात की और आयोजन की जानकारी ली। इस सावन मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. अविनाश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्यकर्मियों की टीम श्रद्धालुओं की सेवा के लिए तैनात रही।

## दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति में मनाया गया विश्व बंधुत्व दिवस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**गुमला :** दादी प्रकाशमणि की 19 वीं पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में शिव दर्शन भवन में विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों तथा युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानव सेवा और सामाजिक एकता का प्रेरणादायी संदेश दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त दिलेश्वर महतो एवं विशिष्ट अतिथि उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा दादी प्रकाशमणि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।मुख्य अतिथि उपायुक्त दिलेश्वर महतो ने रक्तदान शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। रक्त की कमी के कारण अनेक जरूरतमंद मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे रक्तदान शिविरों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकता है और उनकी जान बचाई जा सकती है।उन्होंने आयोजकों एवं सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मानव सेवा के ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहने चाहिए, ताकि समाज में सेवा, सहयोग और भाईचारे की भावना और मजबूत हो।

## कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त ने दिये आवश्यक निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती ने सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित कर विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान बिरहोर टांडा में निर्मित आवास, सरना-मसना योजना, कब्रिस्तान घेराबंदी, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुपालन, छात्रावास सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को कल्याण शाखा के पदाधिकारियों के बीच सुस्पष्ट कार्य विभाजन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सरना-मसना योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 की अपूर्ण योजनाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। वहीं, कब्रिस्तान घेराबंदी से संबंधित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने को कहा। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने प्राप्त सभी पात्र आवेदनों को स्वीकृत कर नियमानुसार राज्य सरकार को अग्रसारित करने का निर्देश दिया। पशुपालन योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों के बीच पशु वितरण का लक्ष्य निर्धारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों को 15 अक्टूबर तक पात्र लाभुकों का चयन सुनिश्चित करने को कहा। लाभुकों के चयन के उपरांत जिला स्तर से आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर उन्हें ससमय योजना का लाभ उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में जिले के सभी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावासों की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने खिरगांव एवं दीपुगढ़ा छात्रावास के संबंध में आवश्यक विभागीय पत्राचार करने का निर्देश दिया। साथ ही संचालित एवं असंचालित छात्रावासों में आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का अवलोकन कर आवश्यकताओं का आकलन करने को कहा। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में बेड, कुर्सी, पंखा, बिजली, पेयजल, गेट, गेटकीपर, बोरिंग एवं शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी ताकि आवश्यकताओं को ससमय पूरा कर छात्रावासों का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में उपविकास आयुक्त रिया सिंह, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, कल्याण विभाग के पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

**उपायुक्त ने के.बी. महिला कॉलेज परिसर स्थित एससी-एसटी छात्रावासों का किया निरीक्षण**

### छात्राओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के दिये निर्देश



**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती ने सोमवार को के.बी. महिला कॉलेज, हजारीबाग परिसर का भ्रमण कर कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिए संचालित महिला छात्रावासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी छात्रावास भवनों का विस्तृत अवलोकन कर वहां उपलब्ध सुविधाओं, आधारभूत संरचनाओं एवं छात्राओं की आवश्यकताओं की जानकारी ली। के.बी. महिला कॉलेज परिसर में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिए कुल 05 छात्रावास संचालित हैं, जिनमें लगभग 65 छात्राएं रह रही हैं। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने छात्रावास में रहने वाली छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। छात्राओं ने उपायुक्त को बताया कि छात्रावास के किचन की स्थिति संतोषजनक नहीं है। साथ ही, भवन की छत पर जल जमाव के कारण पानी के रिसाव की समस्या उत्पन्न हो रही है। इस पर उपायुक्त ने स्वयं छात्रावास भवन की छत पर जाकर स्थिति का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

**बारिश की बूंदों पर भारी पड़ी भक्ति, अंतिम सोमवारी पर शिवभक्तों की सेवा में डटा हजारीबाग यूथ विंग**

## शिवभक्तों की सेवा ही हमारा संकल्प और सबसे बड़ा सौभाग्य : चंद्र प्रकाश जैन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**हजारीबाग :** सावन की अंतिम सोमवारी के पावन अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग की ओर से बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में शिवभक्तों के बीच दूध, बेलपत्र एवं पूजन सामग्री का वितरण किया गया। संस्था की ओर से पिछले पांच वर्षों से सावन की प्रत्येक सोमवारी पर निरंतर सेवा कार्य किया जा रहा है। इस वर्ष भी सावन की सभी सोमवारी पर संस्था के सदस्यों ने मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सेवा की। सोमवार की सुबह करीब सात बजे से शुरू हुआ सेवा अभियान पूर्वाह्न 11:25 बजे तक लगातार चलता रहा।इस दौरान रिमझिम बारिश के बीच बड़ी संख्या में शिवभक्त बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचते रहे। बारिश के बावजूद हजारीबाग यूथ विंग के सदस्य छाता और रेनकोट पहनकर सेवा कार्य में डटे रहे। सेवा के दौरान भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला। आस्था के सामने बारिश भी फीकी पड़ गई और शिवभक्तों का उत्साह लगातार बना रहा। सेवा कार्य को देखकर एक शिवभक्त ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर कहा कि बारिश के बावजूद जिस तरह हजारीबाग यूथ विंग के सदस्य श्रद्धालुओं की सेवा में सुबह से डटे हुए हैं, वह सराहनीय है। यह केवल सेवा नहीं, बल्कि बाबा भोलेनाथ के भक्तों के प्रति सच्ची श्रद्धा और समर्पण है। ऐसे कार्यों से समाज में सेवा और सहयोग की भावना मजबूत होती है। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि सावन की सोमवारी भगवान शिव के प्रति आस्था और सेवा का पर्व है। संस्था पिछले पांच वर्षों से प्रत्येक सोमवारी पर शिवभक्तों की सेवा करती आ रही है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि बाबा के दर्शन के लिए आने वाले किसी भी श्रद्धालु को बारिश या अन्य किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। सेवा कार्य को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा। संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि बारिश के बीच भी शिवभक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। इसी आस्था को देखते हुए हमारे संस्था के सदस्य भी पूरे उत्साह के साथ सेवा में जुटे रहे। दूध, बेलपत्र और पूजन सामग्री का वितरण कर श्रद्धालुओं की सेवा करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

## घाघरा शिव पहाड़ी गुफा मंदिर में उमड़ी आस्था हजारों श्रद्धालुओं ने निकाली भव्य कांवड़ यात्रा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**भवनाथपुर :** सावन के चौथे सोमवार को प्रखंड क्षेत्र में शिवभक्ति की धूम रही। सुबह से ही विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं घाघरा स्थित प्रसिद्ध शिव पहाड़ी गुफा मंदिर विकास समिति के तत्वावधान में सावन के चौथे सोमवार को भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़ यात्रा में हजारों की संख्या में महिला, युवतियां, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंज उठा। कांवड़ यात्रा को लेकर सुबह से ही शिव पहाड़ी गुफा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। करीब नौ बजे मंदिर परिसर से कांवड़ यात्रा का शुभारंभ किया गया। कांवड़ लेकर श्रद्धालु करीब 12 किलोमीटर दूर केतार के लिए रवाना हुए। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पारंपरिक तरीके से कांवड़ लेकर भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। केतार पहुंचने के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडा नदी के तट पर श्रद्धालुओं ने अपने-अपने कलश में पवित्र जल भरा। इसके बाद जल लेकर श्रद्धालु पैदल ही वापस शिव पहाड़ी गुफा मंदिर की ओर रवाना हुए। कांवड़ियों की टोली भगवान घाटी, सिंघिताली, मुस्कनिया पहाड़, केतार मोड़, रेलवे साइडिंग और पुराने कॉलेज रोड होते हुए घाघरा स्थित शिव पहाड़ी गुफा मंदिर पहुंची। मंदिर पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने गुफा के अंदर करीब 150 फीट की गहराई में स्थित भगवान शिव का विधि-विधान से जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कांवड़ यात्रा में डीजे की व्यवस्था भी की गई थी। भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते हुए और भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम को और आकर्षक एवं भव्य बनाने के लिए इस बार ओबरा के कलाकारों द्वारा विशेष झांकी की व्यवस्था की गई थी। कलाकारों ने भगवान शिव, माता पार्वती, भूत-बैताल और नाग देवता का रूप धारण कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जगह-जगह झांकी के माध्यम से धार्मिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटती रही। कलाकारों की प्रस्तुति के दौरान कांवड़ियों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। सावन के चौथे सोमवार को आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा। आसपास के गांवों के अलावा दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिव पहाड़ी गुफा मंदिर पहुंचे। श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण पूरे दिन मंदिर परिसर एवं आसपास के इलाकों में चहल-पहल बनी रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी सह भावी भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी दीपक प्रताप देव ने कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को सावन एवं चौथे सोमवार की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने श्रद्धालुओं की आस्था और धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजन समिति के सदस्यों को बधाई दी। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भवनाथपुर पुलिस भी पूरी तरह मुस्तैद रही। थाना प्रभारी रजनी रंजन के नेतृत्व में एसआई निरंजन शर्मा, नारायण प्रसाद, एएसआई जगबंधु महतो, आशुतोष सिंह, उपेंद्र राम सहित पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। पुलिसकर्मी मंदिर परिसर और कांवड़ यात्रा के मार्ग पर लगातार निगरानी करते रहे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। कांवड़ यात्रा को सफल बनाने में शिव पहाड़ी गुफा मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, पंडरिया पंचायत के मुखिया पति अनिल चौबे, सचिव रामविजय साह, इंद्रजीत कुमार, चंद्रकेश्वर कुमार, सुरेश गुप्ता, भानु गुप्ता, लाल बहादुर साह, विजय महतो, आनंद कुमार, नीतिश गुप्ता, वेद प्रकाश आर्य, बबन साह, सुरेश ठाकुर, सकेंद्र साह, बैजनाथ साह, मोहन साह, राम प्रसाद साह, अरुण साह, उज्जवल कुमार, चंदन कुमार, शैलेंद्र कुमार सहित समिति के कई कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सावन के चौथे सोमवार को निकली इस भव्य कांवड़ यात्रा ने क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और आस्था का माहौल बना दिया।

**प्रदूषण और विस्थापन झारखंड के लोग झेलें और फैसले केन्द्र दे, यह स्वीकार्य नहीं**

## केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा मंईयां सम्मान योजना को बाधित करने का प्रयास : मनोज नारायण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**




**हजारीबाग :** संसद से पारित खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक 2026 (MMDR Amendment Bill 2026) को लेकर कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए तीखा हमला बोला है। हजारीबाग जिला कांग्रेस प्रवक्ता मनोज नारायण भगत ने स्पष्ट किया कि खनिजों पर सेस लगाने के राज्यों के अधिकार को छीनना केंद्र की तानाशाही मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि झारखंड की धरती, जल और जंगल का दोहन कर केंद्र सरकार मनमाने फैसले थोप रही है, जिसे राज्य किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा।

**मुख्य बिन्दु**

**संघीय ढांचे पर हमला:** खनिजों पर सेस हटाने से राज्य के वित्तीय अधिकार सीमित होंगे।

**भारी राजस्व क्षति:** संशोधन विधेयक से राज्य को मिलने वाले हजारों करोड़ रुपये के राजस्व पर सीधा असर पड़ेगा।

**विकास योजनाएं होंगी प्रभावित:** राजस्व घटने से मईया सम्मान योजना ,स्वास्थ्य, शिक्षा, पेंशन और कल्याणकारी योजनाएं बाधित होंगी।

**1.60 लाख करोड़ का बकाया और राजस्व पर दोहरी मार** । जिला प्रवक्ता मनोज नारायण भगत ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि केंद्रीय कोल कंपनियों पर झारखंड का करीब 1.36 लाख करोड़ का बकाया पहले से लंबित है, जो बढ़कर अब 1.60 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। कानून में नई धारा 9-डी जोड़े जाने से खनिज संपन्न राज्यों को भारी आर्थिक नुकसान होगा , इससे झारखंड को हर वर्ष करीब 14 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होगा । मनोज नारायण भगत ने कहा कि केंद्र की नीतियों के कारण पहले से ही जीएसटी में करीब चार हजार करोड़ रुपये और वीबी-जी रामजी योजना में आठ हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ झारखंड पर पड़ रहा है. नए खनन कानून के प्रभाव से राज्य पर कुल 22 से 25 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है. । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस नेतृत्व द्वारा बार-बार बकाया राशि की मांग करने के बावजूद केंद्र सरकार उदासीन बनी हुई है।

### खुदिया फाटक मोड़ पर दो फीट गहरा गड्ढा, पानी में छिपा खतरा

**धनबाद :** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 के समीप एमपीएल जाने वाले खुदिया फाटक मोड़ पर सड़क की बदहाल स्थिति से राहगीरों और वाहन चालकों की परेशानी बढ़ गई है। सड़क पर करीब डेढ़ से दो फीट गहरा गड्ढा बन गया है। बारिश के बाद इसमें पानी भर जाने से वाहन चालकों को गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। ऐसे में यहां दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है।स्थानीय लोगों के अनुसार, खुदिया फाटक मोड़ से प्रतिदिन एमपीएल के भारी मालवाहक हाइवा वाहनों का परिचालन होता है। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण सड़क पर दबाव बढ़ रहा है, जिससे सड़क की स्थिति और खराब होती जा रही है।

**बारह साल बाद भी नहीं भरे किसानों के जख्म, सीसीएल ने नौ लाख प्रति एकड़ मुआवजे में समेटा किसानों का हक, वनभूमि और सरकारी जमीन के बदले करोड़ों का भुगतान, रैयती जमीन के मालिक अब भी मुआवजा और नौकरी के लिए लगा रहे चक्कर**

# सिमरिया विधायक ने कहा... हर हाल में बढ़े किसानों का मुआवजा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**




**चतरा :** अपनी पुश्तैनी जमीनें सीसीएल की कोयला परियोजनाओं के लिए सौंपने वाले किसान आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। मगध, आम्रपाली, चंद्रगुप्त और संघमित्रा जैसी बड़ी कोयला परियोजनाओं के विस्तार के लिए टंडवा, केरेडारी और बालूमाथ अंचल में बड़े पैमाने पर जमीनों का अधिग्रहण किया गया है। बताया जाता है कि इन परियोजनाओं के लिए 40 हजार एकड़ से अधिक जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया से प्रभावित हुई है। इसमें वन भूमि, जीएम भूमि, जंगल-झाड़ी तथा रैयती जमीन शामिल हैं। किसानों का आरोप है कि उनकी जमीनों के बदले मिलने वाला मुआवजा वर्तमान समय में जमीन की वास्तविक कीमत और उससे होने वाले कोयला कारोबार की तुलना में बेहद कम है। जानकारी के अनुसार, वन भूमि और सरकारी जमीन के उपयोग के लिए सीसीएल को संबंधित विभागों को नियमों के तहत भारी भरकम राशि का भुगतान करना पड़ता है। बताया गया कि वन भूमि के बदले लगभग 70 लाख रुपये प्रति एकड़ तक का भुगतान किया गया है। इसके अलावा पौधरोपण समेत अन्य मदों में भी अलग से राशि खर्च की जाती है। वहीं आम जीएम और जंगल-झाड़ी जमीनों के लिए भी सीसीएल को राज्य सरकार को लगभग 70 से 80 लाख रुपये प्रति एकड़ तक का भुगतान करना पड़ता है। इसके विपरीत रैयती जमीन के मालिक किसानों को लगभग नौ लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिए जाने की बात सामने आ रही है। किसानों का सवाल है कि जब सरकारी और वन भूमि के उपयोग के लिए इतनी बड़ी राशि का भुगतान किया जा सकता है तो वर्षों पहले अधिग्रहित उनकी पुश्तैनी जमीन के लिए मुआवजे में बढ़ोतरी क्यों नहीं की जा रही है।

**वन विभाग पहले वसूलता है मुआवजा, किसान बाद में भी भटकते हैं**

**बताया** गया कि आम्रपाली कोल परियोजना में करीब 431 हेक्टेयर वन भूमि पर कोयला उत्पादन हो रहा है। वहीं चंद्रगुप्त कोल परियोजना में करीब 600 हेक्टेयर जमीन पर कोयला उत्पादन शुरू हो चुका है। संबंधित विभागों से जमीन लेने के लिए सीसीएल को निर्धारित प्रक्रिया के तहत मुआवजा और अन्य मदों की राशि का भुगतान करना पड़ता है। किसानों का कहना है कि सरकारी विभाग अपने हिस्से की राशि समय पर प्राप्त कर लेते हैं, लेकिन रैयतों को मुआवजा और नौकरी के लिए वर्षों तक कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। किसानों का कहना है कि उनकी जमीन चली गई, खेती का साधन खत्म हो गया और कई परिवारों की आजीविका भी प्रभावित हुई, लेकिन इसके बावजूद मुआवजे की राशि में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं की गई। यही वजह है कि प्रभावित क्षेत्रों में सीसीएल की परियोजनाओं को लेकर किसानों में नाराजगी बनी हुई है।

**एक एकड़ जमीन से करोड़ों के कोयला कारोबार का दावा**

**भाजयुमो** के जिला महामंत्री विकास मालाकार ने कहा कि चंद्रगुप्त परियोजना में एक एकड़ जमीन से सीसीएल करीब 60 करोड़ रुपये, जबकि आम्रपाली परियोजना में करीब 40 करोड़ रुपये का कोयला बेच रही है। उनका कहना है कि जिस जमीन से कंपनी को इतनी बड़ी आर्थिक आमदनी हो रही है, उसी जमीन के मालिक किसानों को मात्र नौ लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाना गंभीर असमानता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि किसानों की जमीन के आधार पर कोयला उत्पादन और करोड़ों रुपये का कारोबार हो रहा है, लेकिन जमीन मालिकों को उनकी जमीन का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है।

## एक झलक

### जुरेल के शतक से भारतीय टीम ने बनाये 09 विकेट पर 503 श्रीलंका 8/2

**कोलंबो** : भारतीय क्रिकेट टीम ने मेजबान श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे ही दिन शिकंजा कस दिया है। भारतीय टीम ने दूसरे दिन ध्रुव जुरेल के नाबाद शतक 115 रनों की सहायता से अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 503 रनों पर घोषित कर दी। इसे बाद बल्लेबाजी करते हुए मेजबान श्रीलंकाई टीम ने 8 रनों पर ही पहली पारी में अपने दो विकेट खो दिये। इस प्रकार श्रीलंकाई टीम अभी भी पहली पारी के आधार पर भारतीय टीम से 495 रन पीछे है। आज बारिश और खराब रोशनी के कारण मैच दिन में काफी समय रुका रहा। आज के मैच का आकर्षण ऋषभ पंत की आक्रामक पारी भी रही। ऋषभ पंत ने रिटायर हर्ट से लौटते हुए 63 की पारी खेली थी। भारतीय टीम ने आज सुबह 5 विकेट पर 300 रन से आगे खेलते हुए हुए लंच तक 6 विकेट पर 419 रन बना लिए थे। भारत का पहला विकेट सारंश जैन का गिरा। वह 6 रन पर आउट हुए इसके बाद ऋषभ बल्लेबाजी के लिए उतरे। उन्होंने जुरेल के साथ पारी आगे बढ़ाई। वहीं चाय तक भारतीय टीम ने 8 विकेट पर 475 रन बनाये। चाय ब्रेक के बाद बारिश के कारण मैच काफी देर तक नहीं खेल जा सका। मैच दोबारा शुरू होने के बाद जुरेल के शतक पूरा करने के बाद कप्तान शुभमन गिल ने पारी घोषित कर दी। आज जुरेल ने बेहतरीन पारी खेली। वहीं ऋषभ ने 89 गेंदों पर 63 रन बनाये। अपनी इस पारी में उन्होंने 6 चौके और 2 छक्के लगाये। इन दोनो ने साथ छठे विकेट के लिए 112 रन बनाये। जुरेल ने 177 गेंदों पर 115 रन बनाए जिसमें 9 चौके और 2 छक्के शामिल थे। श्रीलंका की ओर से असिथा फर्नांडो ने 106 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं प्रभात जयसूर्या और केशरा नुवंता ने 2-2 विकेट लिए। एक विकेट लाहिरू कुमारा को मिला।

### दो दिन में ही जीत मिलना टेस्ट क्रिकेट के लिए नुकसानदेह : लैंगर

**सिडनी** : ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज जस्टिन लैंगर ने कहा है बांग्लादेश के खिलाफ दो दिनों के अंदर ही टेस्ट मैच में मिली जीत अच्छा संकेत नहीं है। इससे टेस्ट प्रारुप को ही नुकसान पहुंचेगा। कम समय में समाप्त होने वाले टेस्ट मैचों की बढ़ती संख्या की तीखी आलोचना करते हुए लैंगर ने कहा कि इस प्रकार के चलन को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उनका मानना है कि ऐसे मैच खेल के लिए अच्छे नहीं हैं और टेस्ट क्रिकेट के मूल स्वरूप को भी इससे नुकसान पहुंचेगा। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने आक्रामक गेंदबाजी करते हुए दो दिनों में ही कुल 10 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को एक पारी और 51 रनों से जीत दिलायी थी। यह जीत ऑस्ट्रेलिया के पिछले सात टेस्ट मैचों में से तीसरी ऐसी जीत थी जो दो दिनों के अंदर ही मिली थी। लैंगर ने इसी को लेकर कहा कि दो दिवसीय टेस्ट मैच कई कारणों से अस्वीकार्य है। उन्होंने दर्शकों और युवा प्रशंसकों की निराशा पर प्रकाश डाला, जो टीवी पर अपने नायकों को देखने, रेडियो पर सुनने या मैदान पर मैच का अनुभव करने के लिए समय निकालते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने जीता फीबा अंडर-18 एशिया कप 2026 का खिताब

■ ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल मैच में चीन को 89-79 से हरा कर बरकरार रखा खिताब

एजेंसी

**अहमदाबाद** : अहमदाबाद में हुए फीबा अंडर-18 एशिया कप-2026 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने चीन को 89-79 से हराकर शानदार जीत हासिल की। पूरे मैच के दौरान शानदार रोमांच के बीच ऑस्ट्रेलिया ने शानदार खेल दिखाते हुए लगातार दूसरी बार फीबा अंडर-18 एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। मैच में हाफटाइम तक ऑस्ट्रेलिया 44-42 से आगे चल रहा था और उसने फाइनल स्टेज में निर्णायक गेम से चीन को हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए जय फाले ने 19 पॉइंट्स, बैली हनसन ने 15, याहया बसारन ने 13 हैरी कुक ने 11 पॉइंट्स बनाए।

**न्यूजीलैंड ने ब्रॉन्ज मेडल जीता**

**तीसरे** स्थान के मैच में, न्यूजीलैंड ने कोरिया पर 102-97 की रोमांचक जीत के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। मैच के आखिरी दो मिनट में, जब कोरियाई खिलाड़ी फाउल की परेशानी में पड़ गए, तो न्यूजीलैंड ने फ्री थ्रो को पॉइंट्स में बदलकर पोडियम पर जगह बनाई। जापान पांचवें और चीनी ताइपे सातवें स्थान पर रहा। पांचवें स्थान के मैच में, जापान ने ईरान को 88-83 से हराया। हाफटाइम तक 33-36 से पीछे चल रहे जापान ने तीसरे क्वार्टर में 27-20 का स्कोर बनाकर मैच में वापसी की। दूसरी ओर, सातवें स्थान के मैच में चीनी ताइपे ने फिलीपींस को 89-78 से हराया। फीबा अंडर-18 एशिया कप-2026 के नतीजे में, ऑस्ट्रेलिया, चीन, न्यूजीलैंड और कोरिया ने 2027 में होने वाले फीबा अंडर19 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। इस फाइनल मैच में राज्य के कृषि मंत्री जीतू वाघानी, अहमदाबाद के मेयर हितेश बारोट, सांसद हसमुख पटेल और बास्केटबॉल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट शक्तिसिंह गोहिल मौजूद थे। बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों की मौजूदगी में हुए इस मैच ने अहमदाबाद में इंटरनेशनल बास्केटबॉल का जोश भर दिया। अहमदाबाद में हुए इस इंटरनेशनल लेवल के कॉम्पिटिशन ने गुजरात में मॉडर्न सुविधाओं, ऑर्गनाइज़िंग कैपेसिटी और इंटरनेशनल स्पोर्ट्स के बढ़ते माहौल को ग्लोबल लेवल पर दिखाया है।




# यश के अर्द्धशतक से नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने दर्ज की शानदार जीत




**मैच के मुख्य प्वाइंट्स**

- नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने आउटर दिल्ली वॉरियर्स को 39 रन से हराया
- नॉर्थ दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 166/7 रन बनाये
- यश भाटिया ने 38 गेंदों पर शानदार 53 रन बनाये
- कौशल सुमन ने 26 गेंदों पर 33 रन की उपयोगी पारी खेली
- परीक्षित सहरावत ने चार ओवर में सिर्फ 10 रन देकर तीन विकेट लिए
- परीक्षित ने एक मेडन ओवर भी डाला आउटर दिल्ली वॉरियर्स की टीम 127/7 रन ही बना सकी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : यश भाटिया के शानदार अर्धशतक और परीक्षित सहरावत की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने रविवार देर रात दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2026 में आउटर दिल्ली वॉरियर्स को 39 रन से हरा दिया। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में नॉर्थ दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 166 रन बनाए, जिसके जवाब में आउटर दिल्ली की टीम सात विकेट पर 127 रन ही बना सकी। नॉर्थ दिल्ली की ओर से यश भाटिया ने 38 गेंदों पर 53 रन की शानदार पारी खेली और टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। इसके बाद कौशल सुमन ने 26 गेंदों पर 33 रन बनाकर उपयोगी योगदान दिया।

**परीक्षित सहरावत की घातक गेंदबाजी**

**167** रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आउटर दिल्ली वॉरियर्स की शुरूआत खराब रही। नौवें ओवर तक टीम 47 रन पर तीन विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद हर्ष त्यागी ने आक्रामक अर्धशतक लगाकर टीम की उम्मीदें जगाई, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से वॉरियर्स की पारी संभल नहीं सकी। नॉर्थ दिल्ली के परीक्षित सहरावत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 10 रन देकर तीन विकेट लिए और एक मेडन ओवर भी डाला। उनकी गेंदबाजी ने आउटर दिल्ली के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। आखिरकार आउटर दिल्ली वॉरियर्स 20 ओवर में सात विकेट पर 127 रन ही बना सकी और 39 रन से मुकाबला हार गई।

### असम प्रीमियर लीग के क्षेत्रीय क्रिकेट को बढ़ावा देने से स्थानीय प्रतिभाओं को मिला मजबूत मंच

**गुवाहाटी** : असम प्रीमियर लीग के पहले सत्र का समापन रविवार को बरपेटा ब्रेव्स के चैंपियन बनने के साथ हुआ। फाइनल में बरपेटा ब्रेव्स ने गुवाहाटी रॉयल्स को पांच विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। टीसीएम स्पोर्ट्स की इस लीग ने अपने पहले ही सत्र में असम की उभरती क्रिकेट प्रतिभाओं को बड़ा मंच प्रदान किया। पहले सत्र में कई युवा खिलाड़ियों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। डेनिश दास ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के बाद दलीप ट्रॉफी टीम में जगह बनाई। दलीप ट्रॉफी के लिए रवाना होने से पहले उन्होंने असम प्रीमियर लीग में शतक भी लगाया। रोहित सेन, बस्तब रॉय, शुभम कुमार गुप्ता और आयुष्मान मलाकर ने भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। लीग में असम की आठ टीमों के करीब 150 खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। इस दौरान आईपीएल की टीमें कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के प्रतिभा खोजकर्ता हर मुकाबले में मौजूद रहे। बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास की मौजूदगी ने भी लीग में बढ़ती दिलचस्पी को रेखांकित किया।

# बरपेटा ब्रेव्स ने जीता पहला असम प्रीमियर लीग खिताब



एजेंसी

**गुवाहाटी** : बरपेटा ब्रेव्स ने रविवार को रात गुवाहाटी के असम क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए फाइनल में गुवाहाटी रॉयल्स को पांच विकेट से हराकर पहली ईपीरियल ब्लू पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर असम प्रीमियर लीग (एपीएल) का खिताब अपने नाम कर लिया। 166 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बरपेटा ब्रेव्स ने 18.5 ओवर में पांच विकेट पर 166 रन बनाकर जीत दर्ज की। अरुण सोनार ने 20 गेंदों पर नाबाद 34 रन की निर्णायक पारी खेली। सौरव मौसुम दिहिंगिया ने 16 गेंदों पर 33 और ऋषिकेश दास ने 32 गेंदों पर 35 रन बनाए। अभिलाष मौर्य ने भी 20 गेंदों पर 24 रन का योगदान दिया। इससे पहले गुवाहाटी रॉयल्स ने 19.4 ओवर में 165 रन बनाए। रोहित सेन ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए महज 37 गेंदों पर 90 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और छह छक्के शामिल थे। कप्तान ऋषव दास ने 34 रन बनाए। बरपेटा की ओर से प्रांजल पॉल ने 18 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि शुभम कुमार गुप्ता और दीपज्योति सैकिया ने भी दो-दो विकेट चटकाए। बरपेटा की टीम एक समय 99 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन सोनार और मौर्य ने 59 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। इसके बाद सोनार ने कप्तान कुणाल शर्मा के साथ मिलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। गुवाहाटी के बास्तव रॉय ने एक विकेट लिया और पूरे टूर्नामेंट में 23 विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल की। वहीं रोहित सेन 543 रन के साथ ऑरेंज कैप के विजेता बने। उन्हें इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया। बास्तव रॉय को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार मिला, जबकि नगांव रेंजर्स के अल्ताफ आलम को कैच ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।

# यशस्वी जायसवाल और असिथा फर्नांडो पर जुर्माना, मैदान पर भिड़ंत के बाद मिली सजा



एजेंसी

**कोलंबो** : भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और श्रीलंका के तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो पर दूसरे टेस्ट के पहले दिन मैदान पर हुई झड़प के बाद मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दोनों खिलाड़ियों के खाते में एक-एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। यह घटना भारत की पहली पारी के 17वें ओवर में जायसवाल के फर्नांडो की गेंद पर आउट होने के बाद हुई। फर्नांडो ने विकेट का जश्न मनाते हुए जायसवाल की ओर इशारा किया, जिसके बाद भारतीय बल्लेबाज पलटकर उनके पास पहुंचे। दोनों के बीच बहस हुई और इस दौरान उनके सिर भी आपस में टकराए। श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया और जायसवाल वापस पवेलियन लौट गए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों को आचार संहिता के लेवल-1 अपराध का दोषी पाया गया। यह मामला खिलाड़ी या मैच से जुड़े किसी अन्य व्यक्ति के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित नियम के उल्लंघन का है। मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट की प्रस्तावित सजा को दोनों खिलाड़ियों ने स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। पिछले 24 महीनों में दोनों खिलाड़ियों के खिलाफ यह पहला डिमेरिट अंक है। 24 महीने की अवधि में चार या उससे अधिक डिमेरिट अंक होने पर उन्हें निलंबन अंक में बदला जा सकता है और मैच प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है।



चीन के तिनजन में एवीसी महिला वॉलीबाल चैम्पियनशिप में भाग लेती हुई जापान और दक्षिण कोरिया की खिलाड़ी।

# आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने अरुण जेटली को किया याद

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने दिल्ली और डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) अध्यक्ष रोहन जेटली से मुलाकात की। उन्होंने डीडीसीए के पूर्व प्रेसिडेंट स्वर्गीय अरुण जेटली को उनकी 7वीं पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि दी। जय शाह ने स्वर्गीय अरुण जेटली की हमेशा रहने वाली विरासत का सम्मान किया और उन्हें दूरदर्शी नेता, राजनेता और भारतीय क्रिकेट प्रशासन के लिए एक सच्ची प्रेरणा बताया। दोनों नेताओं ने दिल्ली क्रिकेट में जेटली के बदलाव लाने वाले योगदान और राजधानी में आधुनिक क्रिकेट के ढांचे की नींव रखने में उनकी अहम भूमिका पर बात की। इस समय दिल्ली प्रीमियर लीग-2026 (डीपीएल) का आयोजन नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में ही किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट अरुण जेटली के विजन को सही श्रद्धांजलि है, जिसमें जमीनी स्तर के टैलेंट को आगे बढ़ाया जाता है और दिल्ली के युवा क्रिकेटरों को एक बड़े मंच पर अपनी स्किल दिखाने के लिए एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म दिया जाता है। इस मौके पर डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने जय शाह के इस गर्मजोशी भरे काम के लिए दिल से शुक्रिया अदा किया और इस इलाके में क्रिकेट की तरक्की के लिए स्वर्गीय अरुण जेटली के सिद्धांतों और विजन को बनाए रखने के डीडीसीए की प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया।



## झारखंड

# जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती व्यवस्था में सुधार को लेकर भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा का हुआ शुभारम्भ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गोला(रामगढ़)** : जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं भ्रष्टाचारमुक्त व्यवस्था की माँग को लेकर जेपीएससी-जेएसएससी अभ्यर्थी न्याय मंच के नेतृत्व में आज से भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा का शुभारंभ किया गया। ज्ञात हो कि इस यात्रा का प्रथम चरण रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड नेमरा स्थित लुकैया टांड़ से शुरू हुआ जो कि सुबे के मुख्यमंत्री का पैतृक गांव भी है। यात्रा को लेकर पूर्व से ही अभ्यर्थियों एवं युवाओं में उत्साह देखा गया। यात्रा का उद्देश्य केवल किसी एक परीक्षा को रद्द कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि झारखंड की पूरी भर्ती व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता सुनिश्चित करना है। अभ्यर्थियों का कहना है कि योग्य युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। यात्रा के दौरान विभिन्न जिलों में छात्रों, अभ्यर्थियों, शिक्षकों, बुद्धिजीवियों एवं आम लोगों से संवाद कर भर्ती परीक्षाओं से जुड़ी समस्याओं और सुधार की आवश्यकता को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यात्रा झारखंड के सभी 24 जिलों तक पहुंचेगी। प्रथम दिन रामगढ़ के बाद गोला, चितरपुर, मांडू तथा चरही-डेमोटांड़ क्षेत्र में कार्यक्रम निर्धारित है। दूसरे दिन हजारीबाग एवं चतरा तथा तीसरे दिन कोडरमा एवं गिरिडीह में अभ्यर्थियों एवं आम लोगों के साथ संवाद का कार्यक्रम रखा गया है।



# रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा की 68वीं पदस्थापना समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कोडरमा** : रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा की 68वीं पदस्थापना समारोह रविवार को शिव वाटिका में हर्षोल्लास, गरिमा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समारोह में रोटरी की सेवा भावना, नेतृत्व परिवर्तन और समाज के प्रति क्लब की प्रतिबद्धता का शानदार संगम देखने को मिला कार्यक्रम की शुरूआत रोटरी बाल विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक स्वागत नृत्य से हुई। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुति ने समारोह में उत्साह और उमंग भर दिया। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों एवं पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत सत्र 2025-26 के अध्यक्ष रोटेरियन संतोष सिन्हा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर सभी अतिथियों एवं सदस्यों का अभिनंदन किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची से विशेष रूप से पधारे पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (PDG) रोटेरियन योगेश गंभीर जी उपस्थित रहे। वहीं असिस्टेंट गवर्नर (AG) रोटेरियन अमित कुमार की विशेष उपस्थिति रही। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि PDG रोटेरियन योगेश गंभीर जी का संक्षिप्त एवं प्रभावशाली परिचय रोटेरियन प्रतीक जैन ने प्रस्तुत किया, जिसमें उनके रोटरी योगदान एवं सामाजिक सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला गया कार्यक्रम का मंच संचालन रोटेरियन शैलेश दारूका ने कुशलतापूर्वक किया।



# झरना महादेव बाबा मंदिर में अंतिम सोमवारी को उमड़ा शिवभक्तों का रेला



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**दुलमी(रामगढ़)** : सिकिदरी घाटी स्थित झरना महादेव बाबा मंदिर में श्रवण माह के अंतिम सोमवारी के दिन मंदिर में शिव भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। आज अंतिम सोमवारी के मोके पर विशेष पूजा अर्चना और महाभोग भंडारे का आयोजन किया गया। आसपास के सभी महिलाएँ और काँवर यात्रियों ने बाबा झरना महादेव का जलाभिषेक किया। आज के दिन झरना महादेव बाबा मंदिर में भक्तों द्वारा विशेष पूजा अर्चना किया गया साथ ही झरना महादेव मंदिर समिति द्वारा खिचड़ी खीर प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मंदिर निर्माण समिति के संयोजक सुनील राज चक्रवर्ती, भुनेश्वर कुमार, महावीर भोगता,अजगुत करमाली, संजीव गोस्वामी, बलराम साहु, हीरा प्रामाणिक, कृष्ण भोक्ता, आकाश कुमार योगी,सोनू सोनी, सीटू सोनी, गौतम कुमार, राजू पहान, विशाल महतो, किशोर कुमार सहित सैकड़ों के संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्ति में डूबा

**रजरप्पा(रामगढ़)** : सावन के पावन महीना में अंतिम सोमवारी के अवसर पर सड़क किनारे दो दर्जन से अधिक कांवरियों की सेवा के लिए फल जल और शरबत का वितरण किया गया। रजरप्पा से कांवरियों का पैदल यात्रा को देखते हुए कई धार्मिक संस्थाओं ने सड़क किनारे शिविर लगाकर जल फल एवं शरबत का वितरण किया गया, इस दौरान झारखंड प्रदेश कुम्हार प्रजापति समाज के द्वारा चितरपुर रेलवे ब्रिज के समीप स्टाल लगाकर कांवरियों को शरबत पिलाया गया जिसमें मुख्य रूप से झारखण्ड कुम्हार महासंघ के प्रदेश महामंत्री ईश्वर चंद्र प्रजापति प्रदेश प्रवक्ता विक्रम कुमार महतो रामगढ़ जिला अध्यक्ष राधा गोविंद प्रजापति गोमिया प्रखंड अध्यक्ष रघुनाथ प्रजापति रामगढ़ जिला के वचन प्रजापति शिव प्रजापति पिंटू प्रजापति रंजीत प्रजापति प्रकाश प्रजापति राहुल प्रजापति रंजीत प्रजापति परमेश्वर प्रजापति रवि नीरज अनिरुद्ध रूपलाल सहित दर्जनों का सहयोग रहा, बड़की पोना नया मोड़ पर आजसू पार्टी द्वारा चना और शरबत का वितरण किया गया जिसमें मुख्य रूप सेआजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा पंचायत के मुखिया अरविंद सिंह सखी चंद दांगी पिंटू कुमार अमित कुमार शिवदेव महतो सहित दर्जनों आजसू पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे। कहां-कहां शिविर लगाया गया छोटकी पोना चौक सुकरी गड़ा सड़क किनारे बारलोंग, रजरप्पा प्रोजेक्ट भूचुंगडीह,चितरपुर रेलवे ब्रिज के समीप सुकरीगड़ा,छतर मांड़ू जिला कलेक्ट्रेट के सामने, कोठार कैथा तक लगा रहा।



# ईद मिलादुन्नबी को लेकर गोला थाना में शांति समिति की हुई बैठक, सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गोला(रामगढ़)** : आगामी ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर सोमवार को गोला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग, जुलूस से जुड़े सदस्य एवं पत्रकार उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति, सद्भाव और कानून-व्यवस्था बनाए रखना रहा। बैठक में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निकलने वाले जुलूस के मार्ग, व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। प्रशासन की ओर से सभी सदस्यों से पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह से बचने की अपील की गई। साथ ही जुलूस के दौरान प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की बात कही गई। इंस्पेक्टर पंकज कुमार एवं गोला थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ पर्व मनाने की अपील की। मौके पर उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने भी प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने और क्षेत्र में आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का भरोसा दिलाया।



## एक झलक

### यूपीआई से बीते 10 साल में डिजिटल लेनदेन 13 हजार गुना बढ़ा

**नयी दिल्ली :** एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) पिछले 10 साल में देश के डिजिटल भुगतान व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी बन गया है। वित्त वर्ष 2025-26 में लेनदेन 24,162 करोड़ से अधिक हो गया है, जो वित्तीय विनिमय में लगभग 13 हजार गुना वृद्धि है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की नियामक निगरानी में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 25 अगस्त, 2016 को यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) की शुरूआत की थी। भारत में डिजिटल भुगतान में क्रांतिकारी बदलाव के 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। यूपीआई भारत के डिजिटल भुगतान तंत्र की रीढ़ और वित्तीय समावेशन का अहम चालक बनकर उभरा है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यूपीआई के एक दशक से अधिक के संचालन में असाधारण विस्तार और गति रही है। इससे वार्षिक लेन-देन वित्त वर्ष 2016-17 में 1.78 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 24,162 करोड़ से अधिक हो गई है, जो वित्तीय विनिमय में लगभग 13 हजार गुना वृद्धि है। इसी के तुल्य लेनदेन वित्त वर्ष 2016-17 में 0.07 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 314 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है, जो वित्तीय लेनदेन में 4,000 गुना से अधिक की वृद्धि है। यूपीआई अभी 11 देशों में संचालित है, जो सीमा पार डिजिटल भुगतान के वैश्विक मंच के रूप में उभार है। यूपीआई पर सक्रिय बैंकों की संख्या वित्त वर्ष 2016-17 में 44 से बढ़कर विगत वित्त वर्ष 2025-26 में 703 हुई, जिससे यूपीआई की व्यापक भौगोलिक पहुंच और वित्तीय समावेशन संभव हुआ है।

### आयकर विभाग की सलाह- गैर-ऑडिट करदाता 31 अगस्त से पहले दाखिल करें आईटीआर

**नयी दिल्ली :** आयकर विभाग ने कारोबार या पेशे से कमाई करने और लेखा-परीक्षण के दायरे में नहीं आने वाले करदाताओं को 31 अगस्त तक अपना आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की सलाह दी है। विभाग ने अंतिम समय की भीड़ और तकनीकी समस्याओं से बचने के लिए जल्द से जल्द आईटीआर दाखिल करने को कहा है। आयकर विभाग के मुताबिक जिन करदाताओं की व्यावसायिक या पेशेवर आय है और जिनका ऑडिट होना अनिवार्य नहीं है, उनके लिए आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 अगस्त है। विभाग ने कहा कि आईटीआर-3, 4, 5 और 7 के लिए समय पर आयकर रिटर्न दाखिल कर 'टैक्स हीरो' बनें। विभाग ने बताया कि ई-फाइलिंग पोर्टल पर 20 अगस्त तक दो करोड़ से अधिक आईटीआर-3 और आईटीआर-4 दाखिल किए जा चुके हैं, जिससे आकलन वर्ष 2026-27 के लिए दाखिल कुल आयकर रिटर्न की संख्या अब 6.5 करोड़ से अधिक हो गई है। इसमें 5.9 करोड़ से अधिक वे आईटीआर-1 और आईटीआर-2 भी शामिल हैं, जो 31 जुलाई की नियत तिथि तक दाखिल किए गए थे। विभाग ने कहा, जिन टैक्सपेयर्स की बिजनेस या प्रोफेशनल इनकम है और जिनका ऑडिट नहीं होना है, वे भी आकलन वर्ष 2026-27 का आईटीआर 31 अगस्त तक फाइल कर सकते हैं।

# पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका से लुढ़का शेयर बाजार



**नयी दिल्ली :** अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ने की आशंका की वजह से दुनिया भर के तमाम स्टॉक मार्केट मे आज डर का माहौल बना रहा। वैश्विक स्तर पर बने घबराहट के इस माहौल में भारतीय स्टॉक मार्केट भी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में थोड़ी तेजी भी आई, लेकिन कुछ देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से ये दोनों सूचकांक गिरते चले गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.22 प्रतिशत और निफ्टी 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 88.73 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ 77,629.56 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही लिवाली शुरू हो जाने के कारण कुछ देर में ही यह सूचकांक 248.57 अंक यानी 0.32 प्रतिशत उछल कर 77,789.40 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि यह तेजी अधिक देर तक टिक नहीं सकी। कुछ देर बाद ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स गिरता चला गया। शेयरों की लगातार हो रही बिक्री के कारण दोपहर दो बजे के करीब यह सूचकांक दिन के ऊपरी स्तर से 587.74 अंक टूट कर 339.17 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 77,201.66 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद खरीदारों ने बाजार में एक बार फिर लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिसके कारण सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से 167.45 अंक सुधर कर 171.72 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,369.11 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 33.05 अंक यानी 0.14 प्रतिशत उछल कर 24,285.05 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी शुरू हो जाने के कारण यह सूचकांक पहले 5 मिनट में ही 61 अंक यानी 0.25 प्रतिशत उछल कर 24,313 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में बिकवाली शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक की चाल कमजोर पड़ने लगी। लगातार हो रही बिकवाली के कारण दोपहर दो बजे के करीब निफ्टी दिन के ऊपरी स्तर से 168.70 अंक फिसल कर 107.70 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,144.30 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर बाजार को सहारा देने की कोशिश की, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में निचले स्तर से कुछ सुधार भी हुआ। आखिरी घंटे में हुई खरीदारी के कारण निफ्टी दिन के निचले स्तर से 74.75 अंक की रिकवरी कर 32.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,219.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के दौरान मेटल सेक्टर के शेयरों की जम कर खरीदारी होती रही। खरीदारी के सपोर्ट से बीएसई का मेटल इंडेक्स 1.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसके अलावा आईटी, एफएमसीजी, रियल्टी, हेल्थकेयर और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। दूसरी ओर, बैंकिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों की आज जम कर बिकवाली होती रही। इसके अलावा पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, मीडिया, कैपिटल गुड्स और ऑटोमोबाइल इंडेक्स भी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा। निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में एक लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 491.99 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 493.12 लाख करोड़ रुपये था।

## सैमसंग टीवी प्लस इंडिया ने 200 चैनलों तक किया विस्तार, एनएच स्टूडियोज के साथ साझेदारी





**रांची :** सैमसंग टीवी प्लस इंडिया ने अपनी सामग्री पेशकश को 200 स्ट्रीमिंग टीवी चैनलों तक विस्तारित किया है, जिससे भारत में लाखों दर्शकों को मनोरंजन के अधिक विकल्प मिलेंगे। इस विस्तार के तहत सैमसंग टीवी प्लस ने एनएच स्टूडियोज के साथ साझेदारी कर दो नए चैनल- आशीर्वाद टीवी और थलाइवर हिट्स-लॉन्च किए हैं। ये चैनल देशभर के दर्शकों तक कालजयी पौराणिक कहानियांऔर प्रतिष्ठित भारतीय सिनेमा पहुंचाएंगे। भारत के कनेक्टेड टीवी इकोसिस्टम में अपने बढ़ते प्रभाव को रेखांकित करते हुए सैमसंग टीवी प्लस इंडिया को बीसीएस रत्नअवॉर्ड्स में 'सीटीवी प्लेटफॉर्म ऑफ द ईयर' के सम्मान से भी नवाजा गया है। विश्वभर में १० करोड़ से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं के साथ सैमसंग टीवी प्लस दुनिया की सबसे बड़ी सब्सक्रिप्शन-रहित स्ट्रीमिंग सेवाओं में से एक है, जो सैमसंग स्मार्ट टीवी में पहले से इंस्टॉल रहती है। भारत में यह प्लेटफॉर्म मनोरंजन, फिल्मों, समाचार, खेल और क्षेत्रीय सामग्री जैसी विभिन्न श्रेणियों में लगातार विस्तार कर रहा है और उपयोगकर्ताओं को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के प्रीमियम सामग्री की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध करा रहा है। आशीर्वाद टीवी-पर रामायण, गणेशा और ॐ नमः शिवाय जैसे पौराणिक महाकाव्यों सहित कालजयी हिंदी मनोरंजन की चुनिंदा सामग्री उपलब्ध होगी। वहीं, तमिल फिल्म चैनल थलाइवर हिट्स पर महान फिल्मी सितारों-रजनीकांत, जिन्हें स्नेहपूर्वक 'थलाइवर' कहा जाता है, और कमल हासन-की कल्ट क्लासिक और ब्लॉकबस्टर फिल्मों का संग्रह प्रस्तुत किया जायेगा। इसमें काई कोडुक्कुम और थम्बिक्कु एन्था ऊरु जैसी फिल्में शामिल हैं।

## केन्द्र सरकार ने गेहूं के निर्यात पर लगी रोक तत्काल प्रभाव से हटायी

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने गेहूं और इसके उत्पादों के निर्यात पर लगी रोक तत्काल प्रभाव से हटा दी है, जिसमें ड्यूरम किस्म भी शामिल है। सरकार ने गेहूं के आटे और मैदा एवं सूजी जैसे अन्य उत्पादों के निर्यात की भी अनुमति दे दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की ओर से सोमवार को जारी अधिसूचना में गेहूं और इसके उत्पादों (जैसे आटा, मैदा, सूजी और ड्यूरम गेहूं) के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से हटाने की जानकारी दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि गेहूं की निर्यात नीति को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित की जगह मुक्त श्रेणी कर दिया गया है। यह निर्णय देश में गेहूं के अच्छे स्टॉक और रिकॉर्ड उत्पादन को देखते हुए लिया गया है।

## प्राइमरी मार्केट में लॉन्च हुआ एबीएच हेल्थकेयर का आईपीओ




**नयी दिल्ली :** अनिल भागी हॉस्पिटल के नाम से हेल्थकेयर सर्विस देने वाली कंपनी एबीएच हेल्थकेयर का 34.98 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 27 अगस्त तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 28 अगस्त को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 31 अगस्त को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर एक सितंबर को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। लॉन्चिंग के बाद शाम 3:30 बजे तक इस आईपीओ को 33 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 96 रुपये से लेकर 102 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 2,400 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,44,800 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 34,29,600 नए शेयर जारी हो रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 10.49 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 80.52 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 8.99 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। रिटेल इनवेस्टर्स के कोटे में ही मार्केट मेकर के लिए 4.80 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए फेडेक्स सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। ऋखव सिक्योरिटीज लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है। एबीएच हेल्थकेयर की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत मामूली उतार चढ़ाव के बावजूद लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 1.66 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 5.35 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 5.64 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 41.39 करोड़ रुपये का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 49.32 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 52.59 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला मधुर निट क्राफ्ट्स का आईपीओ

**नयी दिल्ली :** कंबल, फैब्रिक, विंटर गारमेंट्स और अन्य टेक्सटाइल उत्पाद तैयार करने वाली कंपनी मधुर निट क्राफ्ट्स लिमिटेड का 53.27 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 27 अगस्त तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 28 अगस्त को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 31 अगस्त को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर एक सितंबर को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। लॉन्चिंग के बाद शाम तीन बजे तक इस आईपीओ को 24 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 95 रुपये से लेकर 100 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 2,400 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,40,000 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 53,26,800 नए शेयर जारी हो रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 9.48 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 42.76 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए भी 42.76 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए 5 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए एसकेआई कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि स्काईलाइन फाइनेंशिय सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। मधुर निट क्राफ्ट्स की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 1.70 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 11.03 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## रक्षाबंधन केवल उपहारों का नहीं, बल्कि जीवनभर साथ रहनेवालीं अच्छी आदतों को साझा करने का भी पर्व है : डॉ. सोनिया दत्ता



**रांची :** रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और आपसी देखभाल का पर्व है। यह त्योहार उपहारों, मिठाइयों और पारिवारिक मेल-मिलाप की खुशियों से जुड़ा हुआ है। हालांकि, यह हमें उन छोटे लेकिन महत्वपूर्ण तरीकों की भी याद दिलाता है जिनसे परिवार के सदस्य हर दिन एक-दूसरे का ख्याल रखते हैं। प्रख्यात डेंटिस्ट डॉ. सोनिया दत्ता के अनुसार, परिवार द्वारा एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को दी जाने वाली सबसे मूल्यवान सौगातों में से एक है अच्छी मौखिक स्वच्छता (ओरल हाइजीन) की आदत। डॉ. दत्ता ने कहा, दिन में दो बार ब्रश करना, मौखिक स्वच्छता बनाये रखना और नियमित रूप से दांतों की देखभाल जैसी अच्छी आदतें अक्सर घर से ही शुरू होती हैं। ये आदतें माता-पिता से बच्चों और बड़े भाई-बहनों से छोटे भाई-बहनों तक पहुंचती हैं। सही ओरल केयर उत्पादों के चयन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. दत्ता ने कहा कि आयुर्वेद-आधारित उत्पाद दैनिक मौखिक स्वच्छता को बेहतर बनाये रखने में सहायक हो सकते हैं।

# भारत की आठ-नौ और देशों के समूहों के साथ एफटीए पर जारी है बातचीत : गोयल



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत कम से कम आठ नौ और देशों के समूहों तथा अलग-अलग देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के लिए वार्ता कर रहा है। इनसे कुल 15 हजार अरब डॉलर की अतिरिक्त सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वाली अर्थव्यवस्थाओं तक भारत की पहुंच बनेगी। जापान दौरे पर यहां पहुंचे गोयल ने भारत और जापान के कारोबारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का घरेलू बाजार बड़ा है और वह दुनिया के लिए अपने दरवाजे खोल रहा है। पिछले चार वर्षों में भारत ने नौ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत के मुक्त व्यापार समझौतों से अंततः वैश्विक व्यापार का करीब 75 फीसदी हिस्सा भारत के लिए खुल जाएगा। गोयल ने बताया कि इससे देश को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भरोसेमंद भागीदार के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन नौ समझौतों के तहत 38 विकसित देशों समेत कुल 60 हजार अरब डॉलर की जीडीपी वाली अर्थव्यवस्थाएं आती हैं। मंत्री ने कहा कि जापान और कोरिया समेत विभिन्न देशों तथा आसियान क्षेत्र के साथ पहले किए गए व्यापार समझौतों से 10 हजार अरब डॉलर की अतिरिक्त जीडीपी तक पहुंच बनी है। गोयल ने कहा कि आज भारत 70 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए तरजीही बाजार पहुंच के दरवाजे खोल रहा है। हम कम से कम आठ या नौ अन्य देशों के समूहों या देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं, जिससे 15 हजार अरब डॉलर और जुड़ेंगे। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने टोक्यो में अपने कार्यक्रमों की शुरुआत सुमितोमो कॉर्पोरेशन के प्रेसिडेंट और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शिंगो उएनो के साथ एक बेहतरीन बैठक से की। इस दौरान एनर्जी ट्रांसफॉर्मेशन, मोबिलिटी और इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्रों में भारत के साथ कंपनी के जुड़ाव को और गहरा करने के अवसरों पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने टोक्यो इलेक्ट्रॉन लिमिटेड के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जिसका नेतृत्व कॉर्पोरेट ऑफिसर और एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट (ग्लोबल सेल्स डिवीजन और इंडिया बिजनेस) ताकेशी ओकुबो कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने मेइजी सेइका फार्मा कंपनी लिमिटेड के प्रेसिडेंट और रिप्रेजेंटेटिव डायरेक्टर, मिस्टर तोशियाकी नागासातो से मुलाकात की। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री जापान के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। गोयल दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 200 से अधिक प्रतिनिधियों वाले एक बड़े कारोबारी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं।

## पेज एक के शेष

**वेटलैंड संरक्षण को मिलेगी नयी दिशा : हेमन्त...**

बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य के पारिस्थितिक तंत्र को मजबूत करना और जल संकट से निपटने के लिए प्राकृतिक जल निकायों का जीर्णोद्धार करना है।

बैठक में झारखंड राज्य आद्रभूमि प्राधिकरण के प्रभावी संचालन से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इनमें टेंडर एवं प्रोक्योरमेंट डॉक्यूमेंट की स्क्रीनिंग तथा टेंडर अनुमोदन के लिए समिति के गठन का प्रस्ताव के अतिरिक्त तकनीकी समिति के गठन तथा जनता से प्राप्त शिकायतों की सुनवाई कर, उन्हें अनुशंसा के साथ राज्य आद्रभूमि प्राधिकरण के समक्ष अंतिम निर्णय के लिए अग्रसारित करने संबंधी समिति के गठन पर भी चर्चा हुई। वहीं, प्राधिकरण के कार्यालय के संचालन के लिए आवश्यक राशि का प्रावधान, पर्याप्त बजट एवं मानव संसाधन की उपलब्धता तथा आद्रभूमि संरक्षण एवं प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित प्रस्तावों पर भी विस्तार से विमर्श किया गया।

बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक-सह-वन बल प्रमुख संजीव कुमार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी पी., राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव चंद्रशेखर, वित्त विभाग के सचिव श्री प्रशांत कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव मनोज कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव मुकेश कुमार, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के सदस्य सचिव-सह-विशेष सचिव सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग राजीव लोचन बक्शी, पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ रवि रंजन, सीसीएफ वाइल्डलाइफ-सह- सदस्य सचिव झारखंड राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण एस. आर. नटेश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**मानव एवं वन्यजीव संघर्ष को समाप्त करने का इफेक्टिव प्लान तैयार करें : मुख्यमंत्री...**

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि पौधरोपण के बाद उसकी नियमित निगरानी एवं संरक्षण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित हो, ताकि लगाये गये पौधे वृक्ष का रूप ले सकें और कैंपा के उद्देश्य वास्तविक रूप से धरातल पर साकार हों। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वानरोपण कार्यक्रम में वैसे पौधों का उपयोग करें जो मानव तथा वन्य जीव दोनों के लिए कारगर सिद्ध हो। उन्होंने वनरोपण के दौरान औषधीय वृक्षों के पौधे लगाये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने मृदा-सह-जल संरक्षण पर विशेष बल दिये जाने की बात कही।

**राज्य के भीतर सभी हाथी कॉरिडोर की सूक्ष्मता के साथ हो मैपिंग**

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य के भीतर सभी हाथी कॉरिडोर की सूक्ष्मता के साथ मैपिंग करायी जाये। यह सुनिश्चित हो कि हाथियों और अन्य वन्यजीवों के आवागमन में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो और उनके पारम्परिक कॉरिडोर किसी भी स्थिति में बाधित न हों। कॉरिडोर में आ रहीं समस्याओं और संवेदनशील क्षेत्रों की विस्तृत मैपिंग करते हुए आवश्यकतानुसार एरिया डिमार्केशन किया जाये तथा वन्यजीवों के आवास एवं आवागमन वाले क्षेत्रों को अनावश्यक रूप से डिस्टर्ब न किया जाये। मुख्यमंत्री ने वन क्षेत्रों में जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन से जुड़े कार्यों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों और ग्रामीण जरूरतों के अनुरूप योजनाओं का चयन किया जाये। उन्होंने सम्बन्धित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने को कहा।

**विकास कार्यों एवं वन्यजीव संरक्षण के बीच संतुलन कायम करते हुए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाये**

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में क्रशर संचालन, जंगल क्षेत्रों में कोयला मिलने तथा उत्खनन जैसी गतिविधियों के कारण वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास और आवागमन प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में विकास कार्यों और वन्यजीव संरक्षण के बीच संतुलन कायम करते हुए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि हाथी कॉरिडोर वाले क्षेत्रों में यदि सड़क निर्माण आवश्यक हो, तो एलिवेटेड रोड जैसी तकनीक का उपयोग किया जाये, ताकि हाथियों एवं अन्य वन्यजीवों के आवागमन में बाधा न आये। साथ ही, वन्यजीवों के लिए पसंदीदा एवं उपयोगी खाद्य प्रजातियों के पौधों का अधिकाधिक रोपण कराया जाये, ताकि उन्हें उनके प्राकृतिक आवास में पर्याप्त भोजन उपलब्ध हो और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की समृद्ध प्राकृतिक विरासत और वन सम्पदा आनेवालीं पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर है। इसके संरक्षण के साथ विकास के बीच संतुलन कायम करना सरकार की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कैंपा के तहत संचालित एवं प्रस्तावित योजनाओं की अद्यतन स्थिति, उपलब्ध राशि, व्यय, कार्यों की गुणवत्ता तथा जमीनी प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाये और जहां भी कार्यों में अनावश्यक विलम्ब हो रहा हो, वहां जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

**वन विभाग कर रहा आधुनिक तकनीक का उपयोग**

**बैठक** में वन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि मानव एवं वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए वन विभाग द्वारा आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। विशेषकर, हाथियों के आवागमन और उनके सम्भावित हमले से बचाव के लिए रामगढ़, बोकारो और चाकुलिया सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में थर्मल बेस एवं इंफ्रारेड कैमरे स्थापित किये जा रहे हैं। इन कैमरों के माध्यम से हाथियों की गतिविधियों और आवागमन की पूर्व जानकारी प्राप्त हो सकेगी। टावर पर लगे कैमरों से हाथियों की मौजूदगी का पता चलते ही हूटर के माध्यम से स्थानीय स्तर पर अलर्ट जारी किया जायेगा। साथ ही, संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले स्थानीय लोगों के मोबाइल नम्बर रजिस्टर किए जा रहे हैं, ताकि हाथियों की गतिविधि की जानकारी उन्हें रियल टाइम मैसेज के माध्यम से तत्काल मिल सके। इसकी ऑनलाइन सूचना संबंधित विभागीय कार्यालय को भी प्राप्त होगी, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। विभागीय अधिकारियों ने पीपीटी प्रजेन्टेशन के माध्यम से इस तकनीकी पहल की कार्यप्रणाली, निगरानी व्यवस्था और सम्भावित लाभों की विस्तृत जानकारी मुख्यमंत्री को दी। यह पहल मानव जीवन की सुरक्षा के साथ-साथ हाथियों एवं अन्य वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम साबित होगी।

बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक-सह-वन बल प्रमुख संजीव कुमार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी पी., अनु. जनजाति, अनु. जाति कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव चंद्रशेखर, वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव मनोज कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव मुकेश कुमार, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के सदस्य सचिव-सह-विशेष सचिव सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग राजीव लोचन बक्शी, पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ रवि रंजन, सीसीएफ वाइल्डलाइफ एस. आर. नटेश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**एसीएफ-एफआरओ 2024 नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने के आदेश पर रोक से हाई कोर्ट का इनकार...**

मामले की अगली सुनवाई के लिए 24 सितम्बर की तिथि निर्धारित की गयी है। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता रोहितश्य रॉय ने पक्ष रखा।

उल्लेखनीय है कि अपराध जांच विभाग (सीआईडी) की जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर राज्य सरकार ने 18 अगस्त की देर रात उन सभी परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की थी, जिनमें टीडीपीएल शामिल रहा था। इसके साथ ही वर्ष 2014 से आयोजित सभी नियुक्ति परीक्षाओं में सम्भावित अनियमितताओं की जांच कराने की भी घोषणा की गयी थी। इन घोषणाओं के बाद कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने परीक्षाएं रद्द करने, परीक्षा प्रक्रिया स्थगित करने और जांच कराने से सम्बन्धित अधिसूचना जारी की। अधिसूचना में 22 परीक्षाओं को रद्द करने, छह परीक्षाओं की प्रक्रिया स्थगित करने और 17 परीक्षाओं को जांच के दायरे में शामिल करने का उल्लेख किया गया है।

मामले की अगली सुनवाई 24 सितम्बर को होगी, जिसमें राज्य सरकार का जवाब महत्त्वपूर्ण होगा।

**40 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी...**

में हैं, यानी वे न तो पढ़ाई कर रहे हैं, न ही रोजगार में हैं और न ही कोई प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह आंकड़ा वर्ष 2021 में आयोजित राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 78वें दौर पर आधारित है।

रिपोर्ट में कहा गया कि कम आय वाले परिवारों के छात्र पहले से ही कॉलेज फीस और ट्यूशन खर्चों से परेशान रहते हैं, जिससे अतिरिक्त कौशल प्रशिक्षण लेना उनके लिए सम्भव नहीं होता। इसके चलते कई स्नातक कम वेतन वाली स्थिर नौकरी चुन लेते हैं, जबकि अन्य सही अवसर न मिलने के कारण रोजगार की मुख्यधारा से बाहर हो जाते हैं। भारत में केवल 8.25 प्रतिशत स्नातक ही अपनी शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप भूमिकाओं में कार्यरत हैं। व्यावहारिक शिक्षा और उद्योग-अनुकूल प्रशिक्षण की कमी के कारण युवाओं की रोजगार क्षमता सीमित हो जाती है।

आयोग ने सुझाव दिया है कि नीट युवाओं और महिलाओं को सब्सिडी वाले प्रशिक्षण विकल्प और विशेष वित्तीय सहायता दी जाये। रिपोर्ट में बताया गया कि वर्ष 2014-15 से अब तक 7.67 करोड़ से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। विकसित भारत@2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए नागरिकों को निरन्तर सीखने और कमाने के अवसर देना अनिवार्य है।

**मोदी के लिए रक्षा का बड़ा तोहफा!...**

अपग्रेड किया जायेगा। इस डील की खास बात यह होगी कि इसमें न केवल विमानों को अपग्रेड किया जायेगा, बल्कि उन्हें भारत में ही बनाने और पूरी तकनीक ट्रांसफर करने का प्रस्ताव शामिल है। इन विमानों के इंजन, हथियार और आंतरिक तकनीक को पूरी तरह से उन्नत किया जायेगा। नासिक में एचएएल की यूनिट का रूस के विशेषज्ञों का दल पहले ही दौरा कर चुका है। 63,000 करोड़ रुपये की लागत से 84 सुखोई-30 जेट्स को पहले से ही सुपर सुखोई में बदलने का काम चल रहा है, उस इस दौरे से और गति मिलेगी।

इस दौरे का सबसे बड़ा गेम चेंजर रूस के पांचवीं पीढ़ी के सबसे खतरनाक स्टेल्थ फाइटर सुखोई-57 की पेशकश हो सकती है। भारत के लिए यह विमान बेहद जरूरी है, क्योंकि चीन अपना स्टेल्थ फाइटर पहले ही तैनात कर चुका है और पाकिस्तान को भी ऐसी तकनीक दे रहा है। दूसरी ओर, भारत का अपना पांचवीं पीढ़ी का फाइटर जेट एएमसीए साल 2032 तक ही तैयार हो पायेगा। इसके बाद देश की सुरक्षा को मजबूत रखना बेहद आवश्यक है। 2018 में भारत इस प्रोजेक्ट से अलग हो गया था, लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। सुखोई-57 फाइटर जेट रफ्तार के मामले में अमेरिका के एफ-35ए से 25 प्रतिशत ज्यादा तेज है। पुतिन का यह दौरा भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूती देगा और एशियाई राजनीति का पूरा नक्शा बदल सकता है, जिससे अमेरिका और चीन जैसी महाशक्तियों की चिंता स्वाभाविक है।

# अंतिम सोमवारी पर देवघर-बासुकीनाथ में उमड़ा आस्था का सैलाब, 52 लाख से अधिक श्रद्धालु कर चुके जलाभिषेक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**देवघर :** सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर और बाबा बासुकीनाथ धाम, दुमका में सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बाबा बैद्यनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में लंबी कतारें लगी रहीं। भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा तथा भीड़ प्रबंधन के व्यापक इंतजाम किये हैं।
भगवान बैद्यनाथ मंदिर के सरदार पंडा गुलाब नंद झा ने कहा कि सावन का महीना भगवान भोलेनाथ के लिए विशेष महत्त्व रखता है। सावन की सोमवारी को बाबा पर जल, बेलपत्र और सच्ची आस्था के साथ जलाभिषेक करने की धार्मिक मान्यता है। इसी आस्था के कारण अंतिम सोमवारी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा धाम पहुंचे हैं।
देवघर के उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने बताया कि पिछली सोमवारी की तुलना में इस बार श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक है। प्रशासन की ओर से सभी महत्त्वपूर्ण स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं।
पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने बताया कि रात से ही पुलिसकर्मी और पदाधिकारी श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से मंदिर में प्रवेश कराने में जुटे हैं। भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है।



**सुबह 4.30 बजे खुला मंदिर का पट**

**अंतिम** सोमवारी को बाबा बैद्यनाथ मंदिर का पट सुबह 4.30 बजे खोला गया। पट खुलते ही हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के शिवलिंग पर जलार्पण शुरू कर दिया। श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से मंदिर तक पहुंचाने के लिए प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्था की गयी है।
अंतिम सोमवारी के अवसर पर राज्य की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा भी देवघर पहुंचीं और बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण भी किया।

**बासुकीनाथ में भी उमड़ी भीड़**

**सावन** की अंतिम सोमवारी पर दुमका जिले के प्रसिद्ध फौजदारी दरबार बाबा बासुकीनाथ धाम में भी जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बोल बम कांवरियों के साथ भागलपुर के बरारी घाट से गंगाजल लेकर हंसडीहा के रास्ते पहुंचने वाले बड़ी संख्या में डाकबम श्रद्धालु भी बाबा बासुकीनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं।
सम्भावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन पहले से ही पूरी तरह चौकस है। मंदिर के प्रवेश एवं निकास द्वार तथा मेला क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है।
बासुकीनाथ मंदिर का पट सुबह तीन बजे खोला गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से मंदिर में प्रवेश कराया गया और अरघा के माध्यम से जलाभिषेक कराया गया। हंसडीहा के रास्ते पहुंचने वाले डाकबम श्रद्धालुओं को टोकन देकर पेड़ा गली द्वार से सीधे मंदिर में प्रवेश कराया जा रहा है।
झारखंड सहित अन्य राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं में बाबा बासुकीनाथ के दर्शन को लेकर खासा उत्साह देखा गया। यहां भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं।
जिला प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, बाबा बैद्यनाथ धाम में अब तक 52 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा पर जल चढ़ा चुके हैं।

## एक झलक

### ईरान पर अमेरिकी आर्थिक दबाव बढ़ेगा : ट्रम्प

**वॉशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की बिगड़ती आर्थिक स्थिति को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा है कि देश 'पूरी तरह ढह रहा है।' ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका ईरान पर आर्थिक दबाव और बढ़ाने के लिए नए प्रतिबंधों की घोषणा करने की तैयारी में है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर संक्षिप्त संदेश में ईरान की स्थिति को लेकर यह टिप्पणी की। इसी बीच ईरानी मुद्रा रियाल अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है, जिससे देश की आर्थिक चुनौतियां और गहरा गई हैं।

### कचरे का पहाड़ धंसा, 30 की मौत

**कोनाक्री :** गिनी की राजधानी कोनाक्री में शहर के सबसे बड़े लैंडफिल में कचरे का पहाड़ धंस गया। हादसे में 30 लोगों की मौत हुई है। लैंडफिल ऐसी जगह होती है, जहां शहर का कचरा इकट्ठा यानी डंप किया जाता है।
अधिकारियों ने बताया कि रविवार देर रात करीब 2 बजे शुरू हुई भारी बारिश के बाद कचरे के ऊपर से पानी बहा। इससे लैंडस्लाइड हुई और पास की झोपडि?ां मलबे में दब गईं। हादसे में छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं और कई घर तबाह हो गए। मलबे में दबे लोगों को खोजने के लिए सर्च और रेस्क्यू अभियान जारी है। यह हादसा दार एस सलाम के खुले कचरे के डंप में हुआ, जो कोनाक्री का सबसे बड़ा लैंडफिल है। सैन्य इंजीनियरिंग बटालियन के सफाई अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल बाल्ड मामादो बैलो के मुताबिक, इस जगह को रविवार को बंद किया जाना था।

### यूक्रेन को ब्रिटेन देगा सीक्रेट मिसाइल तकनीक

**कीव :** रूस के खिलाफ जारी युद्ध के बीच ब्रिटेन ने यूक्रेन को अपनी गोपनीय मिसाइल तकनीक देने का ऐलान किया है। इस तकनीक की मदद से यूक्रेन में ही लंबी दूरी की एससीएएलपी क्रूज मिसाइल का उत्पादन शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। ब्रिटेन में इसी मिसाइल को स्टॉर्म शैडो के नाम से जाना जाता है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम सोमवार को अपनी पहली विदेश यात्रा पर यूक्रेन पहुंचे। उन्होंने कीव में राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। इसी दौरान ब्रिटेन की ओर से मिसाइल तकनीक साझा करने की घोषणा की गई। फ्रांस और यूक्रेन की योजना इस साल के अंत तक यूक्रेन में एससीएएलपी के लिए उत्पादन लाइन शुरू करने की है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य पर बढ़ी कूटनीतिक हलचल

**तेहरान :** ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र अल-बुसैदी आगामी 25 अगस्त को ईरान की राजधानी तेहरान का दौरा करेंगे। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। इस दौरान अल-बुसैदी अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अरागची के साथ द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर बातचीत करेंगे। बांग्लादेश की सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस न्यूज और ईरान की समाचार एजेंसी तसनीम न्यूज ने ईरानी विदेश मंत्रालय के हवाले से बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना और नियमित राजनीतिक संवाद को आगे बढ़ाना है।

# अधिकतम लोगों तक पहुंचायें योजनाओं का लाभ : शिवराज

**एजेंसी**

**रायसेन :** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों से कहा कि बैठक का उद्देश्य केवल योजनाओं की समीक्षा करना नहीं है, बल्कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर अधिकतम नागरिकों तक लाभ पहुंचाना है। योजनाओं तथा विकास कार्यों का लाभ जिले के प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचना चाहिए।
केन्द्रीय मंत्री चौहान सोमवार को मध्य प्रदेश के रायसेन में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी (दिशा) समिति की बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की विभागवार समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने, योजनाओं की नियमित निगरानी करने और लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए।
केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए बनाए गए कृषि रोड मैप पर चर्चा करते हुए कहा कि अधिक से अधिक किसानों को उद्यानिकी और नकदी फसलों की खेती के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसान मेले, संगोष्ठियों का आयोजन किया जाकर प्रगतिशील किसानों, वैज्ञानिकों का किसानों से संवाद कराएं और उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी जाए। इसका समुचित प्रचार-प्रसार भी कराएं। जिले में महिलाओं को रोजगार से जोड़ने, उनकी आय में वृद्धि के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।
बैठक में आईसीआर के राजवीर ने वर्चुअली जानकारी दी कि बताया कि कृषि रोड मैप अंतर्गत एफपीओ, स्व-सहायता समूहों, किसानों को उन्नत कृषि संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें फल, सब्जी, दलहन, तिलहन, गेहूं, चावल आदि की उन्नत खेती की जानकारी के साथ ही उन्नत बीज भी उपलब्ध कराए जाएंगे।
केन्द्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास प्लस 2024-25 की समीक्षा करते हुए कहा कि हितग्राहियों को आवास के लिए सीमेन्ट, रेत, ईट आदि सामग्री एक ही जगह पर उपलब्ध होने से हितग्राहियों को सुविधा होगी। इस पर विचार किया जाए। साथ ही हितग्राही राशि का उपयोग आवास निर्माण में ही करें, इसके लिए मॉनीटरिंग भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि पात्र परिवार योजना के लाभ से छूटे नहीं! यदि पात्र परिवार योजना के लाभ से शेष रह गए हैं तो उन्हें भी सूची में शामिल किया जाए।
उन्होंने वीबी-जी राम-जी योजना के क्रियान्वयन की भी विकासखण्डवार जानकारी लेते हुए सभी पात्र ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कहा। बैठक में जानकारी दी गई कि सभी विकासखण्डों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संरपचों के साथ प्रशिक्षण पूर्ण हो गया है।




### शासकीय कन्या महाविद्यालय में हेल्प डेस्क का किया शुभारम्भ

**केन्द्रीय** कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को रायसेन में शासकीय कन्या महाविद्यालय में अजीम प्रेजमी स्कॉलरशिप योजना के तहत छात्राओं को फार्म भरने में सुविधा के लिए हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने स्वयं छात्रा दीक्षा का अजीम प्रेजमी स्कॉलरशिप योजना के तहत आवेदन करने की प्रकिया पूर्ण कराई। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में उपस्थित छात्राओं तथा वीसी के माध्यम जिले के सभी शासकीय महाविद्यालयों की छात्राओं से योजना की जानकारी साझा करते हुए पात्र छात्राओं को समय पर आवेदन करने के लिए प्रेरित किया।

# महाराष्ट्र में अमरावती के अस्पताल की एनआईसीयू में आग, 03 नवजातों की मौत

**एजेंसी**

**अमरावती :** महाराष्ट्र के अमरावती जिला महिला अस्पताल की नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) में सोमवार तड़के भीषण आग लगने से तीन नवजात शिशुओं की मौत हो गई। हादसे के वक्त एनआईसीयू में करीब 39 नवजातों का इलाज चल रहा था। छह बच्चों को बेहतर इलाज के लिए सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल में शिफ्ट किया गया है।
जानकारी के अनुसार, आग सुबह करीब 3:30 बजे अस्पताल की तीसरी मंजिल पर लगी। शुरूआती जानकारी में सामने आया है कि अमरावती जिला महिला अस्पताल के स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में 39 नवजात शिशु भर्ती थे। किसी बच्चे का जन्म कुछ घंटे पहले तो किसी का एक या दो दिन पहले ही हुआ था। उनकी हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एनआईसी में रखा गया था। एक वेंटिलेटर में अचानक धमाका हुआ, जिसके बाद आग भड़क उठी और एनआईसीयू में धुआं फैल गया। आग लगने की सूचना मिलते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर, नर्स और अस्पताल के अन्य कर्मचारी तुरंत हरकत में आ गए। कर्मचारियों ने एनआईसीयू में मौजूद नवजातों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कई बच्चों को समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।
हालांकि, इस दौरान तीन नवजातों की जान नहीं बचाई जा सकी। छह बच्चों को उनकी हालत को देखते हुए सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल में आगे के इलाज के लिए भेजा गया।



### जांच के लिए सात सदस्यीय समिति गठित

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि अमरावती के जिला महिला अस्पताल में लगी आग मामले की जांच के लिए सात सदस्यीय समिति गठित की गई है। इस समिति को जांच के लिए एक सप्ताह दिन का समय दिया गया है। जांच समिति की रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए गए लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पीडित परिवारों को पांच लाख रुपये मदद की घोषणा की है।

## आम्रपाली दुबे के फॉलोअर्स की संख्या 60 लाख पर पहुंची

**मुंबई :** सोशल मीडिया पर भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे के फॉलोअर्स की संख्या 60 लाख पहुंच गई है। इस उपलब्धि के लिए अपने प्रशंसकों का आभार जताते हुए अभिनेत्री ने एक वीडियो साझा किया। पोस्ट किए गए वीडियो में आम्रपाली दुबे 'तितली शहर' गाने पर शानदार अंदाज में लिपसिंक और एक्सप्रेशन देती नजर आईं। उन्होंने अपने प्रशंसकों के प्यार और लगातार मिल रहे समर्थन के लिए तहे दिल से धन्यवाद कहा। आम्रपाली दुबे फिल्मों के साथ सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती हैं। उनके वीडियो और तस्वीरें अक्सर प्रशंसकों के बीच चर्चा का विषय बनते हैं।



## गगनयान की पहली मानव रहित उड़ान अगले 04 माह में

**अहमदाबाद :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने घोषणा की है कि भारत का महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन अपनी पहली मानव रहित उड़ान अगले चार माह के भीतर पूरी कर लेगा। अहमदाबाद में स्पेस डे कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि यह साल इसरो के लिए बेहद व्यस्त रहने वाला है, जिसमें 8 लांच व्हीकल मिशन और 12 नए उपग्रह तैयार करने की योजना है। 1963 में साउंडिंग रॉकेट को साइकिल पर ले जाने की ऐतिहासिक तस्वीर से आज मानव अंतरिक्ष मिशन की दहलीज पर खड़ा भारत, इस शुरूआती उड़ान के साथ अपनी असाधारण अंतरिक्ष प्रगति को और आगे बढ़ाएगा।

# सीजेपी ने देशव्यापी आन्दोलन का किया आह्वान



05 सितम्बर को इंडिया गेट से शुरू होगा मार्च

### सुप्रीम कोर्ट ने मांगी थी एफआईआर की पूरी सूची

**सीजेपी** ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 18 अगस्त को केंद्र से छात्रों और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर की लिस्ट मांगी थी। पार्टी का दावा है कि कोर्ट अनुच्छेद 142 के तहत इन मामलों को रद्द करने पर विचार कर सकता था। सीजेपी का आरोप है कि केंद्र ने एफआईआर की सूची देने की स्पष्ट प्रतिबद्धता नहीं जताई। पार्टी ने इसे आंदोलन खत्म कराने से पहले किए गए वादों से पीछे हटने का संकेत बताया।

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने पांच सितंबर 2026 को नई दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन मार्च का एलान किया है। संगठन के मुताबिक मार्च इंडिया गेट से शुरू होकर नई दिल्ली पुलिस मुख्यालय तक जाएगा। सीजेपी का आरोप है कि 25 जुलाई को युवाओं से किए गए आश्वासनों के बाद देशभर में चल रहा युवा आंदोलन भरोसे के आधार पर वापस लिया गया था, लेकिन एक महीने बाद भी सरकार की ओर से ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। संगठन का कहना है कि इसी वजह से युवाओं को दोबारा लोकतांत्रिक तरीके से सडक पर उतरना पड़ रहा है।
सीजेपी के राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में 25 जुलाई को किए गए कथित वादों की प्रगति की समीक्षा की गई। संगठन का दावा है कि केंद्र सरकार और भाजपा तथा राजग शासित राज्यों ने युवाओं को जो भरोसा दिया था, उसे पूरा करने की दिशा में पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए। सीजेपी ने आरोप लगाया कि सरकार कार्रवाई में देरी कर रही है और तकनीकी कारणों का सहारा लेकर स्पष्ट जवाब देने से बच रही है।